MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MINISO
Please visit store nearest to you at these locations :
IRRUMMANZIL (L&T MALL)
MOOSARAMBAGH (L&T MALL)
KOMPALLY (TNR PLAZA)

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2026-28 । मंगलवार, 31 मार्च, 2026 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-8 । अंक-87

# 21 युद्धपोतों ने घेरा

## ईरान पर अंतिम प्रहार को तैयार ट्रंप का डायलॉग वार

**नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)।**

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने ईरान को चारों तरफ से घेरने की रणनीति तेज कर दी है। 21 युद्धपोत, हजारों मरीन कमांडो और फाइनल ब्लो की तैयारी ने जमीनी जंग की आशंका को मजबूत कर दिया है। होर्मुज़ स्ट्रेट से लेकर खार्ग द्वीप तक अब हर मोर्चे पर बड़ा टकराव संभव दिख रहा है।



इस बीच ट्रंप ने ईरान को अल्टीमेटम दे दिया है। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर ईरान जल्द ही कोई समझौता नहीं करता और होर्मुज स्ट्रेट को नहीं खोलता तो फिर उसके पावर प्लांट, तेल के कुएं और खार्ग द्वीप को बम से उड़ाकर पूरी तरह तबाह कर देंगे।

इस पूरे युद्ध क्षेत्र में अमेरिका के भारी युद्धपोत, डेस्ट्रॉयर और एयरक्राफ्ट कैरियर ईरान की घेराबंदी करके खड़े हैं। इनमें से 10 युद्धपोत अकेले अरब सागर में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ के पास तैनात हैं, जबकि 3 युद्धपोत पर्शियन गल्फ में खार्ग द्वीप के करीब मौजूद हैं। इन सभी युद्धपोतों में असॉल्ट शिप भी शामिल है।इस असॉल्ट शिप का नाम यूएसएस ट्रिपोली है। इसे एम्फीबियस असॉल्ट शिप कहा जाता है। इसका इस्तेमाल जमीनी हमलों के लिए किया जाता है। यह युद्धपोत 27 मार्च को अरब सागर में पहुंचा है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक इसमें 3500 मरीन कमांडो हैं। मरीन कमांडो किसी देश के तट पर उतरकर हमला करते हैं। इसके बाद वहां पर कब्जा कर लेते हैं। अब तक इस युद्ध में अमेरिका ने मरीन को तैनात नहीं किया था, लेकिन अब उनकी मौजूदगी जमीनी हमले के संकेत दे रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका अब फाइनल ब्लो यानी अंतिम प्रहार की तैयारी में है। इस मिशन के तीन बड़े टारगेट बताए जा रहे हैं।

**अंतिम प्रहार और तीन बड़े टारगेट**

अमेरिका का पहला टारगेट ईरान का 440 किलोग्राम यूरेनियम है, जिसे 60 प्रतिशत तक समृद्ध किया जा चुका है। रणनीति के तहत अमेरिका 5 से 10 हजार सैनिकों को ईरान की न्यूक्लियर साइट पर उतार सकता है। इन सैनिकों को वहां तैनात ईरानी सैन्य बलों से लड़ना होगा। यूरेनियम को लेकर विमान से बाहर जाना होगा।

अमेरिका और इजरायल के लिए यह मिशन आसान नहीं होगा। इसमें तीन बड़े खतरे बताए जा रहे हैं। पहला, ईरान की न्यूक्लियर साइट पर अमेरिकी सैनिकों से दो से तीन गुना ज्यादा जवान मौजूद हो सकते हैं और सरप्राइज अटैक का खतरा भी रहेगा। दूसरा, ईरान अमेरिकी सैनिकों को बंधक बना सकता है। इस वजह से अमेरिका की स्थिति बेहद कमजोर हो सकती है। तीसरा, इस ऑपरेशन के दौरान न्यूक्लियर रेडिएशन लीक का खतरा है, जो बड़े पैमाने पर तबाही मचा सकता है। अमेरिका का दूसरा बड़ा टारगेट है स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, जहां से दुनिया का करीब 20 प्रतिशत कच्चा तेल जहाजों के जरिए गुजरता है।यदि अमेरिका इसे अपने नियंत्रण में लेने की कोशिश करता है, तो पहले युद्धपोतों के जरिए समुद्र में बिछाई गई माइन हटाई जाएंगी। इसके बाद यूएसएस ट्रिपोली ईरान के तट पर पहुंचेगा और हजारों मरीन कमांडो वहां उतरकर ऑपरेशन चलाएंगे। लेकिन यह रास्ता आसान नहीं है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ के पास ईरान के 7 प्रमुख द्वीप हैं।

**ईरान में जमीनी युद्ध का गणित**

इन द्वीपों पर ईरान की नेवी का मजबूत नियंत्रण है। इनमें केशम द्वीप सबसे अहम माना जाता है। यहां अंडरग्राउंड मिसाइल बंकर, हजारों स्पीड बोट और बड़ी संख्या में सैनिक तैनात हैं। इसके अलावा लार्क, होर्मुज, हेंगम और अबू मूसा द्वीप भी रणनीतिक रूप से बेहद अहम हैं। ईरान के पास करीब 10 लाख सैनिक हैं।

पूरे मिडिल ईस्ट में अमेरिका के पास सिर्फ 50 हजार जवान मौजूद हैं। युद्ध का गणित कहता है कि इतने कम सैनिकों के साथ इतने बड़े देश में जमीनी युद्ध संभव नहीं है। इसके लिए कम से कम 3 लाख सैनिकों की जरूरत होगी। साल 2003 के इराक युद्ध और गाजा में इजरायल के ऑपरेशन का उदाहरण ▶10पर

# परमाणु हमले का प्लान!

## सं.रा. डिप्लोमैट ने खुलासे के बाद दिया इस्तीफा


मोहम्मद सफा

**न्यूयोर्क, 30 मार्च (एजेंसियां)।**

ईरान के साथ अमेरिका और इजरायल की जंग को महीने भर हो गया है। जंग किसी अंजाम पर पहुंचने की बजाय खतरनाक मोड़ पर जाती दिख रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि अगर वह समझौता नहीं करता है तो उसके खार्ग द्वीप और तेल के कुँओं को बम से उड़ा दिया जाएगा। इस बीच संयुक्त राष्ट्र में एक डिप्लोमैट ने अपने पद से इस्तीफा देते हुए ईरान में परमाणु हथियारों के संभावित इस्तेमाल होने का आरोप लगाया है। मोहम्मद सफा ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट के जरिए अपने इस्तीफे का ऐलान किया है।

मोहम्मद सफा संयुक्त राष्ट्र में पैट्रियॉटिक विजन के मुख्य प्रतिनिधि के तौर पर काम कर रहे थे। पैट्रियॉटिक विजन एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है। सफा 2013 से ही इस संगठन के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर थे। 2016 में पैट्रियॉटिक विजन ने उन्हें संयुक्त राष्ट्र में अपना स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया था। सफा ने अपनी पोस्ट में इस्तीफे का ऐलान करते हुए ईरान में परमाणु हथियारों के संभावित इस्तेमाल से जुड़े हालात की तैयारी करने का आरोप लगाया है। एक्स पर अपनी पोस्ट में उन्होंने एक पत्र भी साझा किया है और कहा कि उन्होंने काफी सोच-विचार के बाद इस्तीफा देने का फैसला लिया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि संयुक्त राष्ट्र के कुछ वरिष्ठ अधिकारी एक ताकतवर लॉबी के इशारे पर काम कर रहे हैं। इस बीच ट्रंप ने ईरान को अल्टीमेटम दे दिया है। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर ईरान जल्द ही कोई समझौता नहीं करता और होर्मुज स्ट्रेट को नहीं खोलता तो फिर उसके पावर प्लांट, तेल के कुएं और खार्ग ▶10पर

# कैग रिपोर्ट ने खोली पोल

## एसपीएस में वित्तीय संकट, शासन में कमियां- कामकाज में अनियमितताएं

**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने तेलंगाना राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (एसपीएसई) में भारी वित्तीय संकट, शासन में कमियों और कामकाज में अनियमितताओं को उजागर किया है।

यह जानकारी मार्च 2023 को समाप्त अवधि के लिए तैयार अपनी नवीनतम अंकेक्षण रिपोर्ट में दी गई है, जिसे सोमवार को राज्य विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च 2023 तक तेलंगाना में कुल 83 एसपीएसई थे, जिनमें 77 सरकारी कंपनियाँ शामिल थीं। इनमें से 16 संस्थाएँ या तो बंद हो चुकी थीं या फिर परिसमापन की प्रक्रिया में थीं। रिपोर्ट में बताया गया है कि 67 कार्यरत उद्यमों में से 49 (73 प्रतिशत) ने तीन या उससे अधिक वर्षों से अपने खातों को अंतिम रूप नहीं दिया था, जिससे पारदर्शिता और वित्तीय निगरानी को लेकर चिंताएँ बढ़ गई हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक18 एसपीएसई की जांच की गयी जिनमें से छह ने 3,857.48 करोड़ रुपये का मुनाफ़ा कमाया, जबकि 11 को 11,969.66 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। रिपोर्ट में बताया गया है कि नौ उद्यमों की कुल सम्पत्ति तरह खत्म हो गई, और 17,921.33 करोड़ रुपये के इक्विटी निवेश के मुकाबले यह 50,930.63 करोड़ रुपये ऋणात्मक हो गई। अंकेक्षण में निगम से संबंधित शासन प्रणाली में कई कमियां भी सामने आईं, क्योंकि कई उद्यम स्वतंत्र निदेशक नियुक्त करने में नाकाम रहे, उन्होंने अंकेक्षण समितियां या नामांकन और पारिश्रमिक समितियां नहीं बनाईं, और उन्होंने प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों की नियुक्ति सुनिश्चित नहीं की। बोर्ड की बैठकें आयोजित करने में भी देरी देखी गई।

राज्य के स्वामित्व वाली सिंगारेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल ) के विषय-विशिष्ट अनुपालन अंकेक्षण से ओवरबर्डन हटाने, कोयला परिवहन और स्टॉइंग अनुबंधों में अक्षमताएं सामने आईं। रिपोर्ट में कहा गया है कि डीजल की खपत के अवास्तविक मानदंडों के कारण बड़े पैमाने पर उल्लंघन हुआ, जबकि भारी अर्थ-मूविंग मशीनरी के लिए उच्च दरों और अनुबंधों में पर्याप्त सुरक्षा उपायों की कमी के कारण 251.05 करोड़ रुपये का ऐसा खर्च हुआ जिसे टाला जा सकता था। ▶10पर

### गरीबों की भूख से मुनाफा कमाना एक गंभीर अपराध

# खाद्य मिलावट पर सख्त रेवंत

**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सोमवार को कहा कि वह पूरे देश से बेहतरीन तरीकों को अपनाकर और एक मज़बूत कानूनी ढांचा बनाकर खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए एक सख्त व्यवस्था लागू करने की योजना बना रहे हैं तथा इस काम के लिए उन्होंने ईगल और हाइड्रा जैसी पहलों से प्रेरणा ली है।



काउंसिल परिसर में संवाददाताओं से अनौपचारिक बातचीत के दौरान श्री रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार की फाइन राइस स्कीम से किसानों और गरीबों को काफी राहत मिली है। इससे लगभग 86 प्रतिशत आबादी को फायदा हुआ है। अन्य क्षेत्रों के विपरीत जहाँ उत्पादक ही अपनी चीज़ों की कीमतें तय करते हैं, किसानों को अक्सर यह मौका नहीं मिल पाता। बिचौलियों द्वारा शोषण का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी हरकतों से किसानों के हितों को नुकसान पहुँचता है।

उन्होंने किसानों की सुरक्षा के लिए मज़बूत नीतिगत हस्तक्षेप की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने ऐतिहासिक रूप से किसानों की सुरक्षा के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) जैसे तंत्र लागू किए हैं, और साथ ही ज़रूरी चीज़ों की जमाखोरी और कालाबाज़ारी को रोकने के लिए सख्त कानून भी बनाए हैं। उन्होंने कहा, गरीबों की भूख से मुनाफा कमाना एक गंभीर अपराध है। सब्सिडी वाले चावल के वितरण के इतिहास का ज़िक्र करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि एक रुपये प्रति किलो चावल योजना सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री विजयभास्कर रेड्डी के कार्यकाल में शुरू की गई थी और बाद में एन.टी. रामाराव ने इसे प्रभावी ढंग से विस्तार दिया, जिससे यह ज़्यादा लोगों तक पहुँच पाई। उन्होंने बताया कि लगभग चार दशकों तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली के ज़रिए केवल मोटा चावल ही बांटा जाता था, जिससे एक काला-बाज़ार नेटवर्क खड़ा हो गया था, जो उपभोक्ताओं की पसंद न होने के कारण मोटे चावल को महीन चावल में बदल देता था।

उन्होंने कहा, हमें एहसास हुआ कि मोटा चावल बांटना सिर्फ़ एक खर्च का काम है, जिससे गरीबों को कोई असली फ़ायदा नहीं हो रहा है। इस समस्या को हल करने के लिए, राज्य सरकार ने महीन चावल योजना शुरू की, ▶10पर

# मसूद के बड़े भाई की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**इस्लामाबाद, 30 मार्च (एजेंसियां)।**



आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर के बड़े भाई मोहम्मद ताहिर अनवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। भारतीय खुफिया एजेंसियों के सूत्रों ने भी अनवर की मौत की पुष्टि की है। हालांकि, मौत किन कारणों से हुई है, इसका खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है।

बताया जा रहा है कि मसूद अजहर का बड़ा भाई मोहम्मद ताहिर अनवर जैश में अहम भूमिका निभाता था। वह जैश की आतंकी गतिविधियों में भी सक्रिय था। फिलहाल इस घटना को लेकर सुरक्षा एजेंसियां भी अलर्ट पर हैं। सूत्रों ने बताया कि ताहिर अनवर को पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित जैश मुख्यालय में दफनाया जाएगा। बताया जा रहा है जहां अनवर की मौत हुई, वहां से ऑपरेशन सिंदूर के बाद 25 अक्टूबर 2025 को जैश की महिला विंग जमात-उन-मोमिनत शुरू हुई थी।

पाकिस्तान की सोशल मीडिया पर भी अनवर की मौत के मैसेज वायरल हो रहे हैं। जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आतंकियों की तरफ से एक मैसेज किया जा रहा है, जिसमें लिखा है, मौलाना मसूद अजहर के बड़े भाई हकीम मोहम्मद ताहिर अनवर का अल्लाह की मर्जी से इंतकाल हो गया है।

# नौसेना कर्मी का जघन्य कांड!

## डेटिंग ऐप से मिली युवती की हत्या कर शव के टुकड़े फ्रिज में छिपाए

**गाजुवाका (आंध्र प्रदेश) 30 मार्च (एजेंसियां)।**

विशाखापत्तनम जिले के गाजुवाका में डेटिंग ऐप पर मिली 29 वर्षीय महिला मोनिका की उसके प्रेमी द्वारा हत्या कर उसके शरीर के टुकड़े करके फ्रिज में छिपाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बीबीसी को बताया कि पूर्वी नौसेना कमान में तकनीशियन के रूप में काम करने वाले 35 वर्षीय रविंद्र को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है।

बीबीसी हिन्दी पर जारी खबर के अनुसार गाजुवाका पुलिस स्टेशन के सर्कल इंस्पेक्टर (सीआई) पार्थसारथी ने बीबीसी को बताया कि हत्या के बाद, शरीर के कुछ हिस्सों को फ्रिज में रखा गया था, जबकि बाकी को एक बैग में बांधकर जला दिया गया था। पुलिस ने बताया, जब उसकी (रविंद्र) पत्नी प्रसव के लिए अपने गृहनगर विजयनगरम गई हुई थीं और वहां आठ महीने से रह रही थीं, तब उन्होंने अपनी प्रेमिका को घर बुलाया और यह जघन्य अपराध किया। जब रविंद्र के परिवार से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन वे उपलब्ध नहीं थे। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त रविंद्र को हिरासत में ले लिया गया है। सीआई पार्थसारथी ने बीबीसी को प्रारंभिक जांच के दौरान अभियुक्त द्वारा दी गई जानकारी के बारे में बताया।






पुलिस ने बताया, रविंद्र ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि वह तीन साल पहले एक डेटिंग ऐप के जरिए मोनिका से मिला था। मोनिका विशाखापत्तनम के एक निजी बैंक में काम करती थीं। पुलिस के मुताबिक, रविंद्र की शादी तकरीबन दो साल पहले हुई थी। उनकी पत्नी बच्चे के जन्म के लिए अपने गृहनगर गई थीं।

पुलिस ने बताया, इस दौरान रविंद्र मोनिका से अपने घर पर मिलते थे। रविवार की सुबह (29 मार्च 2026) रविंद्र ने मोनिका को अपने फ्लैट पर बुलाया। अभियुक्त ने कहा कि घर पर मोनिका से उसका झगड़ा हुआ था। सीआई पार्थसारथी ने कहा, रविंद्र ने बताया कि वह महिला उसे पैसों के लिए परेशान कर रही थी और उसकी पत्नी को सब कुछ बताने की धमकी दे रही थी।

**फ्रिज खोला तो मिला कटा हुआ धड़**

सीआई पार्थसारथी ने बताया, हमें रविवार शाम को एक फोन आया। फोन पर बताया गया कि एलवी नगर में रविंद्र नाम के एक नौसेना कर्मचारी ने किसी की हत्या कर दी है और उन्होंने आत्महत्या की कोशिश की है। जब हम तुरंत दिए गए पते पर पहुंचे, तो घर बंद मिला। हमने खिड़कियों और वेंटिलेटर से अंदर देखने की कोशिश की, लेकिन कुछ भी दिखाई नहीं दिया। इसलिए हमने पड़ोसियों को बुलाया। घर के मालिक को बुलाया गया। हमने रविंद्र के भाई को भी बुलाया। उसकी मदद से हम घर में दाखिल हुए। पूरा घर एकदम साफ-सुथरा था। स्प्रे पेंट की गंध आ रही थी। कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। जब हमने फ्रिज खोला तो उसमें एक धड़ मिला जिसका सिर कटा हुआ था। आगे तलाशी लेने पर हमें एक सूटकेस मिला जिसमें शरीर के कुछ अंग थे।

पार्थसारथी ने बीबीसी को बताया, हमने तुरंत रविंद्र का पता लगाने की कोशिश की। उसी समय हमें उसके माता-पिता का फोन आया। उनकी मदद से हमने रविंद्र को पुलिस स्टेशन बुलाया और उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि हत्या के बाद वह सिर को आदिवीवरम के धरापालम ले गया और उसे जला दिया। हमारी टीमें वहां जाकर जांच कर रही हैं। ▶10पर



# ईरान ने किया कुवैत के बिजली-पानी डिसेलिनेशन प्लांट पर हमला, भारतीय कर्मचारी की मौत

**कुवैत सिटी, 30 मार्च (एजेंसियां)।**

ईरानी हमले से कुवैत का बिजली और पानी का डिसेलिनेशन ( विलवणीकरण संयंत्र) प्लांट क्षतिग्रस्त हो गया है। कुवैती अधिकारियों का कहना है कि हमले में एक भारतीय कर्मचारी की मौत हो गई। हमले में इमारत को भौतिक नुकसान पहुंचा है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब युद्ध से क्षेत्रीय तनाव बढ़ रहा है। अल जजीरा चैनल और सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, कुवैत के बिजली मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, ईरान ने देश के एक बिजली और पानी के डिसेलिनेशन प्लांट में स्थित एक सर्विस बिल्डिंग पर हमला किया है। इस हमले में एक भारतीय कर्मचारी की मौत हो गई और इमारत को काफी भौतिक नुकसान पहुंचा है। बयान के अनुसार, हमले के बाद की स्थिति से निपटने और कामकाज को सामान्य रूप से जारी रखने के लिए तकनीकी और आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों को तुरंत भेजा गया। ईरान ने अभी तक इस हमले पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। सरकारी मीडिया ने कुवैत के मंत्रालय के हवाले से कहा कि हमले के कारण प्लांट को भारी नुकसान पहुंचा है। कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने कल शाम कहा था कि कुवैत के हवाई क्षेत्र में 14 मिसाइलें और 12 ड्रोन देखे गए। उनमें से कई ड्रोन एक सैन्य शिविर को निशाना बना रहे थे। इस दौरान 10 सैनिक घायल हो गए।

पिछले माह 28 फरवरी से अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़ा युद्ध समय गुजरने के साथ और आक्रामक हो रहा है। ईरान के आधिकारिक मीडिया के अनुसार, ईरान की संसद के स्पीकर ने अमेरिका को जमीनी हमले के खिलाफ चेतावनी दी है। धमकी दी है कि अगर ईरान पर जमीनी हमला होता है तो अमेरिकी सहयोगियों पर हमले तेज किए जाएंगे।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि इजराइल दक्षिणी लेबनान में अपने हमले का दायरा बढ़ाएगा। इजराइली सेना पड़ोसी देश में मौजूदा सुरक्षा पट्टी का विस्तार करेगी। अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी मूल के इजराइली सैनिक सार्जेंट मोशे यित्ज़ाक हाकोहेन काट्ज़ दक्षिणी लेबनान में लड़ाई के दौरान मारे गए।

डिसेलिनेशन प्लांट का उपयोग: यहां समुद्र के खारे पानी से नमक और अन्य खनिजों को अलग कर उसे पीने योग्य बनाया जाता है। इसका औद्योगिक उपयोग भी किया जाता है। इन संयंत्रों को अकसर पावर प्लांट के साथ जोड़ा जाता है, क्योंकि डिसेलिनेशन एक ऊर्जा-गहन प्रक्रिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### नेपाल सरकार ने अपने 100 एक्शन प्लान पर निगरानी के लिए बनाया प्रतिपक्ष.काम

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने सुशासन सुधार से जुड़ी 100 कार्यसूचियों की प्रत्यक्ष निगरानी के लिए एक वेबसाइट शुरू की है। सरकार द्वारा लाए गए सुशासन सुधार कार्यक्रमों की सीधी निगरानी के उद्देश्य से प्रतिपक्ष डाटकम नामक वेबसाइट शुरू की गई है।



बालेन्द्र शाह के प्रधानमंत्री नियुक्त होने के बाद गठित मंत्रिपरिषद की पहली बैठक में शुक्रवार को स्वीकृत और शनिवार को सार्वजनिक की गई 100 बिंदुओं वाली सुशासन सुधार कार्यसूची की निगरानी के लिए यह वेबसाइट शुरू की गई है। इस वेबसाइट में सरकार की 100 बिंदुओं वाली प्रतिबद्धताओं को मुख्य आधार बनाकर कार्य प्रगति के अनुसार वर्गीकृत किया गया है। वेबसाइट पर यह विस्तृत जानकारी उपलब्ध होगी कि सरकार ने कुल कितनी प्रतिबद्धताएं की थीं, उनमें से कितनी पूरी हो चुकी हैं, कितनों पर काम चल रहा है, कितनी टूट चुकी हैं और कितनों पर अभी तक काम शुरू ही नहीं हुआ है। इसके अलावा, कौन-सा कार्य कब तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था और वर्तमान में उसकी स्थिति क्या है, इसकी जानकारी भी वेबसाइट पर दी गई है। हर बिंदु को पूरा करने के लिए कितने दिन शेष हैं, इसकी सूची भी वेबसाइट में शामिल है। वेबसाइट को सभी के उपयोग के लिए नेपाली और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध कराया गया है।

### नेपाल में नाबालिग से दुर्व्यवहार के आरोप में यूएमएल की विधायक गिरफ्तार

**काठमांडू।** सीपीएन-यूएमएल की लुंबिनी प्रदेश सभा सदस्य रेखा कुमारी शर्मा को नाबालिग घरेलू कामगार के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। काठमांडू की अपराध अन्वेषण कार्यालय की एक टीम ने उन्हें रविवार देर रात काठमांडू के धुम्बाराही स्थित उनके निवास से गिरफ्तार किया।



शर्मा यूएमएल की निर्वाचित प्रदेश सभा सदस्य हैं। करीब डेढ़ साल पहले उन पर आरोप लगा था कि उन्होंने एक नाबालिग लड़की को छह वर्षों तक अपने घर में घरेलू कामगार के रूप में रखकर बाल श्रम का शोषण किया और उसके साथ शारीरिक दुर्व्यवहार किया। बताया गया है कि उस लड़की को कई बार पीटा गया, और जब उसकी हालत बिगड़ गई, तब काठमांडू महानगरपालिका ने उसे शर्मा के घर से बचाया। उस समय सरकारी वकील के कार्यालय ने शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज न करने का निर्णय लिया था। इस निर्णय की व्यापक आलोचना हुई थी, खासकर उस समय जब यूएमएल अध्यक्ष केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री थे। बाद में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इस मामले की समीक्षा की। राजनीतिक हस्तक्षेप और सत्ता में बैठे लोगों को संरक्षण मिलने के आरोपों को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए। तत्कालीन काठमांडू महानगरपालिका के मेयर बालेन्द्र शाह ने भी सार्वजनिक रूप से इस निर्णय पर सवाल उठाया था और पूछा था कि इतने गंभीर आरोपों के बावजूद शर्मा के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

### स्वस्थ व्यक्ति को दिनभर में 7 से 8 गिलास पानी पीना जरूरी : विशेषज्ञ



**पेरिस।** स्वास्थ्य विशेषज्ञों का माना है कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अक्सर अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं, खासकर पानी पीने जैसी बुनियादी आदत को। दिनभर पर्याप्त पानी न पीने की वजह से शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है, जो धीरे-धीरे कई गंभीर बीमारियों का कारण बन जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, शरीर का बड़ा हिस्सा पानी से बना होता है, इसलिए इसका संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी है। डाक्टरों की सलाह है कि एक स्वस्थ व्यक्ति को दिनभर में कम से कम 7 से 8 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से शरीर डिटाक्स रहता है, पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है और शरीर के सभी अंग सुचारु रूप से कार्य करते हैं। इसके विपरीत, जब शरीर को पर्याप्त पानी नहीं मिलता, तो इसका असर सीधे आंतरिक प्रणाली पर पड़ता है और कई स्वास्थ्य समस्याएं जन्म लेने लगती हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि शरीर समय-समय पर पानी की कमी के संकेत देता है, लेकिन लोग अक्सर इन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। यही लापरवाही आगे चलकर डिहाइड्रेशन का कारण बनती है। इसके शुरुआती लक्षणों में मुंह और त्वचा का सूखना शामिल है।

# फिर जाएंगे चंद्रमा के पास... आर्टेमिस 2मिशन के चारों अंतरिक्ष यात्री पूरी तरह तैयार, प्रक्षेपण एक अप्रैल को

**वाशिंगटन, 30 मार्च (एजेंसियां)।**

अमेरिका के राष्ट्रीय वैमानिकी और अंतरिक्ष प्रशासन (नेशनल एरोनाटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) के पहले मानवयुक्त मिशन आर्टेमिस 2 के चारों अंतरिक्ष यात्री पूरी तरह तैयार हैं। इस मिशन का प्रक्षेपण एक अप्रैल को होना है। चारों अंतरिक्ष यात्री कमांडर रीड वाइसमैन, पायलट विक्टर ग्लोवर, मिशन विशेषज्ञ क्रिस्टीना कोच और जेरेमी हैनसन ने कहा कि हमें इस पल का इंतजार हैं। हम इस ऐतिहासिक प्रक्षेपण के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, नासा (नेशनल एरोनाटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) के अनुसार, आधिकारिक तौर पर 49 घंटे और 40 मिनट की उलटी गिनती सोमवार (31 मार्च) को भारतीय समयानुसार देर रात (4:44 बजे पूर्वी समयानुसार) शुरू होने वाली है। यदि सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो राकेट 1 अप्रैल को शाम 6:24 बजे (पूर्वी डेलाइट समय) फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरेगा। कमांडर वाइसमैन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी टीम और राकेट दोनों पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे किसी भी स्थिति (जैसे कि तकनीकी कारणों से प्रक्षेपण टलना) के लिए मानसिक रूप से 100 प्रतिशत तैयार हैं।

आर्टेमिस 2मिशन का उद्देश्य 50 से अधिक वर्ष के बाद मनुष्य को फिर से चंद्रमा के करीब ले जाना है। यह मिशन 1972 के अपोलो 17 के बाद चंद्रमा की ओर जाने वाला पहला मानव मिशन है। यह चंद्रमा के चारों ओर एक फ्लाईबाई (परिक्रमा) करेगा। यह चंद्रमा की सतह पर नहीं उतरेगा, बल्कि भविष्य के आर्टेमिस के लिए प्रणालियों का परीक्षण करेगा। यह लगभग 10 दिन की यात्रा होगी। चालक दल ओरियन कैप्सूल (अंतरिक्ष यान) में यात्रा करेगा। यह मिशन नासा को अंतरिक्ष यात्रियों के साथ ओरियन के जीवन-सहायक प्रणालियों के परीक्षण करने की अनुमति देगा।

चारों अंतरिक्ष यात्री कमांडर रीड वाइसमैन, पायलट विक्टर ग्लोवर, मिशन विशेषज्ञ क्रिस्टीना कोच और जेरेमी हैनसन शुक्रवार को ह्यूस्टन से केनेडी स्पेस सेंटर पहुंच चुके हैं। मेडिकल क्वारंटाइन में रहते हुए उन्होंने रविवार को एक वर्चुअल प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए। वाइसमैन 2019-20 में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर 328 दिनों के अभियान के दौरान छह बार स्पेस वाक कर चुके हैं। वाइसमैन ने कहा, यह पहली बार है जब हम इंसानों को अपने साथ ले जा रहे हैं। यह सब सपने जैसा लगता है। मुझे आराम महसूस हो रहा है। यहां होना अच्छा लग रहा है। उधर, मौसम विज्ञानियों का कहना है कि मौसम के ठीक रहने की 80 प्रतिशत संभावना है।

ग्राउंड सिस्टम मैनेजर शान क्विन ने कहा, आर्टेमिस 2मिशन 53 साल में चांद पर वापस जाने वाली पहली इंसानी उड़ान है। इस मिशन को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि लान्च होने के 25 घंटे बाद चांद की ओर रवाना होने से पहले, ओरियन क्रू कैप्सूल के प्रोपल्शन, नेविगेशन, कम्युनिकेशन और लाइफ सपोर्ट सिस्टम की अच्छी तरह से जांच की जा सके। चारों अंतरिक्ष यात्री न तो चांद पर उतरेंगे और न ही चांद की कक्षा में जाएंगे। इसके बजाय, वे चांद के दूसरी तरफ से घूमकर आएंगे। वे चांद की ग्रैविटी का इस्तेमाल करके कैप्सूल के रास्ते को वापस पृथ्वी की ओर मोड़ेंगे। 10 अप्रैल को रात लगभग आठ बजे (पूर्वी समयानुसार) सैन डिएगो के पास दक्षिणी कैलिफोर्निया के तट से दूर प्रशांत महासागर में कैप्सूल की लैंडिंग होगी।

उन्होंने कहा कि अगर चारों बुधवार को दो घंटे की लान्च विंडो के शुरू होते ही उड़ान भरते हैं, तो वे पृथ्वी से इतनी दूर तक जाएंगे जितनी दूर तक उनसे पहले कोई भी इंसान नहीं गया है। वे 252,799 मील की दूरी तय करेंगे। यह 1970 में अपोलो 13 के क्रू के बनाए गए रिकार्ड से लगभग 4,144 मील ज्यादा है। इस मिशन को एक तरह से नई राह दिखाने वाला माना जा रहा है। यह अगले साल पृथ्वी की कक्षा में होने वाली एक उड़ान के लिए जमीन तैयार करेगा। नासा की योजना है कि इस उड़ान के बाद, 2028 में चांद पर एक या दो लैंडिंग की जाएं।

# पालक अनुशासन और सख्ती के बीच की सीमा को समझें : विशेषज्ञ



**लंदन, 30 मार्च (एजेंसियां)।**

बच्चों के पालन-पोषण को लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि यदि माता-पिता अनुशासन के नाम पर जरूरत से ज्यादा नियंत्रण और कठोरता अपनाते हैं, तो इसका असर बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास पर नकारात्मक रूप से पड़ सकता है। पालकों को अनुशासन और अत्यधिक सख्ती के बीच की सीमा को समझना बेहद जरूरी है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार अत्यधिक सख्त वातावरण में पले-बढ़े बच्चे अक्सर आत्मविश्वास की कमी का सामना करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों के मन में डर के बजाय सम्मान और विश्वास की भावना विकसित करना ही स्वस्थ और सकारात्मक परवरिश की सबसे मजबूत नींव है। एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार विशेषज्ञ बताते हैं कि जब माता-पिता बच्चों के हर छोटे-बड़े फैसले को नियंत्रित करने लगते हैं और छोटी गलती पर भी सजा देते हैं, तो बच्चों में डर की भावना घर कर जाती है। ऐसे बच्चे खुद पर भरोसा करना कम कर देते हैं और हर समय गलती होने की आशंका में जीते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि वे नए काम करने या जोखिम लेने से बचने लगते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनसे हर स्थिति में पूर्णता की अपेक्षा की जा रही है। मनोवैज्ञानिकों का यह भी मानना है कि अत्यधिक सख्ती का एक और नकारात्मक प्रभाव बच्चों के व्यवहार पर पड़ता है। सजा के डर से कई बच्चे अपनी गलतियों को स्वीकार करने के बजाय उन्हें छिपाने की कोशिश करने लगते हैं। धीरे-धीरे झूठ बोलना या बातें छिपाना उनके व्यवहार का हिस्सा बन सकता है। इससे माता-पिता और बच्चों के बीच संवाद की दूरी बढ़ने लगती है और आपसी भरोसा कमजोर पड़ जाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक ज्यादा सख्त माहौल में पले बच्चे अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त नहीं कर पाते। वे खुद को दूसरों से अलग-थलग महसूस करने लगते हैं। कई मामलों में किशोरावस्था में यही दबाव विद्रोही व्यवहार का कारण बन जाता है। जो बच्चे बचपन में चुपचाप नियम मानते हैं, वे बड़े होकर आक्रामक या विरोधी रवैया अपना सकते हैं। इसके अलावा अत्यधिक नियंत्रण के कारण बच्चों में चिंता और अवसाद जैसी मानसिक समस्याओं का खतरा भी बढ़ सकता है। मनोस्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि बेहतर परवरिश के लिए अनुशासन के साथ प्यार, संवाद और भरोसे का संतुलन जरूरी है। माता-पिता को बच्चों को सिर्फ आदेश देने के बजाय उनकी बात भी सुननी चाहिए और नियमों के पीछे का कारण समझाना चाहिए। गलती होने पर दंड देने की जगह उन्हें सुधार का अवसर देना ज्यादा प्रभावी माना जाता है।

### नेपाल में सभी बेटिंग ऐप और वेबसाइट को 24 घंटे के भीतर बंद करने का निर्देश




**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने सभी प्रकार के सट्टेबाजी (बेटिंग) ऐप और वेबसाइटों को बंद करने का निर्देश दिया है। मंत्रिपरिषद की सुशासन सुधार संबंधी 100 कार्यसूची के तहत संचार तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 24 घंटे के भीतर ऐसे प्लेटफार्म बंद करने के लिए सभी इंटरनेट सेवा प्रदायक कंपनियों को निर्देश दिया है। संचार मंत्रालय के मंत्रिस्तरीय निर्णय के बाद नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण ने इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के साथ समन्वय कर अब तक पहचाने गए सभी सट्टेबाजी साइट और ऐप बंद करा दिए हैं। मंत्रालय के प्रवक्ता उदय बहादुर रानामगर के अनुसार, वर्तमान कानून और अपराध अधिनियम के खिलाफ सट्टेबाजी करना, करवाना या इसे बढ़ावा देने के लिए विज्ञापन करना गैरकानूनी है। कानूनी प्रावधान के अनुसार सट्टेबाजी में शामिल व्यक्तियों की संपत्ति जब्त की जा सकती है और उन्हें एक वर्ष तक की कैद तथा 10 हजार रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। मंत्रालय ने सभी से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से सट्टेबाजी ऐप और वेबसाइट का उपयोग न करे। यदि कहीं इस तरह की गतिविधि हो रही हो, तो नेपाल दूरसंचार प्राधिकरण के उपनिदेशक सूर्यप्रसाद लामिछाने से संपर्क कर इसकी जानकारी देने का अनुरोध भी किया गया है।

# वैश्विक सुरक्षा और अमेरिकी रक्षा प्रणालियों पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है किम का मिसाइल परीक्षण

**प्योंगयांग, 30 मार्च (एजेंसियां)।**

उत्तर कोरियाई शासक किम जोंग उन द्वारा रविवार को उच्च-क्षमता वाले ठोस-ईंधन इंजन के सफल परीक्षण ने अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा गलियारों में खतरे की घंटी बजा दी है। सरकारी मीडिया के अनुसार, इस नए इंजन की क्षमता 2,500 किलोटन मापी गई है, जो पिछले परीक्षणों की तुलना में काफी अधिक शक्तिशाली है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तकनीकी अपग्रेड का सबसे बड़ा और सीधा असर अमेरिका की मिसाइल डिफेंस प्रणाली की प्रभावशीलता पर पड़ेगा। इस परीक्षण का प्राथमिक प्रभाव उत्तर कोरिया की फर्स्ट स्ट्राइक या त्वरित हमले की क्षमता में वृद्धि के रूप में देखा जा रहा है। तरल ईंधन वाली मिसाइलों के विपरीत, ठोस-ईंधन वाली मिसाइलों को लान्च करने के लिए लंबी तैयारी की आवश्यकता नहीं होती।



इसका अर्थ यह है कि उत्तर कोरिया अब बहुत कम समय में और बिना किसी पूर्व चेतावनी के मिसाइल दाग सकता है। अमेरिकी जासूसी उपग्रहों और रडार प्रणालियों के लिए ऐसी मिसाइलों को लान्च पैड पर ही पहचानना और नष्ट करना (इंटरसेप्ट करना) लगभग असंभव हो जाएगा। यह क्षमता किम जोंग उन को एक रणनीतिक बढ़त देती है, जिससे वे किसी भी संभावित सैन्य कार्रवाई का तत्काल जवाब दे सकेंगे। दूसरा महत्वपूर्ण असर मल्टीपल वारहेड्स तकनीक के विकास पर पड़ेगा। इंजन की शक्ति बढ़ने से अब एक ही अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल पर कई परमाणु हथियार लादे जा सकेंगे। यदि एक मिसाइल से अलग-अलग शहरों को निशाना बनाने वाले कई वारहेड निकलते हैं, तो अमेरिका का मिसाइल डिफेंस शील्ड भ्रमित हो सकता है। एक साथ कई लक्ष्यों को भेदने की यह क्षमता किसी भी आधुनिक रक्षा तंत्र को चकमा देने के लिए पर्याप्त है। वैश्विक राजनीति के स्तर पर, यह परीक्षण उत्तर कोरिया को एक अपरिवर्तनीय परमाणु शक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम है। किम जोंग उन का यह दावा कि यह परीक्षण देश की सामरिक शक्ति के लिए अत्यधिक जरूरी है, स्पष्ट करता है कि वे कूटनीतिक दबाव के आगे झुकने वाले नहीं हैं।

# संकट अभी टला नहीं है, महायुद्ध से महाविनाश की तरफ बढ़ रहे अमेरिका और ईरान

**वाशिंगटन, 30 मार्च (एजेंसियां)।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सनक ने पूरी दुनिया को संकट में डाल दिया है। खुद अमेरिका उनका विरोध कर रहे हैं और महायुद्ध के लिए ट्रंप को जिम्मेदार मान रहे हैं। इसके बाद भी उनकी जंगी सनक कम होने का नाम नहीं ले रही है। हालात ये हैं दोनों देश महायुद्ध की तरफ बढ़ रहे हैं इससे महाविनाश की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। बढ़ते तनाव को देखते हुए अमेरिका ने क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति को बड़े स्तर पर बढ़ाते हुए 3,500 से अधिक अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती कर दी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पुष्टि की है कि आधुनिक युद्धपोत यूएसएस त्रिपोली अपने निर्धारित आपरेशनल जोन में पहुंच चुका है। इस युद्धपोत पर लगभग 2,500 मरीन सैनिक सवार हैं, जो किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।



यूएसएस त्रिपोली की तैनाती सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि यह युद्धपोत एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट और ओस्प्रे जैसे अत्याधुनिक विमानों को आपरेट करने में सक्षम है। इसे विशेष रूप से जापान से हटाकर मिडल ईस्ट भेजा गया है। इसके अतिरिक्त, यूएसएस बाक्सर और सैन डिएगो से अन्य नौसैनिक इकाइयों को भी युद्ध क्षेत्र की ओर रवाना किया गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के आंकड़ों के अनुसार, आपरेशन एपिक फ्यूरी के तहत अब तक 11,000 से अधिक ठिकानों पर हमले किए जा चुके हैं, जो इस संघर्ष की भयावहता को दर्शाते हैं।

हालात तब और बिगड़ गए जब ईरान ने सऊदी अरब स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों से सीधा हमला किया। इस हमले में कम से कम 10 अमेरिकी सैनिकों के घायल होने की खबर है, जिससे तनाव अब सीधे सैन्य टकराव में बदलता दिख रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका बिना जमीनी सेना उतारे अपने लक्ष्यों को हासिल करना चाहता है, लेकिन उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बदलते घटनाक्रम के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी है। इस बीच, यमन के हूती विद्रोहियों ने इजरायल पर मिसाइल दागकर इस संघर्ष को और अधिक पेचीदा बना दिया है। इस युद्ध का असर अब वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी दिखने लगा है। हूतियों की सक्रियता से बाब-अल-मंडेब और स्वेज नहर जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग असुरक्षित हो गए हैं। स्ट्रेट आफ होर्मुज के लगभग बंद होने से वैश्विक व्यापार और हवाई मार्गों को वैकल्पिक रास्तों की तलाश करनी पड़ रही है। कूटनीतिक मोर्चे पर भी फिलहाल निराशा ही हाथ लगी है। अमेरिका द्वारा प्रस्तावित सीजफायर समझौते, जिसमें ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक की शर्त थी, को ईरान ने सिरे से खारिज कर दिया है। ईरान ने बदले में भारी मुआवजे और अपनी संप्रभुता को पूर्ण मान्यता देने की मांग रखी है, जिससे शांति की संभावनाएं धूमिल होती नजर आ रही हैं।

# नए शैक्षणिक सत्र पर मुख्यमंत्री योगी की बच्चों को नसीहत, स्क्रीन टाइम घटाएं, एक्टिविटी टाइम बढ़ाएं

**लखनऊ, 30 मार्च (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत पर छात्रों को स्क्रीन टाइम कम कर एक्टिविटी टाइम बढ़ाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि तकनीक के इस दौर में उसका संतुलित उपयोग जरूरी है, लेकिन बच्चों का समग्र विकास तभी संभव है जब वे खेल, योग और रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करें। मुख्यमंत्री योगी ने नए शैक्षणिक सत्र के आगाज़ पर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए एक पाती लिखी है, जिसमें उन्होंने कहा कि शिक्षा को लेकर सरकार की प्राथमिकताओं को दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और 'स्कूल चलो अभियान' इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संदेश में कहा, नया शैक्षणिक सत्र



आरंभ हो रहा है। मैं सभी बच्चों को उनके स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आप सभी अपनी रुचि के विषयों, खेलकूद और विद्यालय की गतिविधियों में पूरे मनोयोग से हिस्सा लें और अपने सपनों को साकार करें।उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक बच्चे को गुण-वत्तापूर्ण और संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की पहली पाठशाला है। यहीं से जीवन के मूल संस्कार और शिक्षा मिलती है, जो आगे का मार्ग प्रशस्त करती है।सीएम योगी ने भारतीय परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा, प्रभु श्रीराम के मर्यादा पुरुषोत्तम बनने और भगवान श्रीकृष्ण के कर्मयोगी स्वरूप की आधारशिला गुरुकुल शिक्षा में ही रखी गई थी। आप सभी के लिए भी शिक्षा इसी कर्तव्यपथ का अभिन्न अंग है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं। परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आप असंभव लक्ष्य भी प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने स्वस्थ जीवनशैली पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को खेलकूद और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। साथ ही उन्होंने तकनीक के संतुलित उपयोग की सलाह देते हुए कहा, आज का युग तकनीक का है, लेकिन स्क्रीन टाइम कम कर एक्टिविटी टाइम बढ़ाना जरूरी है। खूब खेलें, खूब पढ़ें और खुद को हर क्षेत्र में विकसित करें। अभिभावकों को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा, आप अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए प्रयासरत रहते हैं। इसके साथ ही समाज के उन बच्चों को भी शिक्षा से जोड़ने का संकल्प लें, जो अभी विद्यालय से दूर हैं। सरकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव में जो बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, उनके परिवारों को जागरूक करें।

## जम्मू-कश्मीर : बर्फबारी और भूस्खलन के बाद पर्यटकों को ले जा रहे 22 वाहनों को निकाला गया

**श्रीनगर, 30 मार्च (एजेंसियां)।** जम्मू कश्मीर में सोमवार को एक समय पर चलाए गए बचाव अभियान में पर्यटकों और अन्य यात्रियों को ले जा रहे 22 वाहनों को सुरक्षित रूप से निकाला गया। यह अभियान बर्फबारी और भूस्खलन के कारण बांदीपोरा-गुरेज सड़क बंद होने के बाद चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि बांदीपोरा के जिला प्रशासन ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग (एमईडी) और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के साथ मिलकर, बांदीपोरा-गुरेज सड़क के भारी बर्फबारी और भूस्खलन के कारण बंद हो जाने के बाद गुरेज घाटी में फंसे वाहनों और पर्यटकों को सफलतापूर्वक निकालने में मदद की। अचानक बर्फ जमा होने, कीचड़ खिसकने और चट्टानें गिरने से सड़क बंद हो जाने के कारण, खासकर राजदान टॉप के पास पर्यटकों और यात्रियों को ले जा रहे 22 वाहन कई जगहों पर फंस गए थे।तेज हवाओं और तूफानी मौसम की वजह से स्थिति और भी खराब हो गई थी, जिससे बचाव अभियान में लगे कर्मचारियों के सामने काफी चुनौतियां खड़ी हो गईं।

# ये नरेंद्र मोदी की सरकार है, जो हथियार उठाएगा उसका हिसाब चुकता होगा : अमित शाह



**नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में देश को वामपंथी उग्रवाद से मुक्त करने के प्रयासों पर चल रही चर्चा के दौरान सदन को संबोधित किया। अमित शाह ने कहा कि सबसे पहले मैं रेड कॉरिडोर के नाम से पहचाने जाने वाले पूरे क्षेत्र, जिसमें 12 राज्य और 70 प्रतिशत का भूभाग शामिल थे, उसमें रह रही जनसंख्या की तरफ से सदन को धन्यवाद देना चाहता हूं। गृह मंत्री ने कहा कि आज बस्तर से नक्सलवाद लगभग-लगभग समाप्त हो चुका है। बस्तर के अंदर हर गांव में स्कूल बनाने की मुहिम चली।

बस्तर के अंदर हर गांव में राशन की दुकान खोलने की मुहिम चली। मैं इतना ही पूछना चाहता हूं कि जो लोग कह रहे हैं कि अब तक आदिवासियों का विकास क्यों नहीं हुआ? तो, वो खुद बताएं कि 70 सालों से उन्होंने क्या किया?उन्होंने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद देश के हर गरीब को घर मिला, गैस मिला, शुद्ध पीने का पानी मिला, 5 लाख तक का स्वास्थ्य का बीमा मिला, प्रति व्यक्ति, प्रतिमाह 5 किलो मुफ्त अनाज मिला... लेकिन, ये बस्तर वाले क्यों छूट गए थे?

अमित शाह ने कहा कि मैं इसलिए कह रहा हूं कि सत्य को झुठलाया जा रहा है। ये बस्तर वाले इसलिए छूट गए थे, क्योंकि वहां लाल आतंक की परछाई थी, इसलिए वहां विकास नहीं पहुंचा। मोदी सरकार में आज वो परछाई हट गई है, और इसलिए आज बस्तर विकास कर रहा है। ये नरेंद्र मोदी की सरकार है, जो हथियार उठाएगा, उसका हिसाब चुकता होगा।

उन्होंने कहा, मैं पूछना चाहता हूं कि 75 साल में 60 साल तो शासन आपने किया, आदिवासी अभी तक विकास से क्यों वंचित रहे? आदिवासियों का विकास तो अब नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि 60 साल आपने (कांग्रेस) उन्हें घर नहीं दिया, पानी नहीं दिया, स्कूल नहीं बना, बैंक की फैसिलिटी नहीं पहुंचने दिया, इसलिए पहले थोड़ा अपनी गिरेबां में झांककर देखो कि दोषी कौन है।

# स्टालिन ने कोलाथुर से किया नामांकन, डीएमके गठबंधन की जीत का भरोसा जताया



**चेन्नई, 30 मार्च (एजेंसियां)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने विधानसभा चुनाव के लिए कोलाथुर सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। वे इस सीट से लगातार चौथी बार चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव आयोग ने तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। राज्य में 23 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा। हर निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन के लिए पूरी प्रक्रिया को सही तरीके से कराने के लिए कड़ी सुरक्षा भी रखी गई है। स्टालिन कोलाथुर क्षेत्र के पेपर मिल्स रोड स्थित चुनाव कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने मंत्री शेखर बाबू और अन्य नेताओं की मौजूदगी में रिटर्निंग अधिकारी एस. शांति को अपने कागजात सौंपे।उनके नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक वहां मौजूद रहे। नामांकन के बाद मीडिया से बात करते हुए स्टालिन ने कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के नेतृत्व वाला गठबंधन चुनाव जरूर जी-तेगा। उन्होंने भरोसा जताया कि मुकाबला कितना भी कड़ा क्यों न हो, जीत उनकी ही होगी।

तमिलनाडु की जनता एक बार फिर हमारी सरकार पर भरोसा जताएगी, ऐसा कहते हुए एमके स्टालिन ने बड़ी जीत का भरोसा जताया। नामांकन के बाद स्टालिन खुली जीप में रोड शो के लिए निकले और अपने क्षेत्र के कई इलाकों में गए। इस दौरान द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के समर्थक बड़ी संख्या में सड़कों पर मौजूद रहे। लोगों ने पार्टी के झंडे लहराकर और नारे लगाकर उनका स्वागत किया।अपनी सरकार के काम दिखाने के लिए स्टालिन ने एक पुस्तिका भी जारी की। इसमें कोलाथुर क्षेत्र में उनकी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और योजनाओं की जानकारी दी गई है। इसका उद्देश्य लोगों को यह बताना है कि सरकार ने क्या-क्या काम किए हैं।स्टालिन ने कहा कि आने वाले चुनाव में डीएमके गठबंधन 200 से ज्यादा सीटें जीत सकता है। इससे साफ है कि पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है।

# पिता को लेकर निशिकांत दुबे के बयान पर भड़के नवीन पटनायक, कहा-भाजपा सांसद को मनोचिकित्सक की जरूरत

**भुवनेश्वर, 30 मार्च (एजेंसियां)।** ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता और बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने सोमवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि उनके पिता और ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए निशिकांत दुबे को मनोचिकित्सक की जरूरत है।

नवीन पटनायक ने मीडिया से बात करते हुए कहा, मुझे हैरानी हुई कि सांसद दुबे ने बीजू बाबू के बारे में कल जो बातें कहीं, वे आपत्तिजनक और गलत थीं। मुझे नहीं लगता कि उन्हें पता है कि प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने दिल्ली में बीजू बाबू के लिए ऑफिस दिया था, ताकि वे चीन के खिलाफ रणनीति तैयार कर सकें। उस समय बीजू बाबू ओडिशा के मुख्यमंत्री थे। मैं उस समय बहुत छोटा था, लगभग 13



साल का, लेकिन मुझे याद है कि बीजू बाबू चीन के हमले के दौरान कितने गुस्से में थे और उन्होंने इसे रोकने के लिए कितनी मेहनत की।

मैं कह सकता हूं कि दुबे को मनोचिकित्सक की सलाह लेने की जरूरत है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने 27 मार्च को मीडिया से बातचीत में कहा था कि 1962 के चीन युद्ध में नेहरू ने अमेरिकी समर्थन और सीआईए एजेंटों के साथ मिलकर काम किया और बीजू पटनायक, जो उस समय ओडिशा के मुख्यमंत्री थे, अमेरिका और नेहरू के बीच लिंक का काम कर रहे थे। इस बयान ने बीजद नेताओं के गुस्से को भड़का दिया।

28 मार्च को वरिष्ठ बीजेडी नेता और राज्यसभा सांसद सस्मित पात्रा ने राज्यसभा की स्टैंडिंग कमेटी ऑन कम्युनिकेशन और आईटी से इस्तीफा दे दिया, जिसके अध्यक्ष निशिकांत दुबे थे। उन्होंने कहा कि विरोध में और सिद्धांत के तौर पर मैं इस्तीफा दे रहा हूं। मैं किसी ऐसे व्यक्ति के अधीन काम नहीं कर सकता जो बीजू पटनायक के बारे में इस तरह के अपमानजनक बयान दे।

वहीं, राज्यसभा में बीजद सांसदों ने भी विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया और बाद में वॉकआउट कर दिया। उनका कहना था कि दुबे का बयान पूरी तरह अनुचित और अपमानजनक है। पार्टी नेताओं का मानना है कि ऐसे बयान न केवल बीजू पटनायक की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि राज्य और देश की राजनीति में असामयिक विवाद पैदा करते हैं।

# सदन में भाजपा ने नक्सली हिंसा के लिए कांग्रेस को ठहराया दोषी, विपक्ष ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)।** बजट सत्र के दौरान लोकसभा में नक्सली हिंसा को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। लोकसभा में बहस के दौरान भाजपा सांसद संबित पात्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयान का जिक्र करते हुए माओवाद को भारत के सामने सबसे खतरनाक खतरा बताया।

उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह इस आंदोलन को नरमी से देखती रही है। पात्रा ने लेखिका अरुंधति रॉय के उस बयान का भी हवाला दिया, जिसमें माओवादियों को 'बंदूक वाले गांधीवादी' कहा गया था। उन्होंने कहा कि ऐसी सोच खतरे को सही तरीके से समझने में बाधा डालती है।

उन्होंने 2 अप्रैल 2010 को छत्तीसगढ़ में हुए हमले को याद किया, जिसमें 76 सीआरपीएफ जवान शहीद हुए थे। यह भारतीय सुरक्षा बलों पर एक दिन में हुआ सबसे बड़ा हमला था।

पात्रा ने कहा कि कांग्रेस ने पाप किया है और पार्टी की नीतियों ने देश की सुरक्षा को कमजोर किया।

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में किलेबंद पुलिस स्टेशनों की संख्या 2014 में 66 से बढ़कर दिसंबर 2025 तक 586 हो गई है।

उन्होंने सरकार के इस दावे पर सवाल उठाया कि हालात सामान्य हो रहे हैं। उन्होंने पूछा कि अगर शांति बहाल हो गई है, तो सुरक्षा व्यवस्था लगातार क्यों बढ़ाई जा रही है?

दूसरी तरफ, आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह ने भी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जवानों के साथ न्याय नहीं हो रहा है। सीआरपीएफ और आईपीएस अधिकारियों के बीच पदोन्नति में समानता की सिफारिश की गई थी, लेकिन सरकार ने इस पर अमल नहीं किया।

# केरल चुनाव से पहले राहुल गांधी ने जनता से किए कई वादे




**अदूर, 30 मार्च (एजेंसियां)।** राहुल गांधी ने सोमवार को केरल में विधानसभा चुनाव अभियान की शुरुआत की। उन्होंने 9 अप्रैल को होने वाले चुनावों से पहले मतदाताओं से कई कल्याणकारी वादे किए। उन्होंने सत्तारूढ़ वामपंथी दलों और भाजपा के बीच गुप्त मिलीभगत का आरोप लगाया। अदूर में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने चुनावी लड़ाई को यूडीएफ और वाम-भाजपा के अप्रत्यक्ष गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला बताया। उन्होंने कहा, एक तरफ यूडीएफ है और दूसरी तरफ वाम और भाजपा का गठबंधन है। उन्होंने छिपे हुए हाथ का हवाला देते हुए तर्क दिया कि भाजपा वाम को राष्ट्रीय स्तर पर एक वास्तविक चुनौती के रूप में नहीं देखती है।राहुल गांधी ने दावा किया कि भाजपा का वास्तविक रूप से विरोध करने वाले नेताओं को दबाव और जांच का सामना करना पड़ता है। अपने खिलाफ मामलों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और वामपंथी नेतृत्व को इस तरह की गहन जांच का सामना नहीं करना पड़ता है।राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर केरल के विवादास्पद मुद्दे सबरीमाला पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया ताकि सीपीआई (एम) को राजनीतिक रूप से नुकसान न पहुंचे।कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि केरल में वामपंथी सरकार अब सच्ची वामपंथी विचारधारा का प्रतिनिधित्व नहीं करती और इसके बजाय भाजपा के समान कार्पोरेट-हितैषी नीतियां अपना रही है।उन्होंने रबर किसानों की दुर्दशा की ओर इशारा करते हुए दावा किया कि इस क्षेत्र की उपेक्षा की गई है और श्रमिकों और छोटे उत्पादकों की रक्षा करने में विफल रहने के लिए केंद्र और राज्य दोनों की आलोचना की।यूडीएफ को जनहितैषी विकल्प के रूप में प्रस्तुत करते हुए राहुल गांधी ने कई महत्वपूर्ण आश्वासनों की घोषणा की। जिसमें राज्य द्वारा संचालित बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा, कॉलेज जाने वाली छात्राओं के लिए 1,000 रुपए का मासिक भत्ता और कल्याणकारी पेंशन को बढ़ाकर 3,000 रुपए करना शामिल है।राहुल गांधी ने प्रत्येक परिवार के लिए 25 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा कवर, लघु उद्यम को बढ़ावा देने के लिए 5 लाख रुपए के ऋण और वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक समर्पित मंत्रालय के गठन का भी वादा किया।

## मध्य प्रदेश की एमएसएमई इकाइयों को प्रोत्साहन, 170 करोड़ की राशि ट्रांसफर

**भोपाल, 30 मार्च (एजेंसियां)।** मध्य प्रदेश में एमएसएमई औद्योगिक इकाइयों को सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है और इसी क्रम में लगभग 170 करोड़ की राशि औद्योगिक इकाइयों के खाते में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सिंगल क्लिक से ट्रांसफर की। समर्थ एमएसएमई विकसित मध्य प्रदेश की थीम पर मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री यादव ने 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों के खाते में 169.57 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से जारी करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश, देश के सर्वाधिक सशक्त, आर्थिक रूप से सुदृढ़ और बेहतर वित्तीय प्रबंधन वाले प्रथम तीन राज्यों में से एक है। राज्य सरकार प्रदेश के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है। देश-दुनिया के सभी निवेशकों के लिए प्रदेश के दरवाजे खुले हैं। हम उद्योग मित्र नीतियों और सहयोग की भावना के साथ उनके स्वागत के लिए तत्पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश भारतीय अर्थव्यवस्था में उद्योग हो या कृषि हर क्षेत्र में योगदान के लिए निरंतर सक्रिय है। एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों का प्रभावी केंद्र होने के साथ लाखों परिवारों के स्वावलंबन का आधार भी है। मुख्यमंत्री ने स्टार्टअप को लगभग 28 लाख से अधिक की अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी जारी की। मुख्यमंत्री को इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने लघु उद्योग निगम की ओर से 8 करोड़ रूपए के अंतरिम लाभांश का चेक भेंट किया। मुख्यमंत्री यादव ने बैतूल और आगर-मालवा के तीन उद्यमियों को औद्योगिक भूमि के लिए आवंटन-पत्र प्रदान किए और मुख्यमत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत हितलाभ वितरण भी किए।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का आयोजन महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हो रहा है। यह भगवान महावीर के जनकल्याण और शुचिता के सिद्धांतों को साकार करने का भी प्रतीक है। प्रदेश में उद्योग-व्यापार गतिविधि और उद्यमिता प्रोत्साहित करने के लिए व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करते हुए निरंतर नवाचार जारी हैं।

# प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधा पश्चिम एशिया संकट पर बहस की मांग की

**नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को केरल की राजनीति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया टिप्पणियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता राजनीतिक गठबंधनों के पीछे की सच्चाई से भली-भांति परिचित है। केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केरल में गुप्त गठबंधन के प्रधानमंत्री के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि राज्य की जनता राजनीतिक वास्तविकताओं से भली-भांति परिचित है। उन्होंने कहा कि पूरा केरल जानता है कि गठबंधन किसके बीच छिपा है। केरल में हर कोई वाकिफ है। प्रधानमंत्री चाहे कुछ भी कहें, केरल सच्चाई जानता है, और जनता भी सच्चाई जानती है।

उन्होंने व्यापक राष्ट्रीय मुद्दों पर भी चिंता व्यक्त की और सरकार से पश्चिम एशिया में चल रहे संकट पर चर्चा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हम पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध पर बहस का अनुरोध कर रहे हैं,



क्योंकि पूरा देश संकट का सामना कर रहा है। आप सभी जानते हैं कि आज पेट्रोल सिलेंडर की कीमतें कितनी बढ़ गई हैं। स्थिति कठिन है, और अन्य संकट भी उभर रहे हैं। इसलिए, हम इस पर चर्चा चाहते हैं।

इसी तरह की भावना व्यक्त करते हुए कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने भाजपा के बयान पर सवाल उठाया और सत्ताधारी वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) और भाजपा के बीच गुप्त मिलीभगत का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि किसके साथ दीर्घकालिक संबंध हैं, और गुप्त मिलीभगत ही मुख्य प्रश्न है। केरल में एलडीएफ और यूडीएफ (संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा) आपस में लड़ते हैं, और हम सभी जानते हैं कि चुनाव के समय एलडीएफ भाजपा के साथ गुप्त मिलीभगत करता है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद के. सुरेश ने विश्वास जताते हुए दावा किया कि राज्य में चुनावी माहौल यूडीएफ के पक्ष में है।

उन्होंने कहा कि केरल चुनाव का माहौल यूडीएफ के पक्ष में है। यूडीएफ जीतेगा। 140 में से 100 सीटें हम जीतने वाले हैं।

कांग्रेस नेताओं की ये टिप्पणियां प्रधानमंत्री मोदी के केरल दौरे के एक दिन बाद आई हैं, जहां उन्होंने आरोप लगाया था कि एलडीएफ और यूडीएफ दोनों ही राज्य की जनता को निराश कर चुके हैं और राजनीतिक बदलाव का आह्वान करते हुए कहा था कि केरल बदलाव के लिए तैयार है।

शब्दों की बढ़ती जंग केरल में चल रही उच्च स्तरीय राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को रेखांकित करती है, जहां भाजपा एक ऐसे राज्य में अपनी पकड़ मजबूत करने का प्रयास कर रही है, जहां पारंपरिक रूप से एलडीएफ और यूडीएफ का वर्चस्व रहा है।



# सोशल मीडिया के दबाव में मत आइए, खुद को अपनाइए : कुब्रा सैत

एक्ट्रेस कुब्रा सैत ने हाल ही में सोशल मीडिया पर दिखने वाले परफेक्ट बॉडी स्टैंडर्ड्स पर अपनी बात रखते हुए बताया है कि किस तरह से सोशल मिडीया का दखल व्यक्तिगत जीवन में बढ़ गया है। साथ ही इस पर कुब्रा ने लोगों को सलाह भी दी है कि इन चीजों के लिए सोशल मीडिया को दोष देने के बजाय खुद के अंदर झांकना चाहिए। इस विषय में कुब्रा कहती हैं, असली समस्या सोशल मीडिया नहीं, बल्कि हमारी अपनी असुरक्षाएं हैं। अगर इंसान का आत्मविश्वास मजबूत हो, तो बाहर की चीजें उसे ज्यादा प्रभावित नहीं कर सकती। इसके अलावा उन्होंने अपनी बात करते बताया कि वे खुद को फिट रखने पर ध्यान देती हैं, लेकिन किसी तरह के बदलाव का सहारा नहीं लेतीं। हालांकि, वह यह भी मानती हैं कि हर किसी की अपनी पसंद होती है और ऐसे में हर किसी को चाहिए कि वे दूसरों को जज न करें।

कुब्रा कहती हैं, हर किसी की अपनी जर्नी होती है, अपनी पसंद होती है, इसलिए दूसरों को जज करने या उनसे खुद की तुलना करने की बजाय अपनी लाइफ और अपने सफर पर ध्यान दें। इन सबके अलावा अपने करियर के बारे में बात करते हुए कुब्रा ने यह भी बताया कि मेहनत और अनुशासन उनके लिए बहुत जरूरी रहे हैं।

हालांकि मुंबई आना उनके लिए एक बड़ा टर्निंग पॉइंट था, जिससे उन्हें अपने सपनों को पूरा करने का मौका मिला। फिलहाल अपनी मेहनत और लगन से इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना चुकी कुब्रा कहती हैं कि उन्हें अपने काम से उम्मीद से ज्यादा मिला है और इसके लिए वह बेहद शुक्रगुजार हैं।

# दूसरी बार मां बनीं सोनम कपूर बेबी बॉय को दिया जन्म



एक्ट्रेस सोनम कपूर के लिए रविवार का दिन बेहद खास रहा। एक्ट्रेस दूसरी बार मां बनी हैं, उन्होंने दूसरे बेटे को जन्म दिया है। इसकी जानकारी सोनम ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए दी है। सोनम अब दो बच्चों की मां बन गई हैं। सोनम कपूर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा, बेहद शुक्रगुजार और प्यार से भरे दिलों के साथ, हमें 29 मार्च 2026 को अपने बेटे के आने की खुशखबरी सुनाते हुए बहुत खुशी हो रही है। हमारा परिवार और बड़ा हो गया है और उसके आने से हमारे दिल खुशियों से और भी ज्यादा भर गया है। 'रांझणा' फेम अभिनेत्री ने बताया कि उनका बड़ा बेटा वायु अब छोटे भाई को पाकर बहुत खुश है। सोनम ने आगे लिखा, वायु अपने छोटे भाई का स्वागत करके बहुत उत्साहित और खुश है और हम इस अनमोल नई जिंदगी के लिए खुद को बहुत धन्य महसूस करते हैं, जिसने हमारे घर को खुशियों और प्यार से भर दिया है।

पोस्ट के अंत में सोनम और आनंद ने लिखा, हम चार लोगों के परिवार के रूप में इस खूबसूरत नए सफर की शुरुआत करने के लिए शुक्रगुजार हैं। इस खुशखबरी को लेकर सोनम के परिवार और दोस्तों की ओर से ढेरों शुभकामनाएं मिलीं। करीना कपूर ने लिखा, बधाई हो सोना और आनंद। सोनम की बहन रिया कपूर ने दिल वाले इमोजी के साथ खुशी जताई। सोनम के चाचा संजय कपूर ने भी रेड हार्ट इमोजी के साथ अपनी खुशी जाहिर की। इसके अलावा, दीया मिर्जा और हुमा कुरैशी ने भी कमेंट सेक्शन में बधाई दी।

सोनम कपूर ने पिछले साल नवंबर में अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। उन्होंने एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की थी जिसमें वह हॉट पिंक रंग का शानदार सूट पहने नजर आई थीं। कैप्शन में सिर्फ एक शब्द लिखा था - मां।

सोनम कपूर ने मई 2018 में बिजनेसमैन आनंद आहूजा से शादी की थी। दोनों कई सालों से रिश्ते में थे। सोनम ने अगस्त 2022 में अपने पहले बेटे वायु को जन्म दिया था।

# धुरंधर की सफलता के बाद अब बादशाह की सवारी करेंगी सौम्या टंडन, शुरू की घुड़सवारी की ट्रेनिंग

अभिनेत्री सौम्या टंडन इन दिनों स्पाई एक्शन फिल्म 'धुरंधर: द रिवेंज' को लेकर सुर्खियों में छाई हैं। इस बीच, अभिनेत्री ने अपने नए शौक का खुलासा किया और बताया कि उन्होंने उसकी ट्रेनिंग भी शुरू कर दी हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि उन्हें घुड़सवारी का काफी शौक था, जिसकी उन्होंने ट्रेनिंग शुरू कर दी है। फिल्म की सफलता के बाद सौम्या अब अपनी नई रुचि पर फोकस कर रही हैं। घुड़सवारी उनके लिए न सिर्फ नया शौक है बल्कि एक सपने को पूरा करने की दिशा में पहला कदम भी है।

सौम्या ने कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। इसमें वे घोड़ों के साथ नजर आ रही हैं। वहीं, कुछ तस्वीरों में वे घुड़सवारी सीखते हुए भी दिख रही हैं।

सौम्या ने लिखा, पहला दिन और पहली घुड़सवारी की क्लास।






अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें बचपन से ही घोड़े बहुत पसंद रहे हैं। उन्होंने लिखा, घोड़े बहुत सुंदर और नाजुक जानवर होते हैं। मैं हमेशा उनसे आकर्षित रही हूं। मैं बचपन में एक बड़े फार्म का सपना देखती थी, जहां खूबसूरत घोड़े और कुत्ते हों। मैं खुद उन घोड़ों पर सवारी करते हुए खुद को देखती थी।

सौम्या ने लिखा, पहला दिन थोड़ा मुश्किल रहा, लेकिन मैंने घुड़सवारी सीखना शुरू कर दिया है, तो पहला दिन काफी खतरनाक और थकाऊ था। मेरी पीठ में दर्द हो रहा है, लेकिन इस क्लास में मुझे एक नया दोस्त मिल गया। वह दोस्त है एक सुंदर सफेद घोड़ा, जिसका नाम 'बादशाह' है।

सौम्या ने मजाकिया अंदाज में बताते हुए लिखा, मैंने बादशाह से बहुत बातें कीं। सच कहूं तो वह बहुत अच्छा सुनने वाला था या शायद उसके पास और कोई चारा नहीं था, लेकिन उसने मेरी सारी बातें ध्यान से सुनीं। मुझे लगता है कि हमारे बीच एक खास कनेक्शन बन गया है। हम अच्छे दोस्त बन गए हैं।

अंत में सौम्या ने लिखा, फिर मिलेंगे बादशाह, जल्दी ही। उम्मीद है एक दिन हम साथ में घोड़ी चलाएंगे और तेज दौड़ लगाएंगे।

# ट्रेजेडी क्वीन क्यों कहलायीं मीना कुमारी? पर्दे से लेकर असल जिंदगी तक दर्द से भरी रही कहानी



बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा मीना कुमारी को लोग आज भी याद करते हैं। उन्हें इंडस्ट्री में 'ट्रेजेडी क्वीन' कहा जाता था, और यह टैग उन्हें यूं ही नहीं मिला था। उनकी अदाकारी में जो दर्द नजर आता था, वह उनकी असल ज़िन्दगी का आईना था। उनका निधन 31 मार्च 1972 को हुआ। मीना ने महज 39 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। उनकी कहानी एक ऐसी कलाकार की कहानी है, जिसने पर्दे पर जितना दुख जिया, असल ज़िन्दगी में उससे कहीं ज्यादा सहा। मीना कुमारी का जन्म 1 अगस्त 1933 को हुआ। उनका असली नाम महजबीं बानो था। कहा जाता है कि मीना के पैदा होने से उनके पिता बिल्कुल भी खुश नहीं थे; उन्हें बेटे की चाह थी। बेटी के पैदा होने से वह इस कदर निराश हुए कि मीना को कुछ समय के लिए अनाथालय में छोड़ आए थे। हालांकि, बाद में मन बदलने पर उन्हें वापस घर भी ले आए थे।

घर की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मीना कुमारी को बहुत छोटी उम्र में ही काम करना पड़ा। महज चार साल की उम्र में उन्होंने फिल्मों में कदम रखा और धीरे-धीरे अपने परिवार की जिम्मेदारी उठाने लगीं। इस उम्र में जहां बच्चे खेलते-कूदते हैं, वहीं मीना कैमरे के सामने काम कर रही थीं। यह संघर्ष ही उनके भीतर एक गहराई लेकर आया, जो बाद में उनके अभिनय की सबसे बड़ी ताकत बनी। जैसे-जैसे उनका करियर आगे बढ़ा, उन्होंने कई यादगार फिल्में दीं, जिनमें 'बैजू बावरा', 'परिणीता', 'साहिब बीबी और गुलाम' और 'पाकीजा' जैसी फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों में उनके किरदार अक्सर दुख, त्याग और दर्द से भरे होते थे। उनकी आंखों में एक अजीब सी उदासी झलकती थी, जो दर्शकों के दिल को छू जाती थी। यही वजह थी कि लोग उन्हें 'ट्रेजेडी क्वीन' कहने लगे। उनकी निजी जिंदगी भी किसी फिल्म से कम नहीं थी। मीना कुमारी को फिल्म निर्देशक कमाल अमरोही से प्यार हुआ और दोनों ने शादी कर ली। लेकिन यह रिश्ता ज्यादा समय तक खुशहाल नहीं रह पाया। धीरे-धीरे उनके बीच दूरियां बढ़ने लगीं और दोनों अलग हो गए। इस टूटे रिश्ते ने मीना कुमारी को अंदर से पूरी तरह तोड़ दिया। अकेलेपन और मानसिक तनाव ने उन्हें धीरे-धीरे शराब की ओर धकेल दिया। यह आदत उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर डालने लगी। कहा जाता है कि वह डिप्रेशन का भी शिकार हो गई थीं। उनकी जिंदगी में शोहरत, पैसा और नाम तो सब कुछ था, लेकिन सुकून नहीं था। यही वजह थी कि उनकी असल जिंदगी भी उसी दर्द से भरी रही, जिसे वह पर्दे पर निभाती थीं।

महज 39 साल की उम्र में मीना कुमारी ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनकी मौत लीवर सिरोसिस के कारण हुई। इतनी कम उम्र में उनका जाना फिल्म इंडस्ट्री के लिए एक बड़ा झटका था।

## मीना कुमारी के वो यादगार गाने, जो आज भी हर दिल की धड़कन हैं

बाल कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री मीना कुमारी बाद में 'ट्रेजेडी क्वीन' नाम से मशहूर हुईं। अभिनेत्री ने करीब 30 साल के फिल्मी सफर में कई यादगार किरदार निभाए और एक शानदार विरासत छोड़ गईं। उनकी अदाकारी के साथ-साथ फिल्मों के गीत भी आज तक लोगों के दिलों में बसे हुए हैं। उनकी याद में हम आपको बेहतरीन गानों के बारे में बताते हैं, जिनमें से कुछ आज भी सोशल मीडिया पर ट्रेंड करते रहते हैं। अजीब दास्तां है ये : यह गाना साल 1969 में रिलीज हुई फिल्म 'दिल अपना और प्रीत पराई' के लोकप्रिय गीतों में शुमार हैं। गाने को शैलेंद्र ने लिखा, जबकि शंकर-जयकिशन ने संगीतबद्ध किया और लता मंगेशकर ने गाया है। मीना कुमारी और राज कुमार पर फिल्माया गया यह गीत अनकहे प्यार, दिल की उलझनों और भावनात्मक तकलीफ को बहुत खूबसूरती से बयां करता है।



'इन्हीं लोगों ने ले लीना दुपट्टा मेरा': 1972 में आई फिल्म 'पाकीजा' में मीना कुमारी ने इस गाने पर डांस किया था। मीना कुमारी की अदाकारी में इस गाने का जादू और भी बढ़ा दिया था। यह गाना 1956 में लिखा गया था, लेकिन फिल्म में कमाल अमरोही ने इसे शाही अंदाज में पेश किया था।

'चलते-चलते यूं ही कोई मिल गया था' - फिल्म पाकीजा का यह दूसरा गीत भी लता मंगेशकर ने ही गाया था। मीना कुमारी ने बीमार होने के बावजूद इस गाने को फिल्माया था। यह उनकी आखिरी फिल्मों में से एक थी। गाने में एक अचानक हुई मुलाकात और उसके बाद की भावनाओं को खूबसूरती से दिखाया गया है। यह गाना मीना कुमारी की अदाकारी और भावपूर्ण अभिनय का शानदार मिश्रण है।

हम तेरे प्यार में सारा आलम : फिल्म 'दिल एक मंदिर' का यह गाना मीना कुमारी की निस्वार्थ प्रेम की कहानी को दर्शाता है। लता मंगेशकर की आवाज में गाया गया यह गीत शंकर-जयकिशन के संगीत और हसरत जयपुरी के बोलों से सजा है। यह गाना एक लव ट्रायंगल पर आधारित है, जहां सीता (मीना कुमारी) अपने पति राम (राज कुमार) के कैंसर का इलाज कराते हुए उनके डॉक्टर धर्मेश (राजेंद्र कुमार) के प्रति अपनी भावनाओं को छुपाती हैं। मीना कुमारी की फिल्में और गाने आज भी क्लासिक माने जाते हैं। उनकी अदाकारी में एक खास तरह का दर्द था, जो दर्शकों को सीधे दिल से जुड़ता था।



# अक्षय कुमार ने शेयर किया जीवन का सबसे बड़ा सबक, बताया कैसे सच होते हैं सपने

जिंदगी में अक्सर चीजें हमारी योजना के अनुसार नहीं होतीं। कई ऐसी घटनाएं हो जाती हैं, जिनकी हमने कभी कल्पना भी नहीं की होती। इसलिए हमें कभी भी यह नहीं सोचना चाहिए कि कोई चीज हमारी क्षमता या पहुंच के बाहर है। इस बात को हाल ही में टीवी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के हालिया एपिसोड में अभिनेता अक्षय कुमार ने बहुत ही आसान तरीके से शो के एक कंटेस्टेंट को समझाया। दरअसल, शो के दौरान कंटेस्टेंट स्तुति ने कहा कि उसे लगता है कि कुछ लोग 'उसकी लीग' से बाहर हैं। स्तुति ने बताया कि शाहरुख खान हमेशा से उसके क्रश रहे हैं और जब शाहरुख खान ने गौरी खान से शादी की थी, तो उसका दिल टूट गया था। फिर, उसने सोचा कि अगर शाहरुख नहीं तो आर्यन खान सही, लेकिन बाद में उसे लगा कि आर्यन खान भी उसकी लीग से बहुत बाहर हैं।

अक्षय कुमार ने स्तुति की इस बात को सुनकर अपनी जिंदगी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जिंदगी में कुछ भी असंभव नहीं होता। इसलिए हमें खुद पर भरोसा रखना चाहिए और हर अवसर को अपनाने के लिए तैयार रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि किसी को भी यह सोचकर सीमित नहीं रहना चाहिए कि कोई व्यक्ति या सपना उसकी पहुंच से बाहर है। अक्षय ने अपनी कहानी बताते हुए कहा कि उनकी शादी ट्विंकल खन्ना से हुई है। ट्विंकल खन्ना दिवंगत सुपरस्टार राजेश खन्ना और अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया की बेटी हैं।


अक्षय ने अपने बचपन की यादें साझा करते हुए कहा, जब मैं छोटा था, तो मेरे पापा और मम्मी मुझे कंधों पर बिठाकर कार्टर रोड और बैंडस्टैंड घुमाने ले जाते थे। उस समय राजेश खन्ना जी की गाड़ी वहां से गुजरती थी। तब वे मेरे ससुर नहीं थे, सिर्फ एक बड़े स्टार थे। उस समय हम उन्हें दूर से देखा करते थे।

उन्होंने आगे कहा, किसी ने कभी सोचा भी नहीं था कि एक दिन मेरी शादी उनकी बेटी से हो जाएगी। उस समय तो मैंने भी इसकी कल्पना नहीं की थी।

अक्षय कुमार ने जोर देते हुए कहा कि असल में कोई भी चीज हमारी पहुंच से बाहर नहीं होती। उन्होंने बताया कि बचपन में राजेश खन्ना को देखने वाले छोटे लड़के को आजकल लोग उनके दामाद के रूप में जानते हैं। यह उदाहरण देकर उन्होंने साबित किया कि जिंदगी में सपने और मौके कभी भी हकीकत बन सकते हैं।

# आज महावीर जयंती

## जानें महावीर भगवान के अनमोल वचन, जिनसे पा सकते हैं सफलता और आनंद



भगवान महावीर का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर हुआ था। ऐसे में जैन धर्म के लोग इस तिथि को महावीर जयंती के रूप में मनाते हैं। मान्यता है कि महावीर देवता जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे। उन्होंने हमेशा समाज को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया। जैन धर्म के लोग महावीर जयंती का त्योहार बहुत धूमधाम से मनाते हैं। इस दिन विशेष रूप से प्रभात फेरी, शोभ यात्रा और अनुष्ठान का आयोजन किया जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं की महावीर जयंती कब मनाई जाएगी और महावीर स्वामी के कुछ अनमोल वचन।

भगवान महावीर का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर हुआ था, जिसकी शुरुआत इस बार 30 मार्च, सोमवार को सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर होगी। वहीं, अगले दिन यानी 31 मार्च, मंगलवार को सुबह 6 बजकर 57 मिनट पर त्रयोदशी तिथि समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, आज यानी 31 मार्च को महावीर जयंती का त्यौहार मनाया जाएगा।

**महावीर जयंती का पर्व क्यों मनाया जाता है?**

महावीर भगवान को उन 24 लोगों में से एक माना जाता है जिन्होंने कठिन तपस्या करने के बाद आत्मज्ञान प्राप्त किया। महावीर स्वामी ने 12 वर्षों तक लगातार कठोर तपस्या की थी। तप, जप और मौन के द्वारा महावीर भगवान ने अपनी इंद्रियों पर काबू पाया। इसके पश्चात, ज्ञान प्राप्त किया था। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, महावीर स्वामी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे।

इस शुभ अवसर पर जैन धर्म के लोग मंदिरों में महावीर देवता का सोने व चांदी के कलश से अभिषेक करते हैं। इसके बाद, शोभ यात्रा निकाली जाती है।

**महावीर भगवान के अनमोल वचन**

महावीर स्वामी ने कहा था, मनुष्य के दुखी होने का कारण उसकी खुद की गलतियां हैं। जो मनुष्य अपनी गलतियों पर काबू पा लेता है, वही सच्चे सुख को प्राप्त कर सकता है।

मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है अहिंसा। हमें हमेशा जियो और जीने दो संदेश को मानना चाहिए।

हर जीवित प्राणी के प्रति अपने मन में दया भाव रखना ही अहिंसा होता है। घृणा की भावना से हम स्वयं का विनाश करते हैं और यह दूसरों के लिए भी कष्टकारी हो सकती है।

असल में शत्रु हमारे अंदर ही रहते हैं। ये शत्रु- द्वेष, लालच, घमंड, क्रोध और नफरत है। खुद पर विजय प्राप्त करना लाखों शत्रुओं पर विजय पाने से उत्तम होता है।

भगवान महावीर द्वारा बताए गए 5 प्रमुख सिद्धांत अहिंसा, ब्रह्मचर्य, सत्य, अपरिग्रह और अचौर्य के पांच व्रतों का पालन करना है।

# पंचशील सिद्धांत के प्रवर्तक भगवान महावीर


जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी अहिंसा के प्रमुख ध्वजवाहकों में से एक हैं। जैन ग्रंथों के अनुसार, 23वें तीर्थंकर पार्शवनाथजी की मोक्ष प्राप्ति के 298 वर्ष बाद महावीर स्वामी का अवतरण ऐसे युग में हुआ, जहाँ पशुबलि, हिंसा और जाति-पाति के भेदभाव का विस्तार था। बचपन से ही महावीर तेजस्वी थे। शिक्षा पूर्ण होने के पश्चात् इनका विवाह राजकुमारी यशोदा से किया गया। उन्हें प्रियदर्शना नामक एक पुत्री हुई, जिसका विवाह जमाली से किया गया। महावीर स्वामी के जन्म के पश्चात पूरे राज्य में धन-धान्य की वृद्धि हुई। अतः उनको महावीर, सन्मति, श्रमणे के अलावा वर्धमान से भी संबोधित किया गया। माता-पिता स्वर्गस्थ होने के पश्चात राजकुमार महावीर के मन में वैराग्य लेने की भावना जागृत हुई। इसके लिए इन्होंने अपने ज्येष्ठ भ्राता से आज्ञा मांगी तो भाई ने उन्हें कुछ समय रुकने का आग्रह किया।

अतः तीस वर्ष की यौवन वय में कुमार महावीर ने वैराग्य लेकर संयम जीवन अंगीकार किया। कठोर तपस्या के बाद जम्बक में रिजुबालिका नदी के तट पर एक साल्व वृक्ष के नीचे सच्चा ज्ञान प्राप्त हुआ। इसके बाद उन्हें 'केवली' नाम से जाना गया। उनके उपदेश चारों ओर फैलने लगे। बड़े-बड़े राजा महावीर स्वामी के अनुयायी बन गए। उनमें बिम्बिसार भी एक थे। महावीर स्वामी ने त्याग, प्रेम और अहिंसा का संदेश विश्व को दिया। वे जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर बने और विश्व के श्रेष्ठ महात्माओं में शुमार हुए।

संयम जीवन के दौरान महावीर स्वामी को अनेक उपसर्गों-यातनाओं का सामना करना पड़ा, जो उन्होंने अपने कर्मों के क्षय के खातिर समता भाव से सहन किया। एक अभिग्रह को पूर्ण करने में उन्होंने बेबस नारी चन्दनबाला का उद्धार किया। महावीर स्वामी के शिक्षाओं में मुख्य रूप से सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह है, जिसे पंचशील कहा जाता है।

भगवान महावीर ने अहिंसा को जैन धर्म का आधार बनाया। उन्होंने समाज को समानता के अधिकार का संदेश दिया। महावीर स्वामी ने नारी जीवन के उत्थान पर भी विशेष बल दिया।

भगवान महावीर के निर्वाण के करीब दो सौ साल बाद जैन धर्म श्वेताम्बर और दिगम्बर दो संप्रदायों में बँट गया। कालांतर में उसमें



भी मूर्तिपूजक, स्थानकवासी, तेरापंथी, 22 टोला आदि अनेक मतांतर हुए, परन्तु, अहिंसा, सत्य आदि पंचमहाव्रत के मूलभूत सिद्धांत को सभी पंथों ने अपनाया है। इससे अनेकता में भी एकता दृष्टिगोचर होती है। आज पूरे विश्व में अशान्ति फैली है। ऐसे समय भगवान महावीर के संदेश बहुत प्रासंगिक हैं। आज के शुभ दिन उनका मूल लक्ष्य 'सर्व जीव कर शासन रसि' का स्मरण करते हुए उनके द्वारा दिए गये कर्म व सिद्धांत को आत्मसात करके शुभ कार्यों की ओर प्रवृत्त होना चाहिए।



**–जसराज देवड़ा धोका**


# आज के समाज को महावीर मार्ग की आवश्यकता

विश्व इतिहास में कुछ महापुरुषों की शिक्षाएँ समय की सीमाओं को लांघकर युगों-युगों तक मानव समाज का मार्गदर्शन करती रहती हैं। ऐसे ही आध्यात्मिक महापुरुषों में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर वर्धमान महावीर का विशिष्ट स्थान है। अहिंसा, सत्य, आत्मसंयम, अपरिग्रह और समभाव जैसे शाश्वत जीवन मूल्यों का संदेश देने वाले महावीर केवल जैन धर्म तक सीमित महर्षि नहीं थे, बल्कि समस्त मानवता को आत्मशांति, नैतिकता और मानवता की ओर मार्गदर्शन करने वाले महान गुरु थे।

महावीर का जीवन त्याग, तपस्या और आत्मविजय का प्रतीक है। राजवंश में जन्म लेकर सुख-सुविधाओं के बीच पले-बढ़े होने के बावजूद उन्होंने जीवन का सार भोग-विलास में नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और आत्मसाधना में खोजा। उन्होंने भौतिक वैभव का परित्याग कर तप के मार्ग को अपनाया। उनके द्वारा प्राप्त कैवल्य ज्ञान ने मानव जीवन के सर्वोच्च सत्य का परिचय कराया। बाहरी संसार को जीतने से अधिक, मनुष्य अपने भीतर के क्रोध, मोह, लोभ, अहंकार और हिंसक प्रवृत्तियों पर विजय प्राप्त करे – यही सच्ची विजय है, यह उन्होंने अपने जीवन से सिद्ध किया।

यदि आज के समाज की परिस्थितियों पर दृष्टि डालें, तो महावीर की शिक्षाओं की प्रासंगिकता और भी स्पष्ट हो जाती है। ज्ञान बढ़ा है, पर विवेक घटा है। तकनीक का विस्तार हुआ है, पर सहनशीलता कम हुई है। संपत्ति बढ़ी है, पर संतोष लुप्त होता जा रहा है। परिवारों में कलह, समाज में विद्वेष, व्यक्ति के जीवन में अस्थिरता और मानसिक तनाव बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे समय में महावीर का अहिंसा सिद्धांत समाज के लिए अत्यंत आवश्यक औषधि के समान प्रतीत होता है।

**जैन धर्मगुरु वर्धमान महावीर जयंती के अवसर पर विशेष लेख**



हिंसा केवल हथियारों से ही नहीं, बल्कि शब्दों, विचारों और व्यवहार से भी होती है – यह शिक्षा आज विशेष रूप से स्मरणीय है।

इसी प्रकार महावीर द्वारा प्रतिपादित सत्य और अपरिग्रह के सिद्धांत आज के उपभोक्तावादी, प्रतिस्पर्धात्मक और ईर्ष्या-आधारित जीवन के लिए एक श्रेष्ठ विकल्प प्रस्तुत करते हैं। आवश्यकताओं से अधिक इच्छाएँ बढ़ती जा रही हैं और मनुष्य अपनी ही वासनाओं का दास बनता जा रहा है। संपत्ति, अधिकार और प्रदर्शन की दौड़ में उलझे आधुनिक समाज के लिए आवश्यकता से अधिक संचय न करना – महावीर का यह संदेश अत्यंत प्रासंगिक है। व्यक्ति यदि अपने मन को नियंत्रित कर सके, तभी समाज शांति और संतुलन की दिशा में आगे बढ़ सकता है – यह सत्य उनकी शिक्षाएँ स्पष्ट रूप से बताती हैं।

ऐसी परिस्थिति में महावीर जयंती केवल एक औपचारिक धार्मिक उत्सव बनकर नहीं रह जानी चाहिए। वर्तमान में मनाई जा रही लगभग 2625वीं महावीर जयंती मूल्यों के पुनर्जागरण का एक महत्वपूर्ण अवसर बननी चाहिए। शोभायात्राएँ, पूजन, सभाएँ और धार्मिक आयोजन अपने स्थान पर आवश्यक हैं, किंतु उससे भी अधिक आवश्यक है कि महावीर की शिक्षाओं को व्यक्ति अपने निजी जीवन, पारिवारिक संबंधों और सामाजिक व्यवहार में उतारे। अहिंसा के साथ बोलना, सत्य के साथ जीना, दूसरों के प्रति करुणा रखना, अति-आसक्ति, अति-संपत्ति और अति-अहंकार से दूर रहना, तथा प्रकृति और प्रत्येक जीव के प्रति जिम्मेदारी का भाव रखना – यही महावीर जयंती का वास्तविक पालन है।

वर्धमान महावीर केवल इतिहास के एक महान पुरुष नहीं हैं, बल्कि आज के अशांत, असहिष्णु और असंतुलित समाज के लिए एक शाश्वत दिशासूचक हैं। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने से अधिक महत्वपूर्ण है कि उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में स्थान दिया जाए। यदि समाज में पुनः शांति, सहनशीलता, नैतिकता, मानवता और अनुशासन का विकास करना है, तो महावीर मार्ग ही हमारे लिए आदर्श बनना चाहिए।



**पगुडाकुला बालस्वामी**
**धर्माचार्य संपर्क प्रमुख**
**विश्व हिंदू परिषद**
**तेलंगाना राज्य**

# आपके घर में किस दिशा में है वास्तु दोष इन उपायों से दूर करें दिशा का दोष



**ना कि किसी भी मकान आदि का छः भाग वास्तु अनुरूप है एवं तीन भाग वास्तु दूषित है, तो अधिक फल लाभ का मिलेगा, लेकिन शर्त इतनी है कि तीन दूषित भागों के दोषों का निवारण वास्तु सम्मत उपायों से अवश्य करें। फेंगशुई के उपाय, ग्रह उपचार, वास्तु उपायों के साथ करने पर दोष निवारण को न्यूनतम कर जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त की जा सकती है।**

वास्तु दोष निवारण के लिए प्रमुख बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए, जैसे ब्रह्म स्थान का शुद्ध होना, प्रवेश द्वार की स्थिति, ईशान कोण, अग्नि कोण, नैऋत्य कोण, वायव्य कोण, चारों कोणों का घटना-बढ़ना एवं उसमें क्या सही और क्या गलत निर्माण हो चुका है, इन सब पर ध्यान देना। सीढ़ियों की दिशा एवं संख्या को ध्यान में रखना, रसोईघर, स्नानघर, शौचालय की स्थिति, पानी की टंकी आदि का ध्यान रखना, शयन कक्ष का कमरा, शयन कक्ष में फर्नीचर की स्थिति इत्यादि बातों पर गौर करना आवश्यक है।

**घर में पंच तत्वों की स्थिति**

पांच तत्वों की मकान में अलग-अलग स्थिति रहती है। ईशान कोण में जल तत्व, अग्नि कोण के मालिक पितृ एवं अग्निदेव, नैऋत्य कोण विघ्नों की राक्षसी दिशा, वायव्य कोण में वायु तत्व, ब्रह्म स्थान में आकाश तत्व, इस प्रकार पंचतत्व को वास्तु कुण्डली बनाकर समायोजन करना आवश्यक रहता है। यह कार्य कोई विशेष वास्तु मर्मज्ञ ही कर सकता है।

**ईशान कोण का दोष दूर करने के उपाय**

ईशान कोण का दोष न्यूनतम करने के लिए इस कोण पर जल पात्रों को स्थापित करना, भगवान शिव का चित्र, शिव ध्वजा लगाना दोष दूर करने का सरल माध्यम है। इसी प्रकार अग्नि कोण में बैठकर अग्निदेव का ध्यान कर अपने पूर्वजों के निमित्त दान, पूजा, सूर्य व गायत्री उपासना एवं नित्य अग्निहोम करने से अग्निकोण का वास्तुदोष न्यूनतम हो जाता है। नैऋत्य कोण की अधिष्ठात्री नैऋति देवी को माना गया है, अतः इनके ध्यान के साथ गरीबों की सेवा और मदद करने से आत्मरक्षा होती है। भैरव उपासना दक्षिण व नैऋत्य दोष निवारण हेतु शुभ मानी गई है। वास्तु उपासना के साथ वास्तु यंत्र को घर में स्थापित करना लाभप्रद रहता है।

# आज सूर्य और चंद्रमा बनाएंगे वरिष्ठ योग, भाग्य का बड़ा साथ पाएंगे मेष, मिथुन और तुला समेत अन्य राशियों के जातक

आज यानी 31 मार्च दिन है मंगलवार और तिथि है चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी, ऐसे में आज दिन के स्वामी देवता हनुमानजी रहेंगे। जबकि आज चंद्रमा का गोचर सिंह उपरांत कन्या राशि से होगा। और चंद्रमा से सप्तम भाव में मंगल का गोचर होगा। जबकि आज सूर्य के चंद्रमा छठे भाव में सिंह राशि में होंगे जिससे आज वरिष्ठ योग का संयोग बनेगा। और इन सबके साथ ही साथ आज रवियोग का भी संयोग बनेगा। ऐसे में आज मंगलवार का दिन मेष, मिथुन, तुला, धनु और कुंभ राशि के जातकों के लिए बहुत ही शुभ फलदायी होगा। भाग्य का इनको जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग मिलेगा।

**मेष राशि –**मेष राशि के जातकों के लिए आज यानी 31 मार्च का दिन भाग्य से लाभ पाने का रहेगा। आपको आर्थिक क्षेत्र में भाग्य लाभ दिला सकता है। शिक्षा और करियर में भी आपको उन्नति का मौका मिलेगा। नौकरी में दिन आपको कुछ व्यस्तता भरा होगा, विशेष रूप से जो लोग अकाउंट और बैंकिंग के काम से जुड़े हुए हैं। वैसे आपको अपनी मेहनत का शुभ परिणाम भी प्राप्त होगा। कोई सोचा हुआ काम आपका पूरा हो जाएगा। संतान की ओर से आप आज के दिन लकी रहेंगे। बच्चों की शिक्षा और दाखिला से जुड़ा प्रयास कर रहे हैं तो आपको कामयाबी मिल सकती है। आपके सितारे यह भी बताते हैं कि वैवाहिक जीवन और प्रेम प्रसंग के मामले में दिन आपका शुभ रहेगा। वैसे आपके लिए सलाह है कि अति उत्साह में जोखिम लेने से आपको बचना चाहिए।



**उपाय : आज राशि स्वामी मंगल की कृपा के लिए आपको हनुमान चालीसा का 7 बार पाठ करना चाहिए।**

**मिथुन राशि –**मिथुन राशि के जातक आज अपनी वैचारिक दुनिया में खोए रह सकते हैं। मन आपका अध्यात्म और धार्मिक विषयों की ओर आकर्षित होगा। वैसे कामकाज भी आपका सुचारू चलेगा और अब आप अपने लिए लक्ष्य तय कर सकते हैं। किसी वरिष्ठ व्यक्ति से सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आपके लिए भाग्य का सितारा आर्थिक लाभ का संयोग बनाएगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम और आपसी सामंजस्य बढेगा। मित्रों और सहकर्मियों से भी आपको सहयोग मिलेगा। राशि में विराजमान गुरु और आपकी प्रबंधन क्षमता को धार देगा। कोई चाहत पूरी होने की खुशी होगी।

**उपाय : आज आपको उपाय के तौर पर हनुमानजी को सिंदूर का लेपन करना चाहिए और बूंदी का प्रसाद बच्चों में बांटना चाहिए।**

**तुला राशि –** तुला राशि के जातको के लिए आज महीने का अंतिम दिन आनंददायक रहने वाला है। आपको अपने कार्यक्षेत्र में टीमवर्क का फायदा मिलेगा। आप अपनी कार्ययोजना को सही और सटीक तरीके से लागू कर पाएंगे। आर्थिक मामलों में आपको भाग्य का साथ मिलेगा और आपकी कमाई में वृद्धि हो सकती है। आपके सितारे बताते हैं कि आपकी फैमिली लाइफ सुखद रहेगी। जीवनसाथी के साथ आपको रोमांटिक समय बिताने का मौका मिलेगा। अपने लिए आप कुछ सुख साधनों की भी खरीदारी कर सकते हैं। आपके सितारे बताते हैं कि आप अपनी वाणी कुशलता से कारोबार में लाभ प्राप्त कर पाएंगे। सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**उपाय : आज आपको उपाय के तौर पर राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करना चाहिए।**

**धनु राशि–** धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेगा। आपके प्रयास फलीभूत होंगे और आपको कार्यक्षेत्र में सम्मान की प्राप्ति होगी। आपने मन में कार्यक्षेत्र में बदलाव का विचार आ सकता है और आपको कोई अच्छा अवसर भी मिल सकता है। आपकी राशि पर राशि स्वामी गुरु की दृष्टि होने से आपको आर्थिक योजनाओं का भी लाभ मिलेगा। पिता और पैतृक पक्ष से भी आपको फायदा हो सकता है। विदेश से जिन जातको के काम का संबंध है उनको आज कोई लाभ का मौका मिल सकता है। आपको ससुराल पक्ष के संबंधियों से भी सहयोग मिलने का संयोग बनेगा। किसी धार्मिक कार्य में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त कर पाएंगे।

**उपाय : आज के दिन धनु राशि के जातको को उपाय के तौर पर हनुमानजी को तुलसी पर राम नाम लिखकर अर्पित करना चाहिए। यह आपके ऊपर चल रही शनि की ढैय्या के प्रभाव को कम करेगा।**

**कुंभ राशि–** कुंभ राशि के जातकों के लिए आज 31 मार्च का दिन आर्थिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। नौकरी में आपका दिन मिलाजुला रहेगा। कामकाज के साथ आपको मनोरंजक समय बिताने का मौका मिलेगा। आर्थिक लाभ का भी संयोग बनेगा जिससे आपकी जेब हरी हो सकती है। सामाजिक संपर्क और नेटवर्क में वृद्धि होगी जिससे आपको फायदा हो सकता है। आपके लिए भाग्य कुछ नए अवसर भी लेकर आएगा जो आपको प्रसन्नता प्रदान करेगा। परिवार के साथ आपका मनोरंजक समय बीतेगा, किसी निकट संबंधी से मिलने का भी संयोग बन सकता है। आपको किसी अनुभवी और ज्ञानी व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल पाएगा। सरकारी क्षेत्र के काम में आप सफलता प्राप्त कर पाएंगे।

**उपाय : आज के दिन आपको उपाय के तौर पर शनि की साढ़ेसाती के प्रभाव को कम करने के लिए हनुमान चालीसा अथवा सुंदरकांड का पाठ करना चाहिए।**

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

अपने ख़राब मूड को शादीशुदा ज़िंदगी में तनाव का कारण न बनने दें। इससे बचने की कोशिश करें, नहीं तो बाद में पछताना पड़ेगा। बिन बुलाया कोई मेहमान आज घर में आ सकता है बच्चे आपके दिन को बहुत मुश्किल बना सकते हैं। आपको अपनी तरफ़ से सबसे बेहतर तरीक़े से बर्ताव करने की ज़रूरत है इस राशि वालों को आज के दिन अपने लिए समय निकालने की शख्त जरुरत है अगर आप ऐसा नहीं करते तो आपको मानसिक परेशानियां हो सकती हैं। जीवनसाथी की वजह से आपको बाहर जाना पड़ सकता है, जो बाद में आपकी झल्लाहट की वजह बनेगा।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

घर पर तनाव का माहौल आपको नाराज़ कर सकता है। इसे दबाना आपकी शारीरिक समस्याओं में इज़ाफ़ा कर सकता है। शादी लायक़ युवाओं का रिश्ता तय हो सकता है। आपके प्रिय का प्यारा बर्ताव आपको ख़ास होने का अनुभव कराएगा; इन लम्हों का पूरा लुत्फ़ उठाएँ। आप क़ामयाबी ज़रूर हासिल करेंगे – बस एक-एक करके महत्वपूर्ण क़दम उठाने की ज़रूरत है। इस राशि वालों को आज के दिन अपने लिए समय निकालने की शख्त जरुरत है अगर आप ऐसा नहीं करते तो आपको मानसिक परेशानियां हो सकती हैं। जीवनसाथी से निकटता आज आपको ख़ुशी देगी।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आप ऐसे स्रोत से धन अर्जित कर सकते हैं, जिसके बारे में आपने पहले सोचा तक न हो। कोई दोस्त अपनी निजी समस्याओं के समाधान के लिए आपसे मश्वरा मांग सकता है। कार्यक्षेत्र की बात करें तो आपकी टीम का सबसे ज़्यादा खीझने वाला व्यक्ति काफ़ी समझदारी की बातें करता नज़र आ सकता है। इस राशि के लोग बड़े ही दिलचस्प होते हैं। ये कभी लोगों के बीच रहकर खुश रहते हैं तो कभी अकेले में हालांकि अकेले वक्त गुजारना इतना आसान नहीं है फिर भी आज दिन में कुछ समय आप अपने लिए जरुर निकाल पाएंगे। आपका वैवाहिक जीवन आपके परिवार के चलते नकारात्मकर रूप से प्रभावित हो सकता है ।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

गर्भवती महिलाओं को चलते-फिरते समय ख़ास ख़याल रखने की ज़रूरत है। अगर संभव हो तो ऐसे लोगों से दूर रहें जो धूम्रपान करते हैं, क्योंकि इससे पैदा होने वाले शिशु को नुक़सान हो सकता है। अपना कुछ समय दूसरों को देने के लिए अच्छा दिन है। आज के दिन किसी के साथ छेड़खानी करने से बचें। जो लोग अब तक बेरोजगार हैं उन्हें अच्छी जॉब पाने के लिए आज और अधिक मेहनत करने की जरुरत है। मेहनत करके ही आप सही परिणाम पा पाएंगे। इस राशि वाले जातकों को आज खाली वक्त में आध्यात्मिक पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। ऐसा करके आपकी कई परेशानियां दूर हो सकती हैं।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज अपनी सेहत के चिंता करने की क़तई ज़रूरत नहीं है। आपके आस-पास के लोग आपको प्रोत्साहित करेंगे व सराहेंगे। घर की जरुरतों को देखते हुए आज आप अपने जीवनसाथी के साथ कोई कीमती सामान खरीद सकते हैं जिससे आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके प्रतिद्वन्द्वियों को अपने ग़लत कामों का फल मिलेगा। यात्रा आपके लिए आनन्ददायक और बहुत फ़ायदेमंद होगी। किसी रिश्तेदार के यहा से कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती हैं।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

किसी करीबी रिश्तेदार की मदद से आज आप अपने करोबार में अच्छा कर सकते हैं जिससे आपको आर्थिक लाभ भी होगा। बच्चों की उनसे जुड़े मामलों में मदद करना आवश्यक है। प्यार का जज़्बा अनुभव के परे है, लम्बे समय से अटके फ़ैसलों को अमली जामा पहनाने में क़ामयाबी मिलेगी और नयी योजनाएँ आगे बढ़ेंगी। मुमकिन है कि आपके अतीत से जुड़ा कोई शख़्स आज आपसे संपर्क करेगा और इस दिन को यादगार बना देगा। मतभेदों की एक लम्बी श्रृंखला के पनपने के कारण आपको सामंजस्य बिठाने कें मुश्किल आएगी।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल किसी मुश्किल में फँसे इंसान की मदद करने के लिए करें। आकस्मिक मुनाफ़े या सट्टेबाज़ी के ज़रिए आर्थिक हालात सुदृढ़ होंगे। कुछ समय आप अपने शौक़ और अपने परिवार वालों की मदद में भी ख़र्च कर सकते हैं। मुश्किल मामलों से बचने के लिए आपको अपने संपर्क उपयोग करने की ज़रूरत है। आज आप कोई नई पुस्तक खरीदकर किसी कमरे में खुद को बंद करके पूरा दिन गुजार सकते हैं। वैवाहिक जीवन के लिहाज़ से यह बढ़िया दिन है। साथ में एक अच्छी शाम गुज़ारने की योजना बनाएँ।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

अपनी शारीरिक सेहत सुधारने के लिए संतुलित आहर लें जिन लोगों ने किसी रिश्तेदार से पैसा उधार लिया था उनको आज वो उधार किसी भी हालत में वापस करना पड़ सकता है। आपका ज्ञान और हास-परिहास आपके चारों ओर लोगों को प्रभावित करेगा। विवाह-प्रस्ताव के लिए सही समय है, क्योंकि आपका प्यार जीवन भर के साथ में बदल सकता है। आज आपके पास अपनी धनार्जन की क्षमता को बढ़ाने के लिए ताक़त और समझ दोनों ही होंगे। ऐसे बदलाव लाएँ जो आपके रूप-रंग में निखार ला सके और संभावित साथियों को आपकी ओर आकर्षित करे।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

उदास और अवसादग्रस्त न हों। आपके पिता की कोई सलाह आज कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ करा सकती है. परिवार के साथ सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता काफ़ी मानसिक दबाव पैदा कर सकती है। आज आप कुछ अलग क़िस्म के रोमांस का अनुभव कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आज आप अपने काम में प्रगति देखेंगे। वक़ील के पास जाकर क़ानूनी सलाह लेने के लिए अच्छा दिन है। घरेलू मोर्चे पर बढ़िया खाने और गहरी नीन्द का पूरा लुत्फ़ आप ले पाएंगे।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज घर की जरुरतों को देखते हुए आज आप अपने जीवनसाथी के साथ कोई कीमती सामान खरीद सकते हैं जिससे आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं। पारिवारिक समारोह में नए दोस्त बन सकते हैं। हालाँकि अपने चयन में सावधानी बरतें। अच्छे दोस्त उस ख़ज़ाने की तरह होते हैं, जिसे सारी ज़िंदगी दिल के क़रीब रखा जाता है।अपना रवैया ईमानदार और स्पष्टवादी रखें। लोग आपकी दृढ़ता और क्षमताओं को सराहेंगे। परोपकार और सामाजिक कार्य आज आपको आकर्षित करेंगे। अगर आप ऐसे अच्छे कामों में थोड़ा समय लगाएँ, तो काफ़ी सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

यूं तो आज आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा लेकिन इसके साथ ही आपको यह ध्यान भी रखना होगा कि आप अपने पैसे को व्यर्थ में खर्च न करें। दूसरों की कमियाँ ढूंढने का ग़ैर-ज़रूरी काम रिश्तेदारों की आलोचना का रुख़ आपकी ओर मोड़ सकता है। बेहतर रहेगा कि आप अपनी यह आदत बदल दें। अगर आप अपनी चीज़ों का ध्यान नहीं रखेंगे, तो उनके खोने या चोरी होने की संभावना है। आज आपको ऐसा अनुभव होगा कि आपके जीवनसाथी के द्वारा आपको नीचा दिखाया जा रहा है। जहां तक सम्भव हो इसे नजरअंदाज करें।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज का दिन ऐसी चीज़ों को ख़रीदने के लिए बढ़िया है, जिनकी क़ीमत आगे चलकर बढ़ सकती है। अगर आप अपनी घरेलू ज़िम्मेदारियों को अनदेखा करेंगे, तो कुछ ऐसे लोग नाराज़ हो सकते हैं जो आपके साथ रहते हैं। भावनात्मक उथल-पुथल आपको परेशान कर सकती है। आपकी अन्दरूनी ताक़त कार्यक्षेत्र में दिन को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगी। अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं क्योंकि आप उनको पर्याप्त समय नहीं दे पाते।

## आज का पंचांग

दिनांक : 31 मार्च 2026, मंगलवार
विक्रम संवत : 2083
मास : चैत्र , शुक्ल पक्ष
तिथि : त्रयोदशी रात्रि 06:58 तक
नक्षत्र : पूर्वाफाल्गुनी सायं 03:21 तक
योग : गण्ड सायं 03:40 तक
करण : तैतिल प्रातः 06:58 तक
चन्द्रराशि : सिंह रात्रि 09:33 तक
सूर्योदय : 06:11 , सूर्यास्त 06:29 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:16, सूर्यास्त 06:31 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:09, सूर्यास्त 06:24 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:03 , सूर्यास्त 06:20 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 09:00 से 10:30
लाभ : 10:30 से 12:00
अमृत : 12:00 से 01:30
राहुकाल : सायं 03:00 से 04:30
दिशाशूल : उत्तर दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : महावीर जयंती ,
रेवती में रवि रात्रि 07:23 से , शिव दमनक चतुर्दशी

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

### सीएम भजनलाल को अशोक गहलोत का जवाब, कहा

# बेटे ने सरकारी आवास में नहीं किया निवास



**जयपुर, 30 मार्च (एजेंसियां)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की टिप्पणियों का कड़ा जवाब देते हुए कहा कि उनके बेटे ने कभी भी मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास में निवास नहीं किया। वह एक किराए के मकान में स्वतंत्र रूप से रहते थे। सीएम भजनलाल की टिप्पणियों पर गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री को कांग्रेस पार्टी के अंदरूनी मामलों पर अटकलें लगाने के बजाय शासन पर ध्यान देना चाहिए। जयपुर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कौन हमारी बात पर ध्यान दे रहा है या नहीं, यह आपकी चिंता का विषय नहीं है। ये हमारे अंदरूनी मामले हैं। आपको अपनी सरकार से जुड़े सवालों के जवाब देने चाहिए। यह प्रतिक्रिया उस वक्त आई जब रविवार को जमवारामगढ़ में एक सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने गहलोत पर तंज कसते हुए दावा किया कि आजकल दिल्ली में कोई भी उन पर ध्यान नहीं दे रहा है और जिन लोगों की उन्होंने कभी आलोचना की थी, वे अब प्रभावशाली पदों पर हैं। गहलोत ने इन टिप्पणियों को खारिज कर दिया और विपक्ष के सवालों पर सरकार की प्रतिक्रियाओं पर सवाल उठाया।

उन्होंने कहा कि जरा उन सवालों को देखिए जो हम उठा रहे हैं और उन जवाबों को देखिए जो दिए जा रहे हैं। मैं कुछ खास पूछता हूं और वे बिल्कुल ही अलग जवाब देते हैं। उनके जवाब तो मुझे भी समझ नहीं आते। मुख्यमंत्री की सलाहकार टीम की आलोचना करते हुए उन्होंने सुझाव दिया कि खराब सलाह से सरकार की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंच सकता है। मुख्यमंत्री को खुद ही जवाबों की समीक्षा करनी चाहिए और अपने आस-पास के सलाहकारों के बारे में फिर से सोचना चाहिए।

अपनी पिछली टिप्पणियों पर सफाई देते हुए गहलोत ने कहा कि शासन से परिवार के सदस्यों को दूर रखने वाले उनके बयान का गलत अर्थ निकाला जा रहा है। मैंने कभी यह नहीं कहा कि परिवार के सदस्यों को राजनीति से दूर रहना चाहिए। मैंने तो बस इतना कहा था कि उन्हें सरकारी कामकाज से दूर रखा जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि परिवार के सदस्यों के राजनीति में आने में कुछ भी गलत नहीं है। गहलोत ने कहा कि बेटों, बेटियों या रिश्तेदारों को राजनीति में आगे आना चाहिए। उनकी भागीदारी से वरिष्ठ नेताओं के अनुभव का लाभ मिल सकता है और अगली पीढ़ी मजबूत हो सकती है।

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने शासन से जुड़े कई मुद्दों को भी उठाया, जिनमें राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) के चुनावों में देरी और कॉलेज-विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनावों का न होना शामिल है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि चुनाव क्यों नहीं हो रहे हैं? क्या आप युवाओं को प्रोत्साहित नहीं करना चाहते? ये घटनाक्रम दुर्भाग्यपूर्ण हैं। गहलोत ने मुख्यमंत्री से प्रशासन पर मजबूत पकड़ बनाने का आग्रह किया।

उन्होंने आगे कहा कि आप एक भले इंसान हैं। कृपया कमान संभालें, व्यवस्था पर लगाम कसें और अपनी सलाहकार टीम की समीक्षा करें। जनता की चिंताएं बढ़ती जा रही हैं, और सरकार को इसका उचित जवाब देना ही होगा।

# जयपुर में टैक्स बकाया के चलते रमाडा और मैरियट सील, कुछ ही घंटों में हुआ डी-सील



**जयपुर, 30 मार्च (एजेंसियां)।** जयपुर नगर निगम (जेएमसी) ने सोमवार को दो बड़े होटल समूह, रमाडा और मैरियट, से जुड़ी संपत्तियों को लंबे समय से बकाया शहरी विकास (यूडी) टैक्स के चलते सील कर दिया। हालांकि, यह कार्रवाई ज्यादा देर तक नहीं चली, क्योंकि बकाया राशि का भुगतान होने के दो घंटे के भीतर ही दोनों प्रतिष्ठानों की सील हटा दी गई। मालवीय नगर जोन की एक रेवेन्यू टीम ने जवाहर सर्किल के पास स्थित होटल मैरियट के खिलाफ 5.97 करोड़ रुपए के बकाया यूडी टैक्स को लेकर कार्रवाई शुरू की। इस होटल में एक लग्जरी कार ब्रांड का शोरूम भी है। इस कार्रवाई के तहत अधिकारियों ने लग्जरी कार शोरूम और होटल परिसर के बाहर चल रहे एक रेस्टोरेंट को सील कर दिया। इसी तरह की एक और कार्रवाई में राजा पार्क स्थित होटल रमाडा के खिलाफ भी एक्शन लिया गया, जिस पर 1.36 करोड़ रुपए का बकाया था। इस अभियान के दौरान, होटल ग्रुप से जुड़ी कुछ प्रॉपर्टीज को सील कर दिया गया।

मालवीय नगर जोन के डिप्टी कमिश्नर मुकुट सिंह के अनुसार, कार्रवाई शुरू होने के कुछ ही देर बाद दोनों होटल ग्रुप के प्रतिनिधि नगर निगम कार्यालय पहुंचे और चेक जमा करके अपना बकाया चुका दिया। पेमेंट होने के बाद सील की गई सभी प्रॉपर्टीज को तुरंत डी-सील कर दिया गया। रेवेन्यू ऑफिसर पवन मीणा ने बताया कि होटल मैरियट से जुड़े शोरूम और रेस्टोरेंट ने बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद 2007 से यूडी टैक्स का भुगतान नहीं किया था। सील करने की कार्रवाई होने के बाद ही बकाया चुकाया गया।

होटल रमाडा के मामले में अधिकारियों ने बताया कि टैक्स के वर्गीकरण को लेकर विवाद के चलते यहां भी 2007 से ही बकाया पेंडिंग था। होटल मैनेजमेंट का तर्क था कि उन पर औद्योगिक श्रेणी के तहत टैक्स लगाया जाना चाहिए, जबकि निगम ने व्यावसायिक श्रेणी के तहत शुल्क लगाया था।

शहरी विकास (यूडी) टैक्स एक सालाना शुल्क है, जो शहरी स्थानीय निकायों की सीमा के भीतर आने वाली अचल संपत्तियों पर लगाया जाता है। यह नगर निगमों के लिए राजस्व का एक मुख्य स्रोत है और इसका उपयोग सड़कों के रखरखाव, सीवरेज सिस्टम और शहरी बुनियादी ढांचे के विकास जैसी जरूरी नागरिक सेवाओं के लिए फंड जुटाने में किया जाता है।

यह टैक्स 300 वर्ग मीटर से बड़े आवासीय प्लॉटों पर लागू होता है, जबकि सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, जिनमें होटल, अस्पताल, कोचिंग सेंटर और अन्य संस्थान शामिल हैं, पर उनकी श्रेणी के आधार पर निर्धारित दरों से टैक्स लगाया जाता है।

## राजस्थान पुलिस के उप अधीक्षक दिलीप सिंह ने अखिल भारतीय पुलिस टेनिस में जीता सिल्वर मेडल



**जयपुर, 30 मार्च (एजेंसियां)।** राजस्थान पुलिस के खाते में खेल जगत की एक बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि जुड़ गई है। पुलिस दूरसंचार जोधपुर रेंज में तैनात उप अधीक्षक पुलिस दिलीप सिंह ने नई दिल्ली के प्रतिष्ठित आर. के. खन्ना स्टेडियम में आयोजित 26वीं अखिल भारतीय पुलिस लॉन टेनिस प्रतियोगिता-2025-26 में अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया है। यह प्रतियोगिता 24 से 28 मार्च 2026 तक भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) द्वारा आयोजित की गई थी। इस गौरवपूर्ण अवसर पर महानिदेशक पुलिस ने दिलीप सिंह को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रीय स्तर की टेनिस प्रतियोगिता में पहली बार पदक जीतकर सिंह ने राजस्थान पुलिस का मस्तक गर्व से ऊंचा किया है। उन्होंने इस जीत को पुलिस विभाग की खेल भावना और कड़े अनुशासन का प्रतिफल बताया।

दिलीप सिंह ने इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के ओपन डबल्स इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह पदक हासिल किया। उल्लेखनीय है कि इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता के इतिहास में राजस्थान पुलिस के किसी अधिकारी द्वारा प्राप्त किया गया यह अब तक का प्रथम पदक है। इस उपलब्धि ने न केवल राजस्थान पुलिस के मान-सम्मान को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयां दी हैं, बल्कि विभाग के अन्य खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त किया है।

गौरतलब है कि दिलीप सिंह टेनिस कोर्ट पर लगातार अपनी जीत का परचम लहरा रहे हैं।

## महावीर जयंती पर लालसोट में भव्य शोभायात्रा प्रभात फेरी व धार्मिक आयोजनों की धूम



**लालसोट, 30 मार्च (एजेंसियां)।** समस्त संसार को सत्य, अहिंसा, त्याग और तपस्या का संदेश देने वाले जैन संप्रदाय के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर लालसोट जैन समाज के तत्वावधान में विविध धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किए गए। प्रातः काल जैन युवा संघ एवं महिला मंडल के सदस्यों द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। इसके पश्चात नगर के तीनों जैन मंदिरों में भगवान महावीर का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं आरती संपन्न हुई। इसके बाद श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन छोटे मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो सदर बाजार, जवाहर गंज और मुख्य मार्गों से होते हुए जैन नसिया जी प्रांगण पहुंची। शोभायात्रा में भगवान महावीर के जीवन प्रसंगों पर आधारित आकर्षक झांकियां सजाई गईं। इनमें पालना झुलाते हुए महावीर, ग्वाला द्वारा गाय खोजने का दृश्य तथा राजा सिद्धार्थ एवं माता त्रिशला के यहां महावीर के जन्म की झांकी का सजीव चित्रण जैन महिला मंडल द्वारा किया गया।शोभायात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर समाजसेवियों एवं संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

### राजस्थान बार काउंसिल चुनाव

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति की बैठक

**जयपुर, 30 मार्च (एजेंसियां)।** राजस्थान बार काउंसिल चुनाव 2026 के संबंध में सोमवार को शासन सचिवालय में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित उच्च स्तरीय निर्वाचन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास द्वारा की गई। बैठक में उच्च स्तरीय समिति के चेयरमैन और सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जे.आर. मिधा तथा सभी सदस्य उपस्थित रहे। इसके साथ ही पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए. सावंत, नोडल ऑफिसर के रूप में विधि विभाग के प्रमुख शासन सचिव राघवेंद्र काछवाल और राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव सुरेश वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में हुई चर्चा के आधार पर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि राजस्थान राज्य बार काउंसिल के चुनाव में राज्य सरकार द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाएगा। मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित व्यवस्थाएं की जाएंगी।

चुनाव प्रक्रिया से परिचित एक लिपिकीय कर्मचारी तथा एक सहयोगी (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी) भी उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य सचिव ने मतदान हेतु आवश्यक सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने और संबंधित अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने आश्वस्त किया कि बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के आगामी चुनावों के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में विधि विभाग के प्रमुख शासन सचिव को संबंधित अधिकारियों से आवश्यक पत्राचार करने के निर्देश प्रदान किए गए।

# राज्यसभा चुनाव में धांधली करने वाले निर्वाचन अधिकारी की शिकायत करेगी कांग्रेसः हुड्डा



**चंडीगढ़, 30 मार्च (एजेंसियां)।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में धांधली करने वाले निर्वाचन अधिकारी के खिलाफ कांग्रेस चुनाव आयोग में शिकायत करेगी। क्योंकि उन्होंने बीजेपी के साथ मिलकर साजिश रची और कांग्रेस के 4 वोट रद्द कर दिए। हुड्डा ने मांग की कि चुनाव आयोग इस मामले में तुरंत कार्रवाई करे। हुड्डा अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

इनेलो को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में हुड्डा ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में एक बार फिर साफ हो गया है कि इनेलो कभी भी बीजेपी के खिलाफ नहीं जा सकती। उन्होंने कहा कि इस बार इनेलो ने वोट इसलिए नहीं किया क्योंकि उसे पता चल चुका था कि कांग्रेस की जीत निश्चित है। वोट रद्द होने और क्रॉस वोटिंग के बावजूद कांग्रेस के पास 28 वोट थे, जबकि बीजेपी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार को सिर्फ 16 वोट मिले थे।

हुड्डा ने कहा कि अगर इनेलो निर्दलीय के पक्ष में वोट भी डालती तो भी कांग्रेस की जीत पक्की थी। देश में एलपीजी और पेट्रोल-डीजल की किल्लत पर बोलते हुए हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार ने कई सालों तक जनता से पेट्रोल-डीजल पर कांग्रेस शासन के मुकाबले डबल टैक्स वसूला। अब एक्साइज ड्यूटी भी इस तरह घटाई जा रही है कि उससे आम जनता को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। उल्टा ईंधन के दाम लगातार बढ़ रहे हैं।

उन्होंने नायरा कंपनी द्वारा पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ाने और सिलेंडर की कालाबाजारी का भी मुद्दा उठाया। देशभर में गैस की किल्लत पर हुड्डा ने सवाल किया कि अगर सरकार कह रही है कि कोई कमी नहीं है, तो जगह-जगह लोगों की लंबी लाइनें क्यों लग रही हैं? उन्होंने हरियाणा में रसोई गैस की कमी के लिए भी बीजेपी सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि सरकार अभी तक स्थिति को लेकर स्पष्ट नहीं हो रही है।

कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार में कानून-व्यवस्था का पूरी तरह दिवाला निकल चुका है। पूरे देश में हरियाणा सबसे असुरक्षित राज्य है, ये खुद केंद्र सरकार का सामाजिक प्रगति सूचकांक बताता है। खउ्रऊ बैंक में हुए 590 करोड़ रुपये और पंचकूला नगर निगम में 160 करोड़ के घोटाले का जिक्र करते हुए उन्होंने पूछा कि अभी तक यह नहीं पता चला कि घोटाला किसके हस्ताक्षर से हुआ और कौन जिम्मेदार है।

उन्होंने मांग की कि पूरी जांच हो, दोषियों के नाम सामने आएं और उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। धान खरीद में हुए हजारों करोड़ के घोटाले का मुद्दा उठाते हुए हुड्डा ने आरोप लगाया कि बड़े पदों पर बैठे लोग इसमें शामिल हैं, लेकिन सरकार जानबूझकर छोटे कर्मचारियों को फंसाने में लगी हुई है और असली दोषियों को बचाया जा रहा है।

# जनकल्याण व स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर जोर, कलेक्टर का औचक निरीक्षण



**मंचेरियाल, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** जिला कलेक्टर कुमार दीपक ने कॉलेज रोड स्थित निर्माणाधीन सरकारी अस्पताल का औचक निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बताया गया कि लगभग 129.25 करोड़ की परियोजना के साथ 23.75 करोड़ के क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण चल रहा है; कलेक्टर ने गुणवत्ता, आवश्यक दवाइयों व उपकरणों की उपलब्धता और शीघ्र स्थानांतरण पर जोर दिया।उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, नस्पूर के निर्माण कार्य व छात्राओं के पोषणयुक्त भोजन व बेहतर शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष चिकित्सा शिविर व एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर ने 14 वर्ष की बालिकाओं के टीकाकरण व मलेरिया, डेंगू व टीबी जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## हज यात्रियों के लिए चिकित्सा शिविर व टीकाकरण अभियान शुरू



**मंचेरियाल, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** मंचेरियाल जिले में हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर और टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पालिका मेयर धरणी मधुकर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कोक्किराला सुरेखा प्रेमसागर राव और जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. अनिता ने संयुक्त रूप से किया।इस मौके पर लगभग 15 हज यात्रियों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें मौसमी इन्फ्लुएंजा तथा मेनिन्जाइटिस से सुरक्षा के लिए टीके लगाए गए। अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न देशों से बड़ी संख्या में लोग हज यात्रा में शामिल होते हैं, इसलिए संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए यह टीकाकरण आवश्यक है।कार्यक्रम में डिप्टी मेयर सल्ला रम्या, हज कमेटी अध्यक्ष मुजाहिद, चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य कर्मचारियों और हज यात्रियों ने भाग लिया।

# पेद्दापल्ली जिले को स्त्री निधि पुरस्कार ज़िला कलेक्टर ने बधाई दी



**पेद्दापल्ली, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पेद्दापल्ली जिले ने ऋण वितरण और वसूली में राज्य स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल कर स्त्री निधि पुरस्कार प्राप्त किया। हैदराबाद में आयोजित 13वीं आम सभा में ये पुरस्कार पंचायत राज और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री धनासरी सीताक्का व एसईआरपी सीईओ व एमईपीएमए एमडी दिव्या देवराजन द्वारा प्रदान किए गए।

ज़िला कलेक्टर कोया श्री हर्षा ने पुरस्कार विजेत-ाओं को अपने कक्ष में सम्मानित कर बधाई दी। मुख्य पुरस्कार प्राप्तकर्ता हैं– 'जे. अरुणा श्री (ज़िला परियोजना निदेशक, अतिरिक्त कलेक्टर) ˉ नगरपालिका क्षेत्रों में ऋण वितरण व वसूली में उत्कृष्टता पुरस्कार। एम. कालिंदिनी ˉ (ज़िला ग्रामीण विकास अधिकारी) ˉ ग्रामीण क्षेत्रों में सफल कार्यान्वयन के लिए पुरस्कार। बी. रविंदर (अतिरिक्त ग्रामीण विकास अधिकारी) ˉ स्त्री निधि प्रबंधन में असाधारण दक्षता के लिए पुरस्कार। आर. दुर्गा प्रसाद ˉ (स्त्री निधि क्षेत्रीय प्रबंधक) ˉ पूरे जिले में सर्वश्रेष्ठ समग्र प्रदर्शन के लिए सर्वोच्च सम्मान।

कलेक्टर ने अधिकारियों और फील्ड स्टाफ को बधाई देते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में भी इसी उत्साह और प्रदर्शन बनाए रखने का निर्देश दिया। बाद में नगरपालिका आयुक्त वेंकटेश, मनोहर व रमेश ने कलेक्टर से मुलाकात कर चुनाव संबंधी सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# गोदावरी पुष्कर से पहले चेन्नूर में सुविधाओं की मांग : भाजपा



**मंचेरियाल, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भाजपा जिला अध्यक्ष नगुनूरी वेंकटेश्वर गौड़ ने चेन्नूर को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग की। चेन्नूर में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि आगामी गोदावरी पुष्करों को देखते हुए क्षेत्र का विकास जरूरी है।

उन्होंने राज्य मंत्री विवेक वेंकट स्वामी से 500 करोड़ रुपये के विशेष फंड से विकास कार्य कराने, गोदावरी तट पर पुष्कर घाटों के विकास, स्थायी मंडपों के निर्माण और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही नई नहर, वैकुंठधाम का शीघ्र निर्माण, तटवर्ती सड़कों का आधुनिकीकरण और दूसरे पुष्कर घाट की स्थापना पर जोर दिया।

नगुनूरी वेंकटेश्वर गौड़ ने कोटिलिंगाल–नारायणपुर क्षेत्र में नया घाट बनाने और पारुपल्ली कालभैरव स्वामी मंदिर के विकास की भी मांग की। इसके अलावा गुरुकुल विद्यालय की घटना पर कार्रवाई करते हुए दोषियों को सजा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

इस अवसर पर जिला सचिव रत्न लक्ष्मीनारायण रेड्डी, नगर पार्षद एतम शिवकृष्ण, गर्रेपाली शांता वेंकट नरसैया, जाड़ी।

# साप्ताहिक बाजार में सेल फोन चोरी पीड़ितों ने शिकायत दर्ज कराई



**मदनूर, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** स्थानीय साप्ताहिक बाजार में सोमवार शाम को भीड़ का सहारा लेकर अजनबियों ने मोबाइल फोन चोरी कर लिए। घटना के बाद प्रभावित पांच लोगों ने स्थानिक पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई और न्याय की मांग की।

पड़ोसी और बाजार में मौजूद लोगों ने बताया कि तरकारी खरीदने के दौरान चोरों ने जेब में रखा मोबाइल चुरा लिया।

पुलिस मामले की जांच कर रही है और संदिग्धों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए काम कर रही है।

# बेल्लमपल्ली में बिजली कर्मचारियों का धरना, मांगें न सुनीं तो राज्यव्यापी हड़ताल की चेतावनी



**बेल्लमपल्ली, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** तेलंगाना इलेक्ट्रिसिटी आर्टिसन एंड एम्प्लॉइज जॉइंट एक्शन कमेटी के आह्वान पर बिजली कारीगरों और पीसरेटेड कर्मचारियों ने बेल्लमपल्ली बिजली विभाग के डिविजनल इंजीनियर ऑफिस के समक्ष धरना दिया। नेताओं देवेंद्र, नवीन, शुभाकर और सिंगराव आनंद ने सरकार से निम्न मांगें रखीं। जिनमें– –कारीगरों का कन्वर्जन शैक्षिक योग्यताओं के आधार पर किया जाए।

–एपीएसईबी सर्विस नियमों को लागू कर पीसरेटेड कर्मचारियों व कारीगरों के लिए ओ एंड एम सर्विस नियम लागू किए जाएँ।

–टीजी एनपीडीसीएल और टीजी एसपीडीसीएल में ऑनमैंड वर्कर्स को आर्टिसन के रूप में मर्ज किया जाए।आंदोलनकारियों ने कहा कि यदि 7 अप्रैल तक मांगें नहीं मानी गईं तो 8 अप्रैल से पूरे राज्य में हड़ताल की जाएगी। आर्टिसन एसोसिएशन के एम. शंकर, जी.श्रीनिवास, जी.श्रीनू, एम. राजशेखर व अन्य नेता धरने में मौजूद रहे।

## युवाओं से पेड इंटर्नशिप के मौकों का ज़्यादा से ज़्यादा फ़ायदा उठाने की अपील

**पेद्दापल्ली, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सोमवार को जारी एक बयान में, ज़िला उद्योग अधिकारी ए. कीर्ति कांत ने घोषणा की कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (राउंड–3) के तहत, ज़िला उद्योग केंद्र, पेद्दापल्ली के अधिकार क्षेत्र में आने वाले योग्य युवाओं से आवेदन मांगे जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि यह योजना, जो कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय की देखरेख में लागू की गई है, देश भर की जानी–मानी कंपनियों में पेड इंटर्नशिप के मौके देती है; इससे युवाओं को इंडस्ट्री का अनुभव पाने और अपने कौशल को बेहतर बनाने का मौका मिलता है।

उन्होंने आगे बताया कि इस योजना के तहत चुने गए उम्मीदवारों को जॉइन करते समय एक बार में 6,000 का अनुदान मिलेगा, साथ ही हर महीने 9,000 की आर्थिक मदद भी दी जाएगी। उन्होंने समझाया कि इंटर्नशिप की अवधि 6 या 9 महीने की होगी, जिससे प्रतिभागियों को जानी–मानी संस्थाओं में सीधे काम करने का अनुभव पाने का मौका मिलेगा।

उन्होंने बताया कि आवेदकों की उम्र 18 से 25 साल के बीच होनी चाहिए और वे इस समय किसी भी फुल–टाइम नौकरी में नहीं होने चाहिए।

चूंकि 2026–27 के चक्र के लिए आवेदन अब शुरू हो गए हैं, इसलिए योग्य युवाओं को सलाह दी जाती है कि वे व ` ब स ा इ ट : https://pminteA°nship.mca.gov.in पर रजिस्टर करें।

अपने बयान में, ज़िला उद्योग अधिकारी ए. कीर्ति कांत ने ज़िले के युवाओं से अपील की कि वे अपने भविष्य की एक मज़बूत नींव रखने के लिए इस मौके का सही तरीके से इस्तेमाल करें; ज़्यादा जानकारी के लिए, वे टोल–फ्री नंबर 1800 116 090 पर संपर्क कर सकते हैं।

# प्रजावाणी में शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश, कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं



**मंचेरियाल, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** जिला कलेक्टर कुमार दीपक ने प्रजावाणी कार्यक्रम के दौरान प्राप्त शिकायतों का समन्वय के साथ त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नस्पूर के समेकित जिला कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त कलेक्टर पी. चंद्रैया व श्रीनिवास राव के साथ जनता ने भूमि विवाद, पेंशन, सड़क व पुल निर्माण आदि समस्याओं के आ–वेदन रखे। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्थल स्तर पर जांच कर शीघ्र समाधान और पात्र लाभार्थियों को न्याय दिलाने का आदेश दिया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अस्पताल में त्वरित मेडिकल सेवाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश : कलेक्टर



**पेद्दापल्ली, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ज़िला कलेक्टर कोया श्री हर्षा ने इंटीग्रेटेड ज़िला कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में अस्पतालों में मरीजों को तुरंत चिकित्सकीय सेवाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ओपी रजिस्ट्रेशन समय सीमित रखने के बजाय हर विभाग के लिए दैनिक निश्चित टोकन जारी कर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने, विभागीय ओपी टोकन की संख्या डिस्प्ले बोर्ड पर दिखाने और मार्गदर्शक संकेतक लगाने का आदेश दिया।

कलेक्टर ने लैब, एक्स–रे व स्कैन परीक्षणों के नतीजों का शीघ्र वितरण सुनिश्चित करने के लिए रोज़ाना रिपोर्ट जमा करने, सुबह किए गए टेस्ट के नतीजे शाम तक देने तथा एक्स–रे मशीन खरीद और आवश्यक स्टाफ भर्ती के प्रस्ताव देने के निर्देश भी दिए। डॉक्टर्स को कार्य घंटे के दौरान उपलब्ध रहने तथा रोज़ाना किए गए परीक्षणों की संख्या की रिपोर्ट रखने का भी आदेश दिया गया। बैठक में ज़िला मेडिकल व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार, डीसीएचओ डॉ. श्रीधर व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अराइव अलाइव फेज–3 : सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम



**मंचेरियाल, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जयपुर सब–डिवीजन पुलिस ने अराइव अलाइव फेज–3 अभियान के तहत दुब्बपल्ली में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। रामगुंडम पुलिस आयुक्त अंबर किशोर झा व डीसीपी ए. भास्कर मुख्य अतिथि रहे।

आयुक्त ने सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने का उद्देश्य बताया। युवाओं, मजदूरों व छात्रों से ट्रैफिक नियम पालन, शराब पीकर वाहन न चलाने, हेलमेट–सीट बेल्ट उपयोग व नाबालिगों को वाहन न देने की अपील की। सभी सहयोग से रामगुंडम को दुर्घटना मुक्त बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में एसीपी वेंकटेश्वरलु, सीआई नवीन, इंस्पेक्टर बंसीलाल, सीआई कृष्ण सहित पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# बाल संरक्षण पर सख्ती कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए



**मंचेरियाल, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** जिला कलेक्टर कुमार दीपक ने बाल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागों को कड़े निर्देश दिए। नस्पूर स्थित समेकित जिला कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने 99 दिन की प्रजा पालन प्रगति योजना के तहत गांव स्तर पर बाल संरक्षण समितियाँ मजबूत करने, अनाथ व ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उन्हें आवासीय विद्यालयों में दाखिला दिलाने और बाल श्रमिकों को शिक्षा से जोड़ने पर जोर दिया।

कलेक्टर ने ईंट भट्ठों के पास रहने वाले बच्चों के लिए अस्थायी स्कूल खोलने, चाइल्ड हेल्पलाइन पर मिली शिकायतों का त्वरित निराकरण और विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मदनूर में मनाया गया नागरिक अधिकार दिवस



**मदनूर, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंडल राजस्व अधिकारी एम. शंकर ने बताया कि प्रत्येक गांव में महीने की 30 तारीख को नागरिक अधिकार दिवस मनाया जाता है। सोमवार को लच्छन ग्राम पंचायत में ग्रामीणों संग यह कार्यक्रम आयोजित हुआ।

शंकर ने कहा कि एससी–एसटी के साथ भेदभाव या छुआछूत करने वालों को कानूनन दंडित किया जाएगा।

दलितों के प्रति भेदभाव पर आपराधिक केस दर्ज होंगे। सभी को एक परिवार की तरह एकजुट रहना चाहिए।

कार्यक्रम में उप–सरपंच, वार्ड सदस्य संदीप, ग्राम सचिव संगीता, पुलिसकर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## मंचेरियाल आवासीय स्कूल: छात्रा आत्महत्या के बाद दो शिक्षक निलंबित

**मंचेरियाल, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सोशल वेलफेयर रेजिडेंशियल कॉलेज (गर्ल्स), चेन्नूर की सातवीं कक्षा की 13 वर्षीय छात्रा श्री हिंदू (गंगाराम गांव) ने 25 मार्च को तारपीन तेल पीकर आत्महत्या कर ली।

वारंगल जोनल ऑफिसर गिरिजा ने रविवार शाम दो शिक्षकों को निलंबित किया। जिला समन्वय अधिकारी रमाकल्याणी, व्याख्याता महेश्वर राव व स्टाफ नवीन की जांच समिति ने रिपोर्ट सौंपी, जिसमें छात्रा के छह माह से अवसाद, चाचा की मृत्यु, स्वास्थ्य समस्याएं व शिक्षक डांट के कारण उत्पीड़न उजागर हुआ। आत्महत्या नोट भी मिला।

माता–पिता ने अस्पतालम धरना दिया, आरडीओ श्रीनिवास राव ने जांच व कार्रवाई का आश्वासन दिया। बीआरएस नेता बल्का सुमन ने श्रम मंत्री डॉ. जी. विवेक से इस्तीफा मांगा।

# हाकी इंडिया ने की 31 सदस्यीय सीनियर महिला राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर की घोषणा



**9 2026 के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की तैयारियों के तहत आयोजित होगा शिविर 9**

**नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)।**

हाकी इंडिया ने सोमवार को भारतीय महिला हाकी टीम के लिए 1 से 9 अप्रैल 2026 तक सीनियर महिला राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर की घोषणा की है। यह शिविर आगामी व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सत्र की तैयारियों के मद्देनज़र आयोजित किया जा रहा है। भारतीय टीम हाल ही में एफआईएच हाकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर) में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीतने के साथ-साथ एफआईएच महिला हाकी विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। ऐसे में यह शिविर टीम के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। नए मुख्य कोच सजोर्ड मरिजन के मार्गदर्शन में इस शिविर का मुख्य उद्देश्य टीम संयोजन तैयार करना, फिटनेस स्तर में सुधार लाना और खेल की रणनीति को और धार देना होगा। भारतीय टीम जून में एफआईएच महिला हाकी नेशंस कप 2026 में हिस्सा लेगी, जिसके बाद अगस्त में विश्व कप और फिर 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक जापान में होने वाले एशियाई खेल 2026 में भाग लेगी। शिविर को लेकर कोच ने कहा, यह शिविर हमारे लिए एक अहम कदम है। हमारा ध्यान निरंतरता सुधारने, टीम संरचना को मजबूत करने और खिलाड़ियों को शारीरिक व मानसिक रूप से तैयार करने पर रहेगा। हमारा लक्ष्य ऐसी टीम बनाना है जो बड़े मुकाबलों में दबाव झेलकर बेहतर प्रदर्शन कर सके। 31 सदस्यीय दल

**गोलकीपर:** सविता, माधुरी किंडो, बिछू देवी खरीबाम, बंसारी सोलंकी।

**डिफेंडर्स:** निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, ज्योति सिंह, लालथंथलुआंगी, ज्योति, उदिता, शिल्पी डबास।

**मिडफील्डर:** सुशीला चानू पुखरंबम, मनीषा चौहान, वैश्णवी विठ्ठल फाल्के, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, इशिका।

**फारवर्ड:** दीपिका सोरेंग, रुतजा दादासो पिसाल, बलजीत कौर, नवनीत कौर, दीपिका, अन्नू, ब्यूटी डुंगडुंग, हीना बानो, सोनम, लालरेमसियामी, मुमताज खान, संगीता कुमारी (रिहेब)।

## न्यूज ब्रीफ

### आईपीएल में सबसे कम गेंदों में 3000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज है ऋषभ, ईशान छठवें स्थान पर आये

**मुम्बई।** आईपीएल में सबसे कम गेंदों का सामना करते हुए 3000 रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज



ऋषभ पंत हैं। उन्होंने 2080 गेंदों का सामना करते हुए 3000 रन बनाए हैं। ऋषभ अभी लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान हैं और इस सत्र में उनके प्रदर्शन पर सबकी नजरें रहेंगी। सबसे कम गेंदों में 3000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में सूची में दूसरे नंबर पर पूर्व आलराउंडर युसूफ पठान हैं। पठान ने 2082 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। वहीं सूची में तीसरे स्थान पर भारतीय टीम के पूर्व कप्तान मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव का नाम है। यादव ने 2130 गेंदों का सामना करते हुए आईपीएल में अपने 3000 रन पूरे किए हैं। इस सूची में चौथे स्थान पर पूर्व बल्लेबाज और सीएसके के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना हैं, जिन्होंने 2135 गेंदों में 3000 रन बनाए हैं। रैना के बाद इस सूची में महेंद्र सिंह धोनी का नाम है। धोनी इस सूची में पांचवें स्थान पर हैं। उन्होंने 2152 गेंदों में 3000 रन बनाने का कारनामा किया है। वहीं स सूची में अब 6वें नंबर पर ईशान किशन का नाम आ गया है और उन्होंने 2180 गेंदों में अपने तीन हजार रन पूरे किए हैं। लोकेश राहुल सूची में 7वें स्थान पर हैं, जिन्होंने 2203 गेंदों में 3000 रन बनाए थे। सनराजइर्स हैदराबाद की कप्तान संभाल रहे ईशान किशन ने आईपीएल के इस सत्र के पहले ही मैच में अपने इरादे जता दिये हैं। ईशान ने पहले ही मैच में 8 चौकों और 5 छक्कों की सहायता से 80 रन बनाकर किशन का स्ट्राइट रेट 210 से ज्यादा का रहा। इस धमाकेदार पारी के साथ ईशान ने 2180 गेंदों पर अपने 3000 रन पूरे किये। ईशान के आईपीएल करियर की बात करें तो उन्होंने 2016 में अपना आईपीएल डेब्यू किया था। इसके बाद से ही वह लगातार आगे बढ़त रहे हैं। उन्होंने ने अब तक कुल 120 आईपीएल मैच खेले हैं, जिसकी 113 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 29.6 की औसत और 138.90 की स्ट्राइक रेट के साथ कुल 3078 रन बनाए हैं।

### सैम करन बोले, कोच मैक्कुलम से उनका हुआ था टकराव

**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैक्कुलम और क्रिकेट डायरेक्टर राब की के रवैये



पर एक बार फिर सवाल उठे हैं। हाल ही में लियाम लिविंगस्टोन और जानी बेयरस्टो ने इन दोनो की नीतियों पर सवाल उठाये थे। वहीं अब आलराउंडर सैम करन ने कहा है कि एक बार टीम से बाहर किये जाने पर उनका कोच से टकराव तक हो गया था। काउंटी क्रिकेट सत्र के ठीक पहले करन के आये इस बयान से साफ है कि इंग्लैंड की टीम से बाहर किए गए खिलाड़ियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं होता है।करन ने कहा कि इसी कारण एक बार उन्होंने गुस्से में कोच से पूछ लिया कि उन्हें टेस्ट टीम से इतने लंबे समय तक बाहर क्यों रखा गया। करन एक साल से अधिक समय तक सीमित ओवर टीम से भी बाहर रहे थे। करन ने कहा, मुझे लगता है कि यह उन चीजों में से एक है। मैं टीम से बाहर था और बस मैंने कोच से पूछा कि मुझे क्या करना है तब उन्होंने कहा कि जाओ कुछ रन बनाओ और कुछ विकेट लो। इसके बाद मैंने वही किया और इससे मुझे टीम में वापसी का अवसर मिला। मैंने इस प्रकार सही दिशा में पहल की। गौरतलब है कि कि सैम इंग्लैंड की टी20 विश्व कप की टीम में भी शामिल थे। यहां उन्होंने नेपाल के खिलाफ टीम को जीत भी दिलाई थी। पिछले सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 3 बार सबसे अधिक रन बनाये हैं।

### रोहित ने पहले ही मैच में 550 छक्के पूरे किये, कई रिकार्ड भी अपने नाम किये



**मुम्बई।** मुम्बई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने आईपीएल 2026 सत्र के पहले ही मैच में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान ही अपने 550 छक्के लगा दिये। इस दौरान रोहित ने कई अन्य रिकार्ड भी बनाये। रोहित ने केवल 23 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया। ये उनके आईपीएल करियर का सबसे तेज अर्धशतक भी रहा है। उन्होंने यह अर्धशतक पावरप्ले के अंदर ही पूरा कर लिया। इस पारी में तीन छक्के लगाते ही रोहित ने टी20 क्रिकेट में अपने 550 छक्के भी पूरे किये। इसके साथ ही वह टी20 में 500 से ज्यादाछक्के लगाने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी व विश्व के 9वें खिलाड़ी बन गये हैं।

# आईपीएल में राजस्थान की जीत से शुरुआत, चेन्नई पर कहर बनकर टूटे रॉयल्स के खिलाड़ी



**गुवाहटी, 30 मार्च (एजेंसियां)।** आईपीएल 2026 के तीसरे मैच में राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को बुरी तरह धूल चटाते हुए 8 विकेट से मात दे दी है। इस मैच में टॉस जीतकर राजस्थान की टीम ने सीएसके को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा और ये फैसला पूरी तरह सही साबित हुआ। सीएसके की टीम इस मैच में सिर्फ 127 रन पर सिमट गई। जवाब में वैभव सूर्यवंशी की ताबड़तोड़ बैटिंग ने सीएसके को पहले ओवर से ही बैकफुट पर डाल दिया और राजस्थान ने आसानी से इस मुकाबले को सिर्फ 13 ओवर से पहले ही अपने नाम कर लिया।

**वैभव सूर्यवंशी का तूफान**

128 रन का टारगेट पहले ही काफी छोटा था और उसे और छोटा बनाने के काम वैभव सूर्यवंशी ने किया। वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 15 गेंद पर फिफ्टी ठोकी और वो 17 गेंद पर 52 रन बनाकर आउट हुए। इस पारी में 5 छक्के और 4 चौके शामिल थे। इस पारी के बाद मैच में ज्यादा कुछ बचा नहीं था और यशस्वी जायसवाल ने नाबाद 38 और कप्तान रियान पराग ने नाबाद 14 रन की पारी खेली। इसके अलावा ध्रुव जुरेल ने 18 रन बनाए। सीएसके के लिए अंशुल कंबोज ने 2 विकेट हासिल किए।

127 रन पर सिमटी राजस्थान की टीम

इससे पहले राजस्थान रॉयल्स ने तेज गेंदबाजों के लिए मददगार परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए चेन्नई सुपर किंग्स को 127 रन पर समेट दिया। बारिश के कारण पिच कुछ समय तक ढकी रहने के बाद राजस्थान के कप्तान रियान पराग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जो पूरी तरह सही साबित हुआ। चेन्नई सुपर किंग्स की बल्लेबाजी बेहद निराशाजनक रही।

**रविंद्र जडेजा ने की तगड़ी गेंदबाजी**

पिछले सीजन में अंक तालिका में निचले पायदान पर रहने वाली दोनों टीमों ने इस सत्र से पहले अपने स्टार खिलाड़ियों रविंद्र जडेजा और संजू सैमसन की अदला-बदली की थी। जडेजा की राजस्थान में वापसी सफल रही और उन्होंने अपने पहले ही ओवर में दो विकेट झटके। वहीं, भारत की टी20 विश्व कप जीत के हीरो सैमसन चेन्नई सुपर किंग्स में अपने पदार्पण पर प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। नांद्रे बर्गर की गेंद पर मिड-विकेट के ऊपर शॉट खेलने के प्रयास में उनका ऑफ स्टंप उखड़ गया।

**बर्गर और आर्चर की तगड़ी बॉलिंग**

पावरप्ले के दौरान नांद्रे बर्गर और जोफ्रा आर्चर ने गेंद को शानदार तरीके से स्विंग कराया। बर्गर ने जहां सैमसन को आउट किया, वहीं आर्चर ने कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को चलता किया। गायकवाड़ ऑफ साइड पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में बोल्ड हो गए। बर्गर ने दूसरे ओवर में आयुष म्हात्रे को बाउंसर से चौंकाया। गेंद उनके ग्लव्स से लगकर विकेटकीपर के पास चली गई, जिससे बर्गर के पास हैट्रिक का मौका बना लेकिन सरफराज खान ने रक्षात्मक खेल दिखाते हुए उसे टाल दिया।

**ज्यादा देर नहीं चले सरफराज**

आठवें ओवर में जडेजा को गेंदबाजी के लिए लाया गया और उन्होंने सरफराज (17) को आउट किया। इसके चार गेंद बाद शिवम दुबे (6) भी लंबा शॉट लगाने के प्रयास में कैच आउट हो गए, जिससे चेन्नई का स्कोर आठ ओवर में छह विकेट पर 56 रन हो गया। इसके बाद चेन्नई की टीम वापसी नहीं कर सकी, हालांकि जेमी ओवरटन ने 36 गेंदों में 43 रन की उपयोगी पारी खेली। राजस्थान के मध्यम गति के गेंदबाज बृजेश शर्मा ने अपने पदार्पण पर कार्तिक शर्मा (18) का विकेट लिया। आर्चर, बर्गर और जडेजा ने दो-दो विकेट लेकर राजस्थान की ओर से शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया।

# मियामी ओपन 2026: यानिक सिनर ने जीरी लेहेका को हराकर जीता खिताब, रचा सनशाइन डबल का इतिहास



**मियामी, 30 मार्च (एजेंसियां)।**

मियामी ओपन के बारिश से प्रभावित फाइनल में इटली के स्टार खिलाड़ी यानिक सिनर ने रविवार रात चेक गणराज्य के जीरी लेहेका को 6-4, 6-4 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ सिनर बिना एक भी सेट गंवाए सनशाइन डबल पूरा करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

विश्व नंबर दो सिनर ने मुकाबले में अपने पहले सर्विस पर 92 प्रतिशत अंक जीते और पूरे मैच के दौरान मिले तीनों ब्रेक प्वाइंट बचाए। इस जीत के साथ उन्होंने मास्टर्स 1000 मुकाबलों में बिना सेट गंवाए अपनी जीत की श्रृंखला को 17 तक पहुंचा दिया।

मुकाबले के बाद सिनर ने कहा, हमने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए काफी मेहनत की है, इसलिए मैं बेहद खुश हूं। अब घर लौटने को लेकर भी उत्साहित हूं। पहली बार सनशाइन डबल हासिल करना मेरे लिए अविश्वसनीय है, मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह संभव हो पाएगा।


बारिश के कारण मुकाबला लगभग 90 मिनट देर से शुरू हुआ। इसके बावजूद सिनर ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले सेट में जल्दी 3-1 की बढ़त बनाई और मजबूत सर्विस के दम पर सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट की शुरुआत में फिर बारिश के चलते खेल रोकना पड़ा, लेकिन वापसी के बाद सिनर ने अपना दबदबा कायम रखा।

लेहेका, जो अपने करियर का पहला मास्टर्स 1000 फाइनल खेल रहे थे, ने दूसरे सेट में कड़ा मुकाबला दिया। उन्होंने कई ब्रेक प्वाइंट बचाए और एक समय 4-3 की बढ़त भी बना ली, लेकिन सिनर ने निर्णायक क्षणों में बेहतर खेल दिखाते हुए वापसी की।

सिनर ने दूसरे सेट में अपने छठे ब्रेक प्वाइंट पर सफलता हासिल कर 5-4 की बढ़त बनाई और फिर अपनी सर्विस पर मैच जीत लिया।

गौरतलब है कि सिनर 2017 में रोजर फेडरर के बाद पहले खिलाड़ी बने हैं, जिन्होंने इंडियन वेल्स और मियामी ओपन खिताब लगातार जीते हैं। इस उपलब्धि को सनशाइन डबल कहा जाता है।

## परिवार के दबाव में संन्यास लेते हैं खिलाड़ी : योगराज



**चंडीगढ़।** पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह अपने बयानों के कारण हमेशा ही विवादों में घिरे रहते हैं। अब योगराज का कहना है कि अधिकतर खिलाडियों को इसलिए संन्यास लेना पड़ता है क्योंकि उनपर परिवार का दबाव होता है। योगराज ने साफ कहा कि उम्र को खिलाड़ी के प्रदर्शन से जोड़ना गलत है। उनके अनुसार फिटनेस और प्रदर्शन के आधार पर ही किसी खिलाड़ी को आंकना चाहिये ना कि उम्र के आधार पर।योगराज ने कहा कि, भारत में लोग 40 की उम्र होते ही अपने को बूढ़ा मानने लगते हैं, वहीं महिलाएं 30 के बाद कहती हैं कि अब हम फिट नहीं रह सकते, बच्चे बड़े हो गए हैं इसलिए खेलना अब छोड़ दो पर मेरा मानना है कि खेल को उम्र से जोड़ना सही नहीं है। योगराज ने कहा कि, अक्सर घर की महिलाएं, पत्नियां आपको समझाने लगती हैं कि अब रिटायर हो जाओ, परिवार और बच्चों पर ध्यान दो जबकि मेरा मानना है कि खिलाड़ी और उसके करियर के बीच किसी को बाधक नहीं बनना चाहिए। एक खिलाड़ी जब तक फिट है खेल सकता है। योगराज ने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा को भी अभी खेलते रहना चाहिये क्योंकि अभी दोनो फिट है और इनके अंदार काफी क्रिकेट बचा हुआ है। इसलिए दोनो को ही मैदान में जमे रहकर दिखाना चाहिये कि वह दोनो अभी भी शीर्ष पर हैं।

# पीएसएल में बाल टेम्परिंग विवाद: फखर जमान ने आरोपों से किया इनकार, 48 घंटे में आएगा फैसला

**लाहौर, 30 मार्च (एजेंसियां)।**

**पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान कथित बाल टेम्परिंग मामले ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। लाहौर के स्टार बल्लेबाज फखर जमान पर कराची की पारी के अंतिम ओवर से पहले गेंद की स्थिति बदलने का आरोप लगा है।**



सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में फखर जमान अपने साथियों हैरिस रऊफ और कप्तान शाहिद अफरीदी के साथ चर्चा करते नजर आए। इसी दौरान आन-फील्ड अंपायर फैसल अफरीदी को कुछ संदेह हुआ और उन्होंने हस्तक्षेप किया।

अंपायर ने गेंद की जांच के बाद पाया कि उसकी स्थिति से छेड़छाड़ की गई है। इसके चलते कराची किंग्स को पांच रन का पेनल्टी दिया गया और अंतिम ओवर के लिए नई गेंद उपलब्ध कराई गई। इस फैसले ने मैच का रुख बदल दिया।

मैच के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बयान जारी कर बताया कि फखर जमान पर लेवल-3 का आरोप लगाया गया है। यह आरोप खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के आचार संहिता के अनुच्छेद 2.14 के तहत है, जिसमें गेंद की स्थिति बदलना अपराध माना जाता है।

मैच रेफरी रोशन महानामा की अगुवाई में हुई सुनवाई में फखर जमान ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया। बोर्ड के अनुसार, अगले 48 घंटे में एक और सुनवाई होगी, जिसके बाद अंतिम फैसला सुनाया जाएगा।

मैच में अंपायरों द्वारा पांच रन की पेनल्टी दिए जाने के बाद कराची किंग्स को आखिरी ओवर में 9 रन की जरूरत थी, जिसे टीम ने सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। आलराउंडर अब्बास अफरीदी ने रऊफ की गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। अगर मैच रेफरी आरोपों की पुष्टि करते हैं, तो फखर जमान और लाहौर कलंदर्स टीम को कड़ी सजा का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें निलंबन या भारी जुर्माना शामिल हो सकता है।

# 300 मैच खेलने वाली पहली फ्रेंचाइजी टीम बनी मुंबई इंडियंस

**मुम्बई, 30 मार्च (एजेंसियां)।**

मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ पहले ही मैच में उतरने के साथ ही अपने 300 मैच पूरे कर एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। अब मुम्बई की टीम आईपीएल में 300 मैच खेलने वाली पहली टीम बन गयी है। इस मैच में केकेआर के खिलाफ मुम्बई ने सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने के साथ ही जीत दर्ज कर एक नया रिकार्ड भी बनाया है। आईपीएल ही नहीं विश्व की कोई अन्य फ्रेंचाइजी टीम 300 मैच नहीं खेल पायी है। कर मुम्बई ने केकेआर के खिलाफ मैच में उतरने के साथ ही अपना 278वां आईपीएल मैच खेला। वहीं इससे पहले उसने 22 मुकाबले चैंपियंस लीग टी20 में खेले थे। इस तरह अब तक कुल 300 टी20 मैच मुंबई इंडियंस ने खेलें हैं। मुंबई इंडियंस की बात करें तो यह फ्रेंचाइजी आईपीएल इतिहास की सबसे सफल फ्रेंचाइजी है। इससे पहले मुम्बई ने



आईपीएल में पांच खिताब जीते थे। बाद में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने भी लीग में पांच खिताब जीते। एमआई ने आईपीएल में अब तक 278 मैच खेले हैं। इनमें से 152 मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि 122 मुकाबले हारी हैं। 4 मुकाबले टीम के टाई रहे हैं, जिनमें से दो मैचों में जीत मिली है ।

## आईपीएल के इस सत्र में रनों के मामले में शीर्ष पर हैं रिकेल्टन

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अभी तक हुए मैचों में सबसे अधिक रनों के मामले में मुंबई इंडियंस के ओपनर रयान रिकेल्टन शीर्ष पर हैं। रिकेल्टन ने कोलकाता नाइट, राइडर्स के खिलाफ पहले ही मैच में 81 रन बनाये थे।वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ईशान किशन 80 रन बनाकर दूसरे नंबर पर हैं। शीर्ष पांच खिलाड़ियों में रोहित शर्मा और विराट कोहली भी शामिल हैं। सूची में तीसरे नंबर पर भारत के रोहित



शर्मा हैं। रोहित ने केकेआर के खिलाफ मुकाबले में 78 रन बनाये थे। वहीं विराट ने एसआरएच के खिलाफ 69 रनों की पारी खेली थी। केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मुम्बई के खिलाफ 67 रन बनाए थे और वह शीर्ष पांच में है। आईपीएल 2026 में 1 अप्रैल तक सभी टीमें एक-एक मैच खेल लेंगी। इसके बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप के लिए संभावित सामने आयेंगे। वहीं 2 अप्रैल को केकेआर और सनराइजर्स के बीच मुकाबला होगा। इस मैच से खिलाड़ियों की दावेदारी ऑरेंज और पर्पल कैप के लिए पक्की होनी शुरु हो जाएगी।

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




# गर्मियों में यात्रा करना हुआ आसान, होटल और आनलाइन प्लेटफार्म दे रहे आकर्षक डील्स

**ईजमाईट्रिप सेलः उड़ान और होटल बुकिंग पर 5,000-10,000 रुपए तक की छूट**

नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)।

गर्मियों के मौसम में यात्रा करने वालों के लिए सरोवर होटल्स ने विशेष आफर की घोषणा की है। होटल की इस योजना के तहत यदि कोई मेहमान दो रात रुकता है, तो तीसरी रात मुफ्त दी जाएगी। इसके साथ ही भोजन और पेय पदार्थों पर 15 प्रतिशत तक की छूट भी उपलब्ध है। छोटे बच्चों के लिए भी होटल ने खास सुविधा दी है, 10 साल तक के बच्चे मुफ्त ठहर सकते हैं और भोजन का लाभ उठा सकते हैं। होटल व्यवसायियों का कहना है कि गर्मियां भारत में सबसे मजबूत यात्रा सीजन होती हैं। इस दौरान लोग परिवार के साथ यात्रा करते हैं। हम चाहते हैं कि मेहमान बिना चिंता लंबे समय तक हमारे होटल में ठहरें और हमारी सुविधाओं का आनंद लें। इस आफर का उद्देश्य परिवारों और बड़े समूहों को आकर्षित करना और उन्हें किफायती दरों पर लंबी ठहराई का अनुभव देना है। केवल होटल ही नहीं, बल्कि आनलाइन ट्रैवल प्लेटफार्म भी गर्मियों में यात्रियों को आकर्षित करने के लिए कई तरह के आफर पेश कर रहे हैं। क्लियरट्रिप ने अपने वार्षिक नैशन आन वेकेशन अभियान के तहत घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों, होटल बुकिंग, बस सेवाओं और हालिडे पैकेज पर भारी छूट की पेशकश की है। क्लियरट्रिप की एक अधिकारी ने बताया कि हम चाहते हैं कि हमारी पेशकश से मेहमानों में यात्रा करने का उत्साह बढ़े और वे बिना किसी खटके के अपनी छुट्टियां प्लान कर सकें। हमारे सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पर भी आकर्षक आफर उपलब्ध हैं। ईजमाईट्रिप ने भी गर्मियों के लिए विशेष आफर पेश किया है। कंपनी उड़ानों पर 5,000 रुपये और होटल बुकिंग पर 10,000 रुपये तक की छूट दे रही है। ईजमाईट्रिप के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जैसे-जैसे गर्मियों का सीजन करीब आ रहा है, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थलों की मांग बढ़ रही है। हमारा उद्देश्य ग्राहकों को प्रतिस्पर्धी मूल्य पर यात्रा विकल्प प्रदान करना है। हालांकि, आने वाले समय में यात्रा की लागत बढ़ने की संभावना है। पश्चिम एशिया में युद्ध और तेल की बढ़ती कीमतों के कारण एयरलाइन संचालन महंगा हो सकता है। सरकार द्वारा मुफ्त सीट आवंटन का आदेश हटने और किराया सीमा समाप्त होने से हवाई टिकट की कीमतें बढ़ सकती हैं। ऐसे में होटल और ट्रैवल प्लेटफार्म के आफर्स यात्रियों के लिए समय से पहले बुकिंग करने का लाभदायक अवसर बन गए हैं। गर्मियों के मौसम में यात्रियों के लिए होटल और ट्रैवल कंपनियां आकर्षक छूट, मुफ्त सुविधाओं और पैकेज डील्स के माध्यम से सेवाएं दे रही हैं। यह रणनीति न केवल बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद कर रही है, बल्कि यात्रियों को किफायती और आरामदायक यात्रा विकल्प भी प्रदान कर रही है। इस समय यात्रा की योजना बनाने वाले परिवार और समूह इन आफर्स का फायदा उठा सकते हैं और गर्मियों की छुट्टियों का आनंद ले सकते हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### टाटा सियेरा एसयूवी का बढता जा रहा वेटिंग पीरियड



**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में टाटा मोटर्स की टाटा सियेरा को जबरदस्त रिस्पान्स मिल रहा है। इस एसयूवी की डिलीवरी का वेटिंग पीरियड लगातार बढ़ता जा रहा है। हाल ही में कंपनी ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें गुजरात के अहमदाबाद में एक डीलर द्वारा एक ही दिन में 101 सिएरा एसयूवी की डिलीवरी करते हुए दिखाया गया है। वीडियो में भव्य डिलीवरी सेरेमनी का आयोजन नजर आता है, जहां ग्राहकों को औपचारिक तरीके से चाबियां सौंपी जाती हैं और वे अपनी नई कार लेकर निकलते हैं। यह पहला मौका नहीं है जब इतनी बड़ी संख्या में डिलीवरी की गई हो। इससे पहले मध्य प्रदेश में भी एक दिन में 100 से ज्यादा यूनिट्स की डिलीवरी हो चुकी है। जनवरी 2026 से शुरू हुई डिलीवरी के बाद अब तक 14 हजार से अधिक यूनिट्स ग्राहकों तक पहुंचाई जा चुकी हैं। इंजन विकल्पों की बात करें तो टाटा सियेरा तीन अलग-अलग इंजन आप्शन के साथ आती है। इसमें 1.5 लीटर पेट्रोल इंजन, 1.5 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन और 1.5 लीटर टर्बो डीजल इंजन शामिल हैं, जो अलग-अलग पावर और टार्क आउटपुट के साथ उपलब्ध हैं। ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार मैनुअल और आटोमैटिक ट्रांसमिशन का विकल्प चुन सकते हैं। फीचर्स के मामले में भी यह एसयूवी काफी एडवांस है। इसमें बड़ा पैनोरमिक सनरूफ, ट्रिपल-डिस्प्ले सेटअप, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, वेंटिलेटेड सीट्स और लेवल-2 अडास जैसे आधुनिक फीचर्स दिए गए हैं। इसके अलावा 6 एयरबैग, एलईडी हेडलाइट्स और इलेक्ट्रिक टेलगेट जैसी सेफ्टी और कंफर्ट सुविधाएं भी शामिल हैं।

### इलेक्ट्रिक एसयूवी टोयोटा अर्बन क्रूजर इबेला पेश




**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में कार निर्माता कंपनी टोयोटा ने अपनी पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी टोयोटा अर्बन क्रूजर इबेला को पेश कर दिया है। यह माडल सुजुकी के साथ मिलकर डेवलप किया गया है और हर्टेक्ट ई स्केटबोर्ड प्लेटफार्म पर आधारित है। मिडसाइज सेगमेंट में उतारी गई यह फीचर-लोडेड ईवी जल्द ही कीमत के साथ लान्च की जाएगी। इसका निर्माण गुजरात स्थित प्लांट में किया जा रहा है। बाजार में इसका मुकाबला मारुति सुजुकी ई विटारा, हयूदै क्रेटा इलेक्ट्रिक, एमजी झेडएस ईवी, महिंद्रा एक्सयूवी 400 और टाटा क्रूव ईवी जैसे माडलों से होगा। इस इलेक्ट्रिक एसयूवी में दो बैटरी विकल्प दिए गए हैं। पहला 49 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक है, जो करीब 142 बीएचपी की पावर देता है, जबकि दूसरा 61 केडब्ल्यूएच का बड़ा बैटरी पैक है, जो लगभग 171.5 बीएचपी की पावर और 189 एनएम टार्क जनरेट करता है। बड़ी बैटरी के साथ कंपनी ने 543 किलोमीटर तक की रेंज का दावा किया है। दोनों वेरिएंट में एसी चार्जिंग के साथ सीसीएस2 डीसी फास्ट चार्जिंग का सपोर्ट मिलेगा। इंटीरियर की बात करें तो इसमें 10.25 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और 10.1 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है, जिसमें वायरलेस कनेक्टिविटी मौजूद है। टाप वेरिएंट में वेंटिलेटेड सीट्स, एम्बिएंट लाइटिंग, पैनोरमिक ग्लास रूफ, वायरलेस चार्जिंग और जेबीएल साउंड सिस्टम जैसे प्रीमियम फीचर्स मिलते हैं। रियर सीट्स में स्लाइड और रिक्लाइन फंक्शन भी दिया गया है। कीमत की बात करें तो इसकी एक्स-शोरूम कीमत 17 लाख से 21 लाख रुपये के बीच रहने का अनुमान है।

### डब्ल्यूटीओ का मंत्रिस्तरीय सम्मेलनः ई-कामर्स सीमा शुल्क पर भारत और अमेरिका में मतभेद

**नई दिल्ली।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन सोमवार को संपन्न हुआ।




सम्मेलन में सदस्य देशों ने इलेक्ट्रानिक ट्रांसमिशन (ई-कामर्स) पर सीमा शुल्क न लगाने की मौजूदा प्रथा को 30 जून, 2031 तक बढ़ाने पर विचार किया। लगभग तीन दशकों से सदस्य देश हर दो साल में इस रोक को बढ़ाते रहे हैं। हालांकि, भारत ने राजस्व हानि की चिंताओं का हवाला देते हुए स्थायी रोक लगाने का विरोध किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सीमा शुल्क में छूट के दायरे और संभावित प्रभाव पर सदस्य देशों के बीच कोई आम सहमति नहीं है, इसलिए इसे लगातार आगे बढ़ाने के फैसले पर बारीकी से गौर करना आवश्यक है। अमेरिका सहित अधिकतर विकसित देश इस रोक को स्थायी बनाने के पक्ष में हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर ने वीडियो संदेश में कहा कि अमेरिका केवल कुछ समय के लिए रोक बढ़ाने में दिलचस्पी नहीं रखता। उनका कहना था कि इससे अमेरिकी व्यवसायों को दीर्घकालिक निश्चितता नहीं मिलेगी।

# फाक्सवेगन के नए व अपडेटेड माडल लांच होंगे बाजार में

नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)।

**फाक्सवेगन कंपनी भारतीय बाजार में लगातार नई रणनीतियों पर काम कर रही है। कंपनी कुछ नए और अपडेटेड माडल पेश करने की तैयारी में है। ये नए और अपडेटेड माडल ग्राहकों की बदलती जरूरतों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए लान्च किए जाएंगे। फाक्सवैगन की प्रमुख एसयूवी टायरोन का किफायती संस्करण जल्द भारत में देखने को मिल सकता है। फिलहाल बाजार में इसका उच्च श्रेणी वाला आर-लाइन माडल उपलब्ध है, जिसकी कीमत अधिक है। कंपनी अब इसका कम सुविधाओं वाला संस्करण लाने की तैयारी कर रही है, जिसमें वही इंजन दिया जाएगा, लेकिन शक्ति और कुछ विशेष सुविधाएं कम हो सकती हैं, जिससे यह ज्यादा ग्राहकों की पहुंच में आए।**



पिछले साल लान्च हुई फाक्सवेगन गोल्फ जीटीआई को भारतीय बाजार में शानदार प्रतिक्रिया मिली थी। इसकी सीमित संख्या में आई गाड़ियां बहुत जल्दी बिक गईं। कंपनी अब इसका नया बैच पेश करने की योजना बना रही है, जिसमें कुछ अतिरिक्त सुविधाएं भी जोड़ी जा सकती हैं। यह कार दमदार इंजन और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जानी जाती है, जिससे कार प्रेमियों के बीच इसका आकर्षण बरकरार रहेगा।

इसके अलावा, लोकप्रिय एसयूवी फाक्सवेगन टाइगुन का नया संस्करण भी जल्द बाजार में आ सकता है। परीक्षण के दौरान इसका नया रूप कई बार देखा गया है। इसमें बाहरी डिजाइन में बदलाव के साथ नई ग्रिल, हेडलाइट, बंपर और पहियों का नया स्वरूप देखने को मिल सकता है। अंदरूनी हिस्से में भी कई आधुनिक सुविधाएं जोड़ी जा सकती हैं। इसके अलावा इसमें अलग-अलग इंजन विकल्प दिए जाएंगे, जिससे ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार विकल्प चुन सकेंगे।

### तीन नई एसयूवी लान्च करेगी किआ इंडिया कंपनी




**नई दिल्ली।** कार निर्माता कंपनी किआ इंडिया अब अपने प्रोडक्ट लाइनअप को और मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। किआ इंडिया कंपनी जल्द ही तीन नई एसयूवी लान्च करने की तैयारी में है, जिनमें हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक विकल्प भी शामिल होंगे। किआ की आने वाली गाड़ियों में किआ सोरेंटो हायब्रिड, किआ सेल्टोस जीटीएक्स प्लस और किआ सिरोज ईवी प्रमुख हैं। सोरेंटो हाइब्रिड को कंपनी इस साल के अंत तक लान्च कर सकती है। यह 7-सीटर एसयूवी होगी और भारत में किआ की पहली हाइब्रिड पेशकश मानी जा रही है। इसमें प्रीमियम डिजाइन, बड़े टचस्क्रीन, पैनोरमिक सनरूफ और वेंटिलेटेड सीट्स जैसे फीचर्स मिलने की संभावना है। इसकी कीमत 20 से 30 लाख रुपये के बीच हो सकती है। वहीं, कंपनी अपनी लोकप्रिय किआ सेल्टोस का नया टाप-एंड वेरिएंट जीटीएक्स प्लस भी पेश करने जा रही है। इस वेरिएंट में लेवल-2 अडास और बेहतर सेमी-आटोनामस ड्राइविंग फीचर्स जोड़े जा सकते हैं। साथ ही, इसमें स्पोर्टी डिजाइन और नए कास्मेटिक अपडेट देखने को मिलेंगे, जबकि इंजन पहले जैसा ही रहने की उम्मीद है। इसके अलावा किआ सिरोस ईवी भी जल्द बाजार में दस्तक दे सकती है। यह के1 प्लेटफार्म पर आधारित होगी और इसमें 42 केडब्ल्यूएच और 49 केडब्ल्यूएच बैटरी पैक विकल्प मिलने की संभावना है। इसकी रेंज करीब 369 किलोमीटर तक हो सकती है और कीमत 15 से 20 लाख रुपये के बीच रहने की उम्मीद है।

# आटो सेक्टर में तेज रफ्तार, मार्च 2026 में मजबूत बिक्री की उम्मीद



नई दिल्ली, 30 मार्च (एजेंसियां)।

**आटो सेक्टर में इस समय जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है और मार्च 2026 कंपनियों के लिए मजबूत कमाई का संकेत दे रहा है। एक ब्रोकरेज फर्म की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 के आखिरी महीने में लगभग सभी आटो सेगमेंट में अच्छी ग्रोथ दर्ज होने की संभावना है। बेहतर ग्राहक भावना, बढ़ती आय और आसान फाइनेंसिंग के चलते बाजार में मांग लगातार बनी हुई है।**

**ग्राहक मांग, आसान फाइनेंसिंग और ग्रामीण मजबूती से सभी सेगमेंट में ग्रोथ**

पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में खास मजबूती दिख रही है। प्रमुख कंपनियों की रिटेल बिक्री में करीब 15 प्रतिशत की सालाना बढ़त का अनुमान है, जबकि थोक बिक्री में लगभग 20 प्रतिशत उछाल संभव है। महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स को नए माडल्स से फायदा मिल रहा है, वहीं मांग मजबूत है, हालांकि उत्पादन सीमाएं थोड़ी चुनौती बनी हुई हैं। दोपहिया सेगमेंट में भी तेजी कायम है। शादी के सीजन और पिछले साल के कम आधार के कारण बिक्री में करीब 21 प्रतिशत की ग्रोथ का अनुमान है। हालांकि रायल इनफील्ड पर निर्यात दबाव का असर देखा जा सकता है। कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में भी मांग मजबूत बनी हुई है, जहां लगभग 19 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। माल ढुलाई की बढ़ती जरूरत इस ग्रोथ को सपोर्ट कर रही है। सबसे ज्यादा तेजी ट्रैक्टर सेगमेंट में देखने को मिल रही है। अच्छी बारिश, बेहतर फसल और किसानों की आय में सुधार से ग्रामीण मांग मजबूत हुई है। साथ ही, जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत किए जाने से लागत कम हुई है, जिससे बिक्री में करीब 23 प्रतिशत की बढ़त संभव है। हालांकि, पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण निर्यात पर कुछ दबाव बना रह सकता है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### 21 युद्धपोतों...

भी यही दिखाता है। इसके अनुसार बड़े जमीनी अभियान के लिए भारी संख्या में सैनिक जरूरी होते हैं।

अमेरिका का तीसरा बड़ा टारगेट खार्ग द्वीप है, जहां से ईरान अपने 90 प्रतिशत कच्चे तेल का निर्यात करता है। यहां करीब 3 करोड़ बैरल तेल स्टोर रहता है और यह द्वीप ईरान की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद अहम है।

अमेरिकी योजना के मुताबिक, 2 हजार पैराट्रूपर्स को हवाई रास्ते से इस द्वीप पर उतार सकता है। इसके साथ ही 24 से 36 घंटे तक लगातार हवाई हमले किए जा सकते हैं। इसके बाद पर्शियन गल्फ में मौजूद युद्धपोतों को भी यहां भेजा जा सकता है।

ईरान की जवाबी हमले की तैयारी

ईरान ने भी अपनी तैयारी तेज कर दी है। खार्ग द्वीप के पास 1 लाख सैनिक तैनात किए गए हैं। इसके अलावा समुद्र में माइन बिछाई गई हैं और एंटी एयरक्राफ्ट सिस्टम तैनात किए गए हैं। सबसे बड़ा खतरा यह है कि यदि इस द्वीप पर हमला होता है, तो ईरान तेल भंडार में आग लगा सकता है, जिससे भारी तबाही हो सकती है।

### परमाणु हमले ...

द्वीप को बम से उड़ाकर पूरी तरह तबाह कर देंगे।

ट्रंप का यह अल्टीमेटम ऐसे समय आया है, जब ईरान के साथ जंग में यमन के हूती विद्रोहियों की भी एंट्री हो गई है और होर्मुज स्ट्रेट के बाद बाब अल-मंडेब स्ट्रेट पर भी खतरा मंडराने लगा है। इससे पहले ट्रंप ने 6 अप्रैल तक ईरान के एनर्जी प्लांट पर बमबारी रोकने का आदेश दिया था। ट्रंप ने दावा किया है कि उनकी ईरानी नेताओं के साथ बातचीत चल रही है।लेकिन अब ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा, अमेरिका एक नए और ज्यादा समझदार शासन के साथ गंभीर बातचीत कर रहा है, ताकि ईरान में हमारा सैन्य ऑपरेशन खत्म किया जा सके। इसमें काफी प्रगति हुई है लेकिन अगर किसी भी वजह से जल्द ही कोई समझौता नहीं हो पाता है और होर्मुज स्ट्रेट को तुरंत नहीं खोला जाता है तो हम ईरान में अपने ऑपरेशन को इस तरह खत्म करेंगे कि उनके सभी पावर प्लांट, तेल के कुएं और खार्ग द्वीप और शायद वॉटर डिसैलनाइजेशन प्लांट को बम से उड़ाकर पूरी तरह तबाह कर देंगे।

उधर, खबर है कि सफा ने 27 मार्च को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने एक्स पर लिखा, काफी सोच-विचार के बाद और जब मुझे यह साफ हो गया कि संयुक्त राष्ट्र के कुछ वरिष्ठ अधिकारी यूएन की नहीं, बल्कि एक ताकतवर लॉबी की सेवा कर रहे हैं तो मैंने पैट्रियॉटिक विजन के मुख्य प्रतिनिधि के तौर पर अपनी सभी जिम्मेदारियों से खुद को अलग करने का फैसला किया है।

उन्होंने आगे दावा करते हुए कहा, मैं पूरी ईमानदारी के साथ उस चीज का हिस्सा नहीं बन सकता, न ही उसका गवाह बन सकता हूं, जो इस समय हो रहा है। खासकर ऐसे समय में जब यूएन संभावित परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की तैयारी कर रहा है।

**युद्ध चाहना एक बीमार मानसिकता है**

अपने इस्तीफे के बाद उन्होंने एक और पोस्ट की, जिसमें यही आरोप दोहराया। इस पोस्ट में उन्होंने तेहरान की एक तस्वीर साझा की। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, मुझे नहीं लगता कि लोग इस स्थिति की गंभीरता को समझ पा रहे हैं, क्योंकि यूएन ईरान में संभावित परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की तैयारी कर रहा है।

उन्होंने लिखा, यह तेहरान की एक तस्वीर है। यह उन अनपढ़, सेना में कभी काम न करने वाले और युद्ध-प्रेमी लोगों के लिए है, जो इस पर बमबारी करने के ख्याल से ही खुश हो रहे हैं। यह कोई कम आबादी वाला रेगिस्तान नहीं है। यहां परिवार हैं, बच्चे हैं, पालतू जानवर हैं। आम मेहनतकश लोग हैं जिनके अपने सपने हैं। युद्ध चाहना एक बीमार मानसिकता है।

उन्होंने कहा कि तेहरान लगभग एक करोड़ लोगों का शहर है। जरा कल्पना कीजिए कि वॉशिंगटन, बर्लिन, पेरिस, लंदन या किसी भी ऐसे शहर पर परमाणु बम गिरा दिए जाएं। सफा ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा कि इस जानकारी को लीक करने के लिए मैंने अपना कूटनीतिक करियर छोड़ दिया। मैंने अपना काम छोड़ दिया ताकि मैं मानवता के खिलाफ इस अपराध का हिस्सा न बनूं और न ही इसका गवाह बनूं। ऐसा मैंने न्यूक्लियर विंटर को रोकने की कोशिश में किया, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए।

उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना को बहुत गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि इसे केवल आम लोग ही रोक सकते हैं।

### कैग रिपोर्ट...

रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुबंध के प्रावधानों को लागू करने में विफलता के कारण 74.19 करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऐसा खर्च हुआ जिसे टाला जा सकता था।

रिपोर्ट में बताया गया है कि कोयला लिंकेज की खराब योजना के कारण 25.59 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च हुआ, जबकि सतह परिवहन शुल्क को ठीक से तय न करने के कारण कोयला उपभोक्ताओं से 1,078.94 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वसूली हुई। अंकेक्षण में पर्यावरण संबंधी चिंताओं को भी उठाया गया, जिसमें यह बताया गया कि ठेकेदार ज़रूरत के हिसाब से अपशिष्ट उपचार संयंत्र लगाने में नाकाम रहे और भूमिगत भराई के कामों में ज़्यादा टिकाऊ विकल्पों के बजाय नदी की रेत का इस्तेमाल किया गया। कैग ने सुझाव दिया कि राज्य सरकार घाटे में चल रहे उद्यमों के कामकाज की समीक्षा करे, खातों को समय पर अंतिम रूप देना सुनिश्चित करे, कॉर्पोरेट प्रशासन तंत्र को मज़बूत करे और एसपीएसई में परिचालन दक्षता में सुधार करे।

### खाद्य मिलावट...

जिससे लाभार्थियों को बेहतर गुणवत्ता वाला चावल मिलना सुनिश्चित हुआ। सरकार ने किसानों को महीन धान उगाने के लिए प्रोत्साहित भी किया, जिसके लिए उन्हें प्रति क्विंटल 500 रुपये का बोनस दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा, अभी इस योजना से लगभग 3.39 करोड़ लोगों को फ़ायदा मिल रहा है, और भविष्य में यह संख्या बढ़कर 90 प्रतिशत तक पहुँच सकती है। उन्होंने आगे कहा कि सभी पात्र आवेदकों को राशन कार्ड जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल गरीबों के लिए भोजन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, बल्कि काला-बाज़ार के माफ़िया पर भी रोक लगाने में मदद मिली है।

उन्होंने कहा कि इस योजना की सफलता नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा लगातार की गई निगरानी के कारण ही संभव हो पाई है। इस योजना के लागू होने का एक साल पूरा होने के मौके पर श्री रेड्डी ने कहा कि सरकार का अगला ध्यान छात्रों की शिक्षा और पोषण की गुणवत्ता में सुधार करने पर होगा। उन्होंने फ़सलों में विविधता को बढ़ावा देने की ज़रूरत पर भी ज़ोर दिया, और किसानों को व्यावसायिक फ़सलों की ओर मुड़ने तथा फ़सल चक्र के तरीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, हम किसानों पर फ़सल उगाने के तरीकों को बदलने का दबाव डालने के बजाय, उनके बीच जागरूकता पैदा करेंगे।

### नौसेना कर्मी ...

पुलिस ने बताया कि अभियुक्त रविंद्र ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि उसने हत्या से एक दिन पहले चाकू खरीदा था।

**पड़ोसियों में दहशत, पीड़ित पिता ने मांगा न्याय**

रविंद्र के ही फ्लोर पर स्थित एक अन्य फ्लैट के मालिक रामकृष्ण ने बताया कि पुलिस के आने के बाद क्या हुआ। रामकृष्ण ने कहा, रविवार रात करीब 8 बजे, कुछ लोग हमारे बगल वाले फ्लैट की खिड़की से झाँक रहे थे। जब हमने उनसे पूछा कि क्या हो रहा है, तो उन्होंने बताया कि उन्हें सूचना मिली है कि कोई अपराध हुआ है...वे पुलिस वाले हैं। उन्होंने रविंद्र के बारे में कुछ जानकारी माँगी।

पुलिस के अंदर जाने के बाद, हमने राहत की साँस ली क्योंकि सब कुछ साफ था और कोई संदिग्ध परिस्थिति नहीं थी। हालाँकि, कुछ ही देर बाद, फ्रिज और एक सूटकेस में धड़ और शरीर के कुछ अंग मिले। उन्हें देखते ही हम डर के मारे भाग गए। वह डर आज भी कम नहीं हुआ है।

फ्लैट के मालिक श्रीराममूर्ति ने बताया कि ठीक एक साल पहले, 29 मार्च 2025 को, उन्होंने यह घर रविंद्र को किराए पर दिया था, और हत्या की खबर पर उन्हें पूरे एक साल बाद फिर से इसी घर में आना पड़ा। श्रीराममूर्ति ने कहा, वह घर किराए पर लेने आया था। उसने अपना पहचान पत्र दिखाया। पता चला कि वह नौसेना में कार्यरत था। उसने बताया कि उसका गृहनगर राजाम है। मैं भी बीएसएफ का सेवानिवृत्त कर्मचारी हूं। मैंने तुरंत उसे घर किराए पर दे दिया। वह हर महीने किराया देता था। उसने बताया कि उसकी पत्नी भी अपने मायके चली गई है। इसके बाद यह सब हो गया।

बीबीसी ने मोनिका के पिता वेणुगोपाल राव से बात की है। वेणुगोपाल राव ने कहा, उसने हमारी बेटी को जान से मारने के इरादे से घर बुलाया था। इसीलिए उसने पहले से ही चाकू और स्प्रे खरीद रखे थे। मेरी बेटी अब कभी वापस नहीं आएगी। कम से कम उसे उसके अपराध के लिए कड़ी सजा दी जाए। इससे मेरी बेटी को कम से कम मन की शांति तो मिलेगी।

गाजुवाका के सीआई पार्थसारथी ने कहा कि मोनिका के परिवार के सदस्यों से और अधिक जानकारी जुटाई जा रही है और मामले की जांच जारी है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, मंगलवार, 31 मार्च, 2026

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# श्री श्याम मंदिर, काचीगुड़ा में एकादशी संकीर्तन का भव्य आयोजन



**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री श्याम मंदिर, काचीगुड़ा में जय श्री श्याम–श्याम मेरे श्याम समिति द्वारा आयोजित 'एकादशी संकीर्तन' कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और पूरे परिसर में भक्ति रस की धारा प्रवाहित होती रही।कार्यक्रम के दौरान भजन गायक प्रतीक दाहिमा एवं विक्रम चंदन ने अपने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत श्याम भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति में लीन हो गए।

इस अवसर पर श्याम मंदिर सेवा समिति के मंत्री इन्द्रकरण अग्रवाल, सहमंत्री रामदेव अग्रवाल, अनिल सोनी, कपिल अग्रवाल, करण शर्मा, प्रखर अग्रवाल तथा जीवन भाटी ने भजन गायकों एवं अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर संकीर्तन में भाग लिया।

# पहाड़ी श्याम मंदिर, महिन्द्रा हिल्स में 'एकादशी अरदास संकीर्तन' भजन संध्या आयोजित



**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पहाड़ी श्याम मंदिर, महिन्द्रा हिल्स के तत्वावधान में विमल कुमार–विशाल कुमार पितलिया परिवार द्वारा 'एकादशी अरदास संकीर्तन' भजन कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति रस का आनंद लिया।कार्यक्रम के दौरान भजन गायक चेतन दाहिमा ने अपने मधुर एवं भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजनों पर श्रद्धालु देर तक भक्ति में लीन रहे।इस अवसर पर मंदिर के चेयरमैन अरुण डाकोतिया, ट्रस्टी प्रवीण अग्रवाल, अशोक सिंघानिया, राहुल अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल तथा प्रवीण अग्रवाल (नाचारम) ने भजन गायक, आयोजक परिवार एवं उपस्थित अतिथियों का सम्मान किया।






फाइनेंसियल डिस्ट्रिक्ट के बड़े आवासीय सोसाइटी माई होम विहंग में भजन जैमिंग का एक अनूठा आधुनिक ट्रेंडिंग कार्यक्रम हुआ। यहां भजनों को आर्केस्ट्रा की मदद से आधुनिक ट्यून पर बजाया गया। लोगों ने भारी संख्या में संगीत व नृत्य का आनंद उठाया। आयोजक शिवाली गुप्ता, कलाकार सौम्या, चारुकेशी, नितिन व जिम्मी के साथ गौरव गुप्ता व शिप्रा शामिल रहे।

# केबीआर पार्क के पास सेवा का संदेश: राधे-राधे ग्रुप द्वारा अन्नदान



**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** राधे–राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में इंडो अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के सामने स्थित केबीआर पार्क के पास नियमित अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से जरूरतमंदों को भोजन वितरित कर मानवता और सेवा की भावना को साकार किया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने कहा कि अन्नदान सबसे बड़ा पुण्य कार्य माना जाता है और इससे समाज में आपसी सहयोग व करुणा की भावना को बल मिलता है। राधे–राधे ग्रुप लगातार इसी उद्देश्य के साथ सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।इस अवसर पर सुभाष अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, संजय गुप्ता, तेजप्रकाश अग्रवाल , जयप्रकाश शारदा, हरीश तोलाराम हिंदूजा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर सेवा कार्य में अपना योगदान दिया।

# अग्रवाल समाज तेलंगाना की जिला समन्वयकर्ताओं की बैठक आयोजित



**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज तेलंगाना की जिला समन्वयकर्ताओं की एक बैठक अग्रवाल समाज कार्यालय, राघव रत्ना टावर में आयोजित की गई।

**जोन स्तर पर बैठकों के आयोजन के निर्देश**

एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से समाज के मीडिया एवं प्रेस चेयरमैन मुकुंद लाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में पाँचों जिला समन्वयकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे अपने–अपने जोन की शाखाओं के पदाधिकारियों एवं केंद्रीय समिति सदस्यों की बैठक आयोजित कर समाज की गतिविधियों की जानकारी दें।

**विशेष सदस्यता अभियान पर जोर, 11 रुपये वार्षिक शुल्क**

उन्होंने बताया कि वर्तमान में अग्रवाल समाज द्वारा विशेष सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत यदि आर्थिक परिस्थिति के कारण कोई अग्रबंधु समाज की किसी शाखा का सदस्य बनने में असमर्थ है, तो ऐसे अग्रबंधुओं को सीधे केंद्रीय शाखा का सदस्य बनवाया जाए, जिसकी वार्षिक शुल्क मात्र 11 रुपये निर्धारित की गई है।

**सहायता योजनाओं और सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी**

बैठक में आगे बताया गया कि समाज द्वारा अग्रबंधुओं की सहायता हेतु कई योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिनमें बिजली के इंडक्शन चूल्हे, सिलाई मशीन, शिक्षा सहायता, चिकित्सा सहायता, एकल नारी पेंशन को सुदृढ़ बनाना तथा जगन्नाथ पुरी की निःशुल्क यात्रा आदि शामिल हैं। शाखाओं के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर वॉटर कूलर लगवाना भी इन योजनाओं में सम्मिलित है।

**शाखा–केंद्र समन्वय पर विशेष बल**

शाखाओं की बैठकों में प्राप्त पदाधिकारियों के सुझावों पर जिला समन्वयकर्ताओं की आगामी बैठक में चर्चा कर उन्हें क्रियान्वित किया जाएगा। शाखाओं एवं केंद्र के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना ही जिला समन्वयकर्ताओं का मुख्य उद्देश्य रहना चाहिए।बैठक में अग्रवाल समाज के पश्चिम जोन के जिला कोऑर्डिनेटर मुकुंद लाल अग्रवाल, उत्तर जोन के सुनील चोखानी, दक्षिण जोन की श्रीमती अल्का मिंडा, सेंट्रल जोन के अजय तुलसीयान एवं सभी जोनों के प्रमुख सुरेश कुमार टंडन उपस्थित थे। अंत में उनके धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ।

# वीणावादिनी साहित्यिक समिति द्वारा लक्ष्मण सिंह की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**हैदराबाद, 29 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** वीणावादिनी साहित्यिक समिति द्वारा आर्य प्रतिनिधि सभा के उपप्रधान स्व. लक्ष्मण सिंह जी की पुण्य स्मृति में रविवार, 29 मार्च 2026 को सायं 5 बजे आर्यकन्या विद्यालय, सुल्तान बाजार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में स्वर्गीय लक्ष्मण सिंह जी के सुपुत्र ठाकुर दिनेश सिंह जी अपने परिवार सहित उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा का वातावरण अत्यंत भावुक एवं श्रद्धामय रहा, जहाँ उपस्थित जनों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

वीणावादिनी साहित्यिक समिति के अध्यक्ष श्री श्रुतिकान्त भारती, परामर्शदाता प्रदीप जाजू, भक्तराम जी सहित समिति के अन्य सदस्य झेलम सिंह, सुषमा रानी, मधु रानी, विनय चौहान, किशोर सिंह, अस्मिता रानी, अमृता रानी, शशिराज सिंह, रज्जू सिंह, नंदकिशोर, उषा रानी, डी. प्रेमराज, उत्कर्ष सिंह, अभिनव सिंह, अभिजीत सिंह, सत्यनारायण काकड़ा, अनिल कुमार गुप्ता, पूनम जोघपूरी, राज कुमार यादव, डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव, डॉ. प्रतापरुद्र, भरत मुनि, विश्वनाथ पेंटर, उदयमोहन सिंह, सत्यनारायण शर्मा, अशोक कुमार जाजू, प्राची सिंह जेड़ी, मनोहर सिंह, सतीश सिंह एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने स्वर्गीय लक्ष्मण सिंह जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके सामाजिक, सांस्कृतिक और संगठनात्मक योगदान को याद किया। समिति के अध्यक्ष श्री श्रुतिकान्त भारती ने उनके जीवन चरित्र को विस्तार से उजागर किया तथा अंत में सभी का आभार व्यक्त किया।

स्व. लक्ष्मण सिंह जी के सुपुत्र ठाकुर दिनेश सिंह ने अपने पिताश्री के जीवन से जुड़ी अनेक प्रेरणादायक घटनाओं को साझा किया, जिससे उपस्थित जन भावुक हो उठे। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के परामर्शदाता श्री प्रदीप जाजू एवं श्री भक्तराम जी का विशेष सहयोग रहा।पूरे कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुधा ठाकुर द्वारा प्रभावी एवं सुव्यवस्थित रूप से किया गया।

# पद्मश्री वेणु आनंदचारी द्वारा 'हिंदी जर्नलिस्ट असोसिएशन' की मासिक पत्रिका का भव्य विमोचन



**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि जोड़ते हुए हिंदी जर्नलिस्ट असोसिएशन की मासिक पत्रिका के 'चैत्र मास अंक' का भव्य विमोचन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री सम्मानित वेणु आनंदचारी ने पत्रिका का लोकार्पण करते हुए इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायी पहल बताया।समारोह को संबोधित करते हुए पद्मश्री वेणु आनंदचारी ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता समाज का दर्पण है और यह पत्रिका न केवल सूचनाओं के आदान–प्रदान का माध्यम बनेगी, बल्कि समाज में सकारात्मक जागरूकता तथा नैतिक मूल्यों की स्थापना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने पत्रिका की विषयवस्तु, संपादन और सामाजिक सरोकारों की प्रशंसा करते हुए इसे हिंदी पत्रकारिता के लिए एक सार्थक प्रयास बताया। वक्ताओं ने आशा व्यक्त की कि यह पत्रिका पत्रकारों और पाठकों के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बनेगी।इस अवसर पर पत्रिका के प्रधान संपादक महेश अग्रवाल, असोसिएशन के उपाध्यक्ष भरत भट्ट, कोषाध्यक्ष रिद्धिश जागीरदार तथा श्री गुरु कॉलेज के चेयरमैन सुदर्शन अलूवाला सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर असोसिएशन के उपाध्यक्ष भरत भट्ट ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आवाज प्रशिक्षक डॉ. आजाद हुए प्रतिष्ठित 'वॉइस कोच अवार्ड' से सम्मानित



**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** स्वरादर्शिनी फिल्म और टीवी डबिंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रसिद्ध आवाज प्रशिक्षक डॉ. एम. ई. आजाद को 30 मार्च 2026 को आयोजित सीएसएम 9 टीवी चैनल के गोल्डन स्टार अवार्ड्स समारोह में प्रतिष्ठित वॉइस कोच अवार्ड से सम्मानित किया गया।यह सम्मान डॉ. आजाद को आवाज प्रशिक्षण और डबिंग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट एवं दीर्घकालीन योगदान के लिए प्रदान किया गया। वर्ष 2015 से अब तक वे हजारों अभ्यर्थियों को पेशेवर आवाज प्रशिक्षण प्रदान कर चुके हैं और 10,000 से अधिक लोगों को प्रशिक्षित कर चुके हैं।डॉ. आजाद द्वारा प्रशिक्षित अभ्यर्थियों में राजनेता, नौकरशाह, चिकित्सक, दृष्टिबाधित व्यक्ति तथा इच्छुक एंकर शामिल हैं। उनकी प्रशिक्षण पद्धति ने अनेक प्रतिभागियों को अपने करियर में आत्मविश्वास और पेशेवर दक्षता प्राप्त करने में सहायता की है।

स्वरादर्शिनी फिल्म और टीवी डबिंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आज आवाज प्रशिक्षण एवं डबिंग सेवाओं के क्षेत्र में एक प्रमुख मंच के रूप में स्थापित हो चुका है। संस्थान के माध्यम से कई उभरते कलाकारों और पेशेवरों को उद्योग में अवसर प्राप्त हुए हैं।

# निःशुल्क रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज पश्चिमी शाखा के तत्वावधान में रविवार सुबह अत्तापुर के लक्ष्मीनगर स्थित पर्ल हाइट्स अपार्टमेंट में एक निःशुल्क रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मानवीय पहल का उद्देश्य स्थानीय निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।शिविर में शहर के विभिन्न प्रतिष्ठित अस्पतालों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने भाग लिया। डॉक्टरों ने न केवल मरीजों की जांच की, बल्कि स्थानीय लोगों को विभिन्न प्रकार की बीमारियों, उनके लक्षणों और बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जागरूक किया। इस शिविर की मुख्य विशेषता यह रही कि यहाँ आने वाले लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सहायता और परामर्श उपलब्ध कराया गया। बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया, जो आपातकालीन स्थिति में जरूरतमंदों के काम आएगा। अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज सेवा के संकल्प के साथ इस तरह के आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे।

# टेकीशो ने हैदराबाद के टी–हब में एआई ग्रोथ समिट 2026 का किया आयोजन, लीडक्यूएआई बीटा वर्जन किया लॉन्च





**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** टेकीशो इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड ने हैदराबाद के टी–हब में टेकीशो एआई ग्रोथ समिट 2026 का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में दिग्गज हस्तियों, उद्योग जगत के नेताओं, तकनीकी विशेषज्ञों और नवप्रवर्तकों ने हिस्सा लिया। शाम का मुख्य एजेंडा एआई नवाचार, उत्पाद विकास और उद्यम परिवर्तन पर केंद्रित रहा।

तेलंगाना के आईटी मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने विधानसभा की व्यस्तताओं के कारण वीडियो संदेश के माध्यम से अपना समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने तकनीकी विकास और नवाचार के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।समिट के दौरान कई प्रमुख वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। श्रीनिवास राव महंकाली ने एआई उत्पाद नवाचार में तेलंगाना की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रो. अर्जुन राव कुथाडी ने स्टार्टअप इकोसिस्टम में नवाचार को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। किरण कुमार कोमाटला ने प्रौद्योगिकी के माध्यम से व्यावसायिक परिवर्तन के दृष्टिकोण साझा किए।कार्यक्रम में दिलीप बिल्डकॉन, फाइनेंशियल सॉफ्टवेयर एंड सिस्टम्स, सर्विसनाउ और अन्य प्रतिष्ठित कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।इस समिट का सबसे महत्वपूर्ण आकर्षण टेकीशो के एआई उत्पाद पोर्टफोलियो– लीडक्यू.एआई, ईमेलक्यू.एआई और वोकलक्यू.एआई का प्रदर्शन रहा। कंपनी ने अपने फ्लैगशिप उत्पाद लीडक्यू.एआई का बीटा वर्जन लॉन्च किया। यह टूल व्यवसायों को मीटिंग्स और कार्यक्रमों के दौरान होने वाली बातचीत को समझने और उनके आधार पर स्मार्ट फॉलो–अप के जरिए अवसरों में बदलने में मदद करता है।टेकीशो ने घोषणा की कि लीडक्यू.एआई का एंटरप्राइज वर्जन जल्द ही गूगल प्ले स्टोर और एपल ऐप स्टोर पर उपलब्ध होगा। यह समिट टेकीशो की उस सोच को भी दर्शाता है जहाँ युवा टीमें मेंटरशिप और प्रयोगों के माध्यम से भविष्य के एआई समाधान तैयार कर रही हैं।

# वीरभूमि राजस्थान को नमन, अन्नदान से बढ़ाया मानवीय भाव : नंदकिशोर अग्रवाल



**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**

राधे–राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में बेगम बाजार स्थित भू देवी माता मंदिर के पास गौशाला के सामने राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर विशेष अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जरूरतमंदों को भोजन वितरित कर सेवा, संवेदना और मानवता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए नंदकिशोर अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान शौर्य, वीरता, त्याग, तपस्या और बलिदान की पावन धरती है। यहां की गौरवशाली परंपराएं और संस्कृति हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हम उस महान मिट्टी से जुड़े हुए हैं और उसके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सेवा कार्य को सफल बनाया और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। इस प्रकार के अन्नदान कार्यक्रम समाज में सहयोग, करुणा और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर महेश अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल, गोविंद राम पचेरिया, अनिल अग्रवाल, महेश गोयल, अरुण विजयवर्गीय, नीलम विजयवर्गीय, विनोद तोषनीवाल, शर्मिला अग्रवाल, मीना गोयल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# जंगल विठोबा मंदिर गोलीगुड़ा शिवाजी नगर में हिन्दू सम्मेलन शताब्दी समारोह सम्पन्न



**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भाग्यनगर पुरोहित ब्राह्मण संघ अध्यक्ष आचार्य गोविन्द राजू कुंभारे महराज द्वारा आयोजित हिन्दू सम्मेलन सभा शिवाजी नगर गोलीगुडा अध्यक्ष बृजेश कुमार की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि तेलंगाना प्रदेश संस्कृति के अध्यक्ष वेदमूर्ति नरेन्द्र कापरे गुरूजी ने सभा को संबोधित किया।

प्रधान वक्ता आयुष नडीमपल्ली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दक्षिण भारत मुख्य प्रचारक महिला वक्ता श्रीमती नंदावती भोंसले परेश रावल विंध्याचल ब्राह्मण सेवा संघ अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय दोनों उपाध्यक्ष रामशिरोमणि तिवारी अवधेश द्विवेदी बेगम बाजार रामपाल पाण्डेय शिवनारायण त्रिपाठी गोपाल महाराज जगदीश शर्मा बेगम बाजार पार्षद जी शंकर यादव वी पांडू यादव किशन यादव भंवरलाल आशीष ब्यास आदि कई गणमान्य सदस्यों ने भाग लिया।

आज की सभा का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करते हुए वैदिक ब्राह्मणों द्वारा विश्व कल्याण हेतु स्वस्ति वाचन शांति पाठ विश्व जो तीसरे युद्ध की दहलीज पर है उसे रोकने के लिए सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ भारत देश के अलग अलग प्रदेशों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिवाजी महाराज के जयघोष जय भवानी पतंजलि के योगा आचार्यों द्वारा योगा किया गया और दक्षिण भारत कन्नड़ मराठी केरल के परंपरिक वेशभूषा बालाजी वेंकटेश जी स्त्रोत अन्नपूर्णा कुम्हारे सविता जी की महिला टीम द्वारा किया गया कथक और कुचिपुड़ी मलयालम नृत्य तेलंगाना का बतुकम्मा बिहार का छठ पर्व श्री सीताराम विवाहोत्सव जगन्नाथ भगवान पूरी उड़ीसा की झांकी मप्र विंध्याचल क्षेत्र और अवध उत्तर प्रदेश ब्रज की राधा कृष्ण नृत्य झांकी शिवतांडव नटराज झांकी नृत्य राजस्थानी डांडिया गुजराती गरबा एक ही मंच पर पूरे भारत के अलग अलग प्रदेशों की संस्कृति को प्रदर्शित किया गया।

सभा विशेष रूप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी पूर्ण होने पर अंत में प्रसादी वितरित की गई भारतीय व्यवस्था खानपान वेशभूषा एवं सनातनी पूजा पद्धति अपनाने पर सभी सदस्यों ने अपनी बात रखी। आज हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# मालीदास कार्यकर्ताओं की समय से पहले गिरफ्तारी




**बांसवाड़ा, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना कार्यकर्ताओं के साथ चलो विधानसभा घेराव कार्यक्रम के दौरान, बांसवाड़ा के मालीदास कार्यकर्ताओं को बांसवाड़ा शहर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

उस दिन मुख्यमंत्री के घोषणापत्र में घर बनाने के लिए 250 गज ज़मीन की आर्थिक मदद, 25000 की पेंशन और छह गारंटी कार्ड देने का वादा किया गया था, जिसमें कहा गया था कि सरकार कार्यकर्ताओं की उम्मीदों के मुताबिक काम करेगी। लेकिन आज भी, इंदिराम्मा के 27 महीने के शासन के बाद भी, कार्यकर्ताओं को ऐसी कोई गारंटी नहीं दी गई है।

अब भी, किए गए वादे के अनुसार, राज्य कमेटी ने विधानसभा घेराव कार्यक्रम वापस ले लिया ताकि सरकार को बताया जा सके कि वह किए गए वादों को पूरा करे।

यह देखते हुए, पुलिस ने शहरी कार्यकर्ताओं को समय से पहले गिरफ्तार कर लिया और उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया। इस गिरफ्तारी में उदुथा गंगाधर, गुप्ता गंजीवार, चंदू, कलवा श्याम, एडुबल्ली कृष्ण, भास्कर गौड़, अगलावे दत्तू, पल्लीकोंडा साईकुमार, गंगाराम कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

# वरिष्ठ पत्रकार सूर्य प्रकाश तिवारी को लायंस राष्ट्रीय पुरस्कार




**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट (320 ए) और सर्वजना सुखीनो भवन्तु संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में सिकंदराबाद लायंस भवन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सूर्य प्रकाश तिवारी को लायंस राष्ट्रीय उगादि पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 320 ए के जिला गवर्नर लायन डॉ महेंद्र कुमार रेड्डी के हाथों पुरस्कार प्रदान किया गया।कार्यक्रम समिति के चेयरपर्सन लायन डॉ ई एस सूर्य नारायण ने बताया कि सूर्य प्रकाश तिवारी पिछले 30 वर्षों से हिंदी–तेलुगु पत्रकारिता में सक्रिय हैं। माओवाद पर विशेष रिपोर्टिंग के साथ राजनीतिक, सामाजिक, मनोरंजन क्षेत्रों में राष्ट्रीय चैनलों पर पहचान बनाई। वर्तमान में फ्रीलांस जर्नलिस्ट के रूप में डिजिटल चैनल चला रहे हैं व राष्ट्रीय अखबारों में लेखन कर रहे हैं।उन्होंने बेटी वंशी तिवारी को प्रेरित किया, जो देश की सबसे कम उम्र की पत्रकार हैं। कार्यक्रम में लॉयंस फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सुरेश जगनानी, द्वितीय वाइस लायन डॉ शशिकांत, डिस्ट्रिक्ट जीईटी कोआर्डिनेटर के यादय्या, लायन उमा शंकर रेड्डी, लायन नैना देवी उपस्थित रहे। विभिन्न क्षेत्रों के योगदानियों को सम्मानित किया गया।

# उमिया माता मंदिर में द्वितीय पाटोत्सव भव्यता से सम्पन्न



**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

उमिया धाम मेडचल में श्री कच्छ कडवा पाटीदार समाज हैदराबाद सिकंदराबाद द्वारा संचालित दक्षिण भारत का प्रथम माँ उमिया माता के भव्य मंदिर में पाटीदार बंधुओं की कूलदेवी माँ उमिया माता, श्री लक्ष्मीनारायण भगवान, श्री देवादि देव नरमदेश्वर महादेव, गणेश एवं हनुमानजी की प्राण प्रतिष्ठा को दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में द्वितीय पाटोत्सव का आयोजन किया गया। श्री कच्छ कडवा पाटीदार समाज हैदराबाद सिकंदराबाद द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञाप्ती में प्रचार प्रसार संयोजक जसवंत सुराणी ने बताया गया कि समाज चेयरमेन कांतीलाल गोर–ाणी, अध्यक्ष अमृतभाई छाभैया एवं कार्यक्रम संयोजक करमशी पटेल के नेतृत्व में द्वितीय पाटोत्सव के अंतर्गत बुधवार दि. 25 मार्च 2026 को विभिन्न विधी विधान प्रारंभ हुआ। अवसर पर कलश पूजन, अभिषेक, मूल विग्रह अभिषेक, हवन, ध्वजारोहण आदि कार्यक्रम सम्पन्न हुए। प्रथम धर्म ध्वज ट्रस्टी जयंतीभाई रामजी सुराणी ने दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया।

अध्यक्ष अमृत शामजी छाभैया, संगठन अध्यक्ष करमशीभाई दयाभाई पटेल, ट्रस्टी अध्यक्ष कांतिलाल गोराणी, ट्रस्टी दामोदार शिवजी लिंबानी, ट्रस्टी मणिलाल नारायण सोमजियाणी, ट्रस्टी जयंतीलाल हिरजी लिंबानी, महामंत्री रमेश विशाम राजानी, मंत्री पुरूषोत्तम पटेल, मंत्री रमेश लिंबानी, कोषाध्यक्ष शामजीभाई पटेल, नवनीत नारायण सेठीया, केशवलाल पटेल, मोहनभाई छाभैया, मुख्य यजमान शंकर कांतिलाल भावानी, रमेश पटेल, प्रवीण पटेल, पंडित प्रशान्त महाराज के साथ उत्सव मूर्ति का जल अभिषेक किया गया। पंचामृत स्नान, 151 कलश जल अभिषेक, गृहलक्ष्मी द्वारा किया गया।

अवसर पर सायं 4 बजे से माताजी की चौकी हैदराबाद के मशहुर कलाकार विजय जाजु एन्ड टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में टीटीडी धर्म प्रचार बोर्ड सदस्य स्वामी कमलेश महाराज, लव फॉर काऊ चेरमेन जसमत पटेल, ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, जैन माईनोरिटी काउन्सील संयोजक मुकेश चौहान आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। अवसर पर सभी दान दाता, सहयोगी, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी का अभिनंदन किया गया।

# युवा पत्रकार वंशी तिवारी को लायंस राष्ट्रीय उगादि पुरस्कार



**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट (320 ए) और सर्वजना सुखीनो भवन्तु संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में सिकंदराबाद लायंस भवन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में युवा पत्रकार वंशी तिवारी को लायंस राष्ट्रीय उगादि पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 320 ए के जिला गवर्नर लायन डॉ महेंद्र कुमार रेड्डी के हाथों पुरस्कार प्रदान किया गया।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सिर्फ 12 साल की उम्र में पत्रकारिता शुरू करने वाली वंशी तिवारी पिछले पांच सालों से जनता के मुद्दे उठाते हुए कई बड़े नेताओं के इंटरव्यू ले चुकी हैं। वंशी को हाल ही में इंटरनेशनल पत्रिका शी साइट ग्लोबल की ओर से फ्लाई हाई वुमन अवॉर्ड मिला है।

इससे पहले राजस्थानी स्नातक संघ, विप्र फाउंडेशन के प्रतिभा अवॉर्ड के अलावा इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज है।कार्यक्रम में लॉयंस फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सुरेश जगनानी, द्वितीय वाइस लायन डॉ शशिकांत, डिस्ट्रिक्ट जीईटी कोआर्डिनेटर के यादय्या, चेयरपर्सन लायन डॉ ई एस सूर्य नारायण, लायन उमा शंकर रेड्डी, लायन नैना देवी उपस्थित रहे। विभिन्न क्षेत्रों के योगदानियों को सम्मानित किया गया।

# सीरवी समाज शमशाबाद बडेर में नवरात्रि महोत्सव सम्पन्न





**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

सीरवी समाज शमसाबाद बडेर में नवरात्रि के पावन पर्व पर कन्या पुजन और हवन की पूर्ण आहुति का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।पूर्ण आहुति हवन में निम्न समाज के बन्धुओं ने भाग लिया। अध्यक्ष – आसाराम गेहलोत, सचिव – भोल–ाराम पंवार, पूर्व सचिव भूराराम परिहार, कोषाध्यक्ष – राजूराम परिहार – सन्तोष देवी, सलाहकार – हरिराम परिहारिया, नर्मदा देवी।हवन पूर्ण आहुति के बाद माता जी आरती, बाबा रामदेव जी आरती के साथ कन्या पुजन कार्यक्रम की शुरुवात हुई। सभी कन्याओं को आसन ग्रहण करवाकर, भोजन प्रसाद करवाया, समाज पदाधिकारी गण व बन्धुओं द्वारा दान दक्षिणा दे कर कार्यक्रम को पूर्ण किया। और पधारें हुए सभी भाई बन्धुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया व बड़े ही उत्साह के साथ समाज बन्धुओं ने मिल कर रामनवमी पर्व मनाया गया।

# संत और शास्त्र के सामने कभी तर्क नहीं करना चाहिए : वसंत विजयानंदगिरि महाराज






**बीकानेर, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जग प्रसिद्ध श्रीपार्श्व पद्मावती शक्ति पीठ तीर्थ धाम कृष्णगिरि तमिलनाडु के पीठाधीश्वर, परम् पूज्यपाद जगद्गुरु 1008 आचार्यश्री वसंत विजयानंद गिरि जी महाराज के पावन सान्निध्य में ग्यारह दिवसीय चैत्र नवरात्रि पर्व महोत्सव एवं श्री महालक्ष्मी महायज्ञ सहित जीवनोत्थान करने वाले विविध प्रसंगों विशेष के साथ श्रीमद् देवी भागवत कथा महापुराण की यहां गंगाशहर मार्ग स्थित अग्रवाल भवन परिसर में पूर्णाहुति हर्षोल्लास से जय जय गुरुदेव के जैकारों से सम्पन्न हुई।

इससे पहले बीकानेर के इतिहास में पहली बार भक्ति और सनातन शक्ति के व्यापक एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जगद्गुरु के अनेक चमत्कारिक प्रसंगों ने हजारों लोगों के जीवन को नई दिशा प्रदान कर आध्यात्म एवं दैवीय कृपामय प्रार्थना ऊर्जा का डंका बजाया। यही नहीं, विशाल आध्यात्मिक पताका फहराने वाले इस भव्य कीर्तिमानी कार्यक्रम में हवन पूजन, जाप, अनुष्ठान के ग्यारह दिनों में हुए करोड़ों मंत्रों से अभिमंत्रित पवित्र जल कलश से जगद्गुरु का अतिदिव्य महाभिषेक वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया।

शक्तिपीठाधिपति, आध्यात्म योगीराज, जगद्गुरु श्री वसंत विजयानंद गिरि जी महाराज ने इस दौरान मातृशक्ति एवं मां की भक्ति की संगीतमय व्याख्या की। साथ ही अपने सिद्ध साधक संत से पूर्व के जीवन घटनाक्रमों के प्रसंग का बेहद ही सरलता से भावपूर्ण प्रधानता के साथ विस्तार से उल्लेख किया। जीवन की ऊर्जा के निर्धारण पर प्रकाश डालते हुए पूज्य गुरुदेवश्रीजी बोले, संतों के चरणों में रहने पर ईश्वरीय ऊर्जा व तरंगों के साथ निश्चित रूप से शुभ प्रगति प्रदायक भाव प्राप्त होते हैं। अच्छी संगत की तरंगे जीवन को श्रेष्ठता की ओर परिवर्तित कर इस जन्म ही नहीं अगले जन्म के लिए भी निश्चित ही कल्याणकारी साबित होती है, जो कि तिर्यंचो के लिए भी संभव नहीं है। शास्त्रों एवं अनुभवी संतों की बातें कभी गलत नहीं हो सकती। प्रसंगवश मय उदाहरण के उन्होंने यह भी कहा कि संतों के समक्ष अज्ञानतावश किया गया तर्क बुद्धि को नष्ट0भ्रष्ट करता है। संत और शास्त्र के समक्ष कभी तर्क नहीं करने की अभिनव सीख देते हुए मंत्र शिरोमणि, जगद्गुरु श्री वसंत विजयानंद गिरि जी महाराज ने कहा कि भक्ति रुपी हथोड़ा व श्रद्धा रुपी भाव व्यक्ति में होना महत्ती आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संसार का परिणाम कुछ भी हो सकता है, मगर ईश्वर अथवा गुरु भक्ति का परिणाम सदैव शुभ ही होगा। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति अपने गलत किए हुए का सच्चाई से पछतावा कर लेता है तो उसके दुख पाप मिट जाते हैं। इस मौके पर संतश्रीजी ने कहा कि मनुष्य के कई रुप हैं वह अपने विकार दुनिया से छुपाता है। दौराने कार्यक्रम पूर्णाहुति से पहले पूज्यपाद जगद्गुरु श्रीजी ने आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में विविध रुपों में सेवाएं प्रदान करने वाले समस्त गुरुभक्तों, कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद स्वरुप नगद राशि, उपहार व प्रसाद, माल्यार्पण, शाल्यार्पण कर सत्कार कर सेवा शिरोमणि, सेवा चक्रवर्ती इत्यादि पदवियों के साथ सम्मान किया। साधना के शिखर पुरुष पूज्यपाद जगद्गुरु श्रीजी ने कृष्णगिरी वाली राजराजेश्वरी देवी पद्मावती मां के चरणों की शक्ति की भक्ति करने अर्थात् मंदिर के आगामी जून माह में 26 से 28 तारीख तक वार्षिकोत्सव ध्वजा की जानकारी देते हुए सभी को भावभरा कृष्णगिरी आगमन का आमंत्रण भी दिया।

उन्होंने कहा कि नागलोक की पट्टरानी मां पद्मावतीजी पर सच्चा विश्वास, श्रद्धा, भक्ति चमत्कारिक रुप से सुख, आरोग्य एवं समृद्धि प्रदायक सिद्ध होगी। भक्ति की शक्ति के रुप में बीकानेर सहित महाराष्ट्र, एमपी, उड़ीसा, कर्नाटक, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, सहित अनेक प्रदेशों के लोगों के रोग मुक्ति, ऋण मुक्ति व कार्य सिद्धी के चमत्कारिक अनुभवों के प्रसंगों का उल्लेख भी स्वयं बड़ी संख्या में सैकड़ों भक्तों ने उत्साह से जय जय गुरुदेव के जैकारे लगाते हुए किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जगद्गुरु श्रीजी वसंत विजयानंद गिरि जी महाराज के अधिकृत वेरीफाइड यूट्यूब चैनल थॉट योगा से लाइव प्रसारित किया गया।

# भगवान महावीर जयंती पर सेवा, संयम और करुणा का संदेश: राधे-राधे ग्रुप का अन्नदान




**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन, पिलर नंबर 1265 ए के पास भगवान महावीर की 2625वीं जयंती के पावन अवसर पर नियमित अन्नदान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर सेवा, समर्पण और मानवता की भावना के साथ जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया गया, जिससे वातावरण में पुण्य और श्रद्धा का भाव व्याप्त हो गया।कार्यक्रम में काचीगुड़ा जैन समाज की ओर से भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई गई और अन्नदान कार्यक्रम में भाग लेकर धार्मिक आस्था एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के आदर्शों को आत्मसात करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

भगवान महावीर ने अपने जीवन के माध्यम से अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और करुणा का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने सिखाया कि प्रत्येक जीव के प्रति दया और सम्मान का भाव रखना ही सच्चा धर्म है। जियो और जीने दो का उनका सिद्धांत मानवता को शांति, सहिष्णुता और प्रेम की दिशा में अग्रसर करता है। उनके विचार हमें यह प्रेरणा देते हैं कि हम अपने जीवन में संयम, सादगी और सेवा को अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

इस अवसर पर राम प्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, प्रीतिका अग्रवाल, जय प्रकाश सारड़ा, भगत राम गोयल, महेश अग्रवाल, मनीष चिंडालिया, कैलाश केडिया, निर्मला केडिया, संजय अग्रवाल, सविता अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, भाकर राम कुमावत, कमला देवी कुमावत, संजय गोयल, किरण गोयल, जगन इलाकुर्ती, महेश गुप्ता, मनीष गुप्ता एवं निशा गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# माँ दुर्गा की कृपा संस्था ने की शिकंजी सेवा




**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** माँ दुर्गा की कृपा संस्था द्वारा ग्रीष्म कालीन नींबू की शिकंजी की सेवा हाई कोर्ट के सामने रंगलाल पीरामल जी के घर के बाहर की गई। इस सेवा में राजेंद्र अग्रवाल बड़ेगांववाले, विनय किशोर तायल संस्था के संस्थापक, शारदा अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, रेखा तुलसियान, प्रीति अग्रवाल ने मिलकर सेवा की। संस्थापक विनय किशोर तायल ने सभी की सेवा के लिए आभार व्यक्त किया।आगामी हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य घांसी बाजार में हर साल की तरह इस साल भी बिरयानी की सेवा की जाएगी। इसमें शीतल जूस भी वितरित किया जाएगा। सभी सेवा करने वालों से समय पर पधारकर सेवा को सफल बनाने का निवेदन किया गया।

# मशहद हवाई अड्डे पर अमेरिकी हमला : भारत जा रहा ईरान का मानवीय सहायता विमान क्षतिग्रस्त



**तेहरान, 30 मार्च (एजेंसियां)।** ईरानी सूत्रों के अनुसार, ईरान के मशहद हवाई अड्डे पर संयुक्त राज्य अमेरिका के हवाई हमले के दौरान महान एयर से संबंधित एक विमान कथित तौर पर क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे भारत के लिए नियोजित मानवीय मिशन बाधित हो गया। मशहद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़ा यह विमान मानवीय सहायता अभियान के तहत नई दिल्ली जाने वाला था।ईरान के सूत्रों ने बताया, मशहद हवाई अड्डे पर अमेरिकी हवाई हमले में महान एयर का विमान क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि विमान मानवीय सहायता के लिए दिल्ली जाने वाला था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मानवीय सहायता सामग्री, जिनमें दवाइयां भी शामिल हैं, के परिवहन में सहायता के लिए विमान के आने वाले दिनों में नई दिल्ली पहुंचने की उम्मीद थी। इस व्यवधान ने बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच क्षेत्र में नागरिक और सहायता संबंधी विमानन संचालन की सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी हैं।यह घटना ऐसे समय में घटी है जब ईरान भारत के साथ मानवीय सहायता सामग्री भेजने का समन्वय कर रहा है। इस महीने की शुरुआत में, भारत ने ईरान को सहायता सामग्री भेजी, जो दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे सभ्यतागत और मानवीय संबंधों को रेखांकित करती है, जैसा कि नई दिल्ली ने बताया है।

**महान एयर पर पहले से ही हैं अमेरिकी प्रतिबंध**

हालांकि अमेरिका की ओर से इस कथित हमले की तत्काल कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इस घटनाक्रम से वाशिंगटन और तेहरान के बीच पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों में और तनाव आने की संभावना है। दोनों देशों के बीच लंबे समय से तनाव रहा है, खासकर ईरान की क्षेत्रीय गतिविधियों और सैन्य क्षमताओं को लेकर। ईरान की सबसे बड़ी निजी एयरलाइनों में से एक, महान एयर, अक्सर अंतरराष्ट्रीय जांच के दायरे में रही है। यह एयरलाइन कई वर्षों से अमेरिकी प्रतिबंधों के अधीन है, जिसमें वाशिंगटन द्वारा ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) से संबंध होने का आरोप लगाया गया है और इस पर क्षेत्रीय संघर्षों से जुड़े कर्मियों और उपकरणों के परिवहन का आरोप लगाया गया है।इस एयरलाइन से जुड़ी पिछली घटनाओं ने भी वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। पिछले वर्षों में, अमेरिकी सेना और ईरानी विमानन के बीच तनाव के कारण हवाई झड़पें हुई हैं, जिससे संघर्षग्रस्त हवाई क्षेत्रों में उड़ान भरने वाले नागरिक विमानों के सामने आने वाले जोखिम और भी स्पष्ट हो गए हैं। मशहद में हुए इस हमले से क्षेत्रीय संघर्षों के दौरान ईरान में विमानन बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने वाली घटनाओं की श्रृंखला में एक और कड़ी जुड़ गई है। पहले के संघर्षों में भी ईरानी हवाई अड्डों पर विमानों को नुकसान पहुंचा है, जिससे ऐसे वातावरण में नागरिक विमानन संपत्तियों की असुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# बीआरएस विधायी परिषद् सदस्यों को विरोध प्रदर्शन करने पर सदन से किया निलंबित

**हैदराबाद, 30 मार्च (सुभ लाभ ब्यूरो)।** राघव कंस्ट्रक्शंस से जुड़ी अवैध खनन गतिविधियों और राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी को बर्खास्त करने की मांग को लेकर तेलंगाना विधान परिषद में विरोध प्रदर्शन के बाद सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कई विधान परिषद सदस्यों (एमएलसी) को निलंबित कर दिया गया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही बीआरएस सदस्य नारेबाजी करने लगे और सभापति के आसन के पास पहुंच गये। वे हाथों में तख्तियां लिये हुए थे और कथित अनियमितताओं की जांच के लिए सदन की समिति गठित करने की मांग कर रहे थे। उन्होंने कैबिनेट मंत्री रेड्डी को तत्काल हटाने की भी मांग की।

हंगामे पर प्रतिक्रिया देते हुए सूचना प्रौद्योगिकी एवं उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने कहा कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पहले ही विधानसभा में घोषणा कर चुके हैं कि इस मामले की सीबीसीआईडी जांच के आदेश दिये जायेंगे। उन्होंने बीआरएस सदस्यों से सदन के सुचारू संचालन में सहयोग करने का आग्रह किया।परिषद के सभापति गुट्टा सुखेंदर रेड्डी ने भी प्रदर्शनकारी सदस्यों से व्यवस्था बनाये रखने और सदन की गरिमा का सम्मान करने की बार-बार अपील की। इन अनुरोधों के बावजूद विरोध जारी रहा, जिसके बाद सरकार को उन्हें निलंबित करने का प्रस्ताव लाना पड़ा।

इसके बाद सभापति ने प्रदर्शन कर रहे एमएलसी को दिन भर के लिए निलंबित करने की घोषणा की।निलंबित सदस्यों में श्री मधुसूदनाचारी, श्री तक्किलापल्ली रविंदर राव, श्री देशपति श्रीनिवास, श्री एल. रमणा, श्री यादव रेड्डी, श्री नवीन कुमार रेड्डी, श्री मधुसूदन, सुश्री वाणी देवी, श्री पोचमपल्ली श्रीनिवास रेड्डी और श्री एम. कोटि रेड्डी शामिल थे।

निलंबन के बाद बीआरएस एमएलसी ने गन पार्क तक मार्च निकाला, जहां उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध जारी रखा। उन्होंने पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी की बर्खास्तगी की अपनी मांग दोहरायी और राघव कंस्ट्रक्शंस की कथित अवैध खनन गतिविधियों की सदन की समिति या उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश से विस्तृत जांच कराने की मांग की।

# माओवादियों को सार्वजनिक जीवन की मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए : शिवधर रेड्डी

**हैदराबाद, 30 मार्च (सुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के डीजीपी शिवधर रेड्डी ने सोमवार को जारी एक बयान में उन माओवादी नेताओं और कैडर से अपील की जो अभी भी छिपे हुए हैं कि वे हथियार डाल दें और पब्लिक लाइफ की मेनस्ट्रीम में और अपने परिवारों के साथ रहें। उन्होंने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और दोस्तों से अपील की कि वे माओवादियों में शामिल लोगों को पब्लिक लाइफ की मेनस्ट्रीम में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें शांति का रास्ता चुनने के लिए जागरूक करें। हॉस्टल स्टाफ पर छात्रों से मारपीट और नशे में ड्यूटी का आरोप उन्होंने बताया कि तेलंगाना पुलिस उन सभी लोगों को सुरक्षा, सम्मान और सभी ज़रूरी मदद देने के लिए कमिटेड है जो लाइफ की स्ट्रीम में लोगों के संपर्क में आते हैं।

# पाकिस्तान में शांति वार्ता शुरू, मगर पश्चिम एशिया में और उलझती जा रही लड़ाई

**इस्लामाबाद, 30 मार्च (एजेंसियां)।** अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते के लिए रविवार को पाकिस्तान में बातचीत शुरू हो गई। सऊदी अरब, तुर्किये और इजिप्ट के विदेश मंत्री भी इस्लामाबाद पहुंचे हैं। एक दिन पहले यानी शनिवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भरोसा जताया था कि युद्ध कुछ हफ्तों में खत्म हो जाएगा। पश्चिम एशिया में बढ़ती अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी से जुड़ी चिंताओं को भी उन्होंने यह कहकर खारिज कर दिया था कि युद्ध में थल सेना की जरूरत नहीं पड़ेगी।यह पूरा सीन उम्मीदें जगाने वाला भी लगता है, लेकिन इसके साथ कई बड़ी चुनौतियां भी हैं। ईरान ने अमेरिका से सीधे बातचीत से इनकार कर दिया है, यानी अब दोनों के बीच संवाद के लिए कोई तीसरा पक्ष सामने आएगा। अमेरिका ने समझौते के लिए जो शर्तें रखी हैं, ईरान उससे इनकार करता आ रहा है। सऊदी अरब का रुख भी अहम रहेगा, क्योंकि खबरें हैं कि वह ईरान पर अमेरिकी हमले के समर्थन में भी था।शनिवार को ईरान समर्थित हूती विद्रोही भी जंग में शामिल हो गए, जिससे स्थिति और जटिल हो गई। इस्राइल भले ही कह रहा है कि वह कई मोर्चों पर लड़ने के लिए तैयार है, लेकिन हालात पहले से अलग और चुनौतीपूर्ण हैं। लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ टकराव जारी है, जबकि गाजा में भी बड़े पैमाने पर सैन्य संसाधन लगे हुए हैं। ऐसे में इेरायल पर दबाव और बढ़ता दिख रहा है।इस लड़ाई का दुनिया पर बुरा असर पड़ रहा है। यूं तो डॉनल्ड ट्रंप दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से अमेरिका पर फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन वहां गैस के दाम 35% तक बढ़ चुके हैं, जबकि यूरोप में 80% तक। यह मामूली बात नहीं कि ट्रंप को सत्ता संभाले सवा साल भी नहीं हुए और उन्हें तीसरी नो किंग्स रैली का सामना करना पड़ा।



## कार्टून कॉर्नर





शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, NVSS SUBRAHMANYA KUMAR, S/o NUTULAPATI SARVESWARA RAO, R/o B-51, AWHO Colony, Ved Vihar, Subhash Nagar, Trimulgherry, Secunderabad, Telangana-500015, I have to change my Name from NVSS SUBRAHMANYA KUMAR to NUTULAPATI VSS SUBRAHMANYA KUMAR for all purpose vide affidavit dated: 28/03/2026.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Army No. 15825861P L/Nk Santosh Kumar Mishra of AOC Records, C/o.56 APO that my mother name and DOB is changed from SHARDA KUMARI, DOB:05-03-1972 to ASHA DEVI, DOB:01-01-1972.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, SARASWATHI K Mother of No.15331203W Hav RATHEESH K, Residing at Vill:Keezhur, PO: Punnad, Teh:Thalassery, Dist: Kannur, Kerala-670703 have changed my name and DOB from K SARASWATHY, DOB:01-07-1963 to SARASWATHI K, DOB:20-07-1961 vide affidavit dt:30-03-2026 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, No.16123506H Nk MITHUN MANIYAPPAN, Residing at Veliyil House, Vill and PO:Pathirappally, Teh:Ambalappuzha, Dist:Alappuzha, Kerala-688521 that my father name is changed from MANIYAPPA VS to MANIYAPPAN and my mother name & DOB is changed from SHEELAMMA, DOB:10-05-1969 to SHEELA MANIYAPPAN, DOB:20-05-1969 vide affidavit dt:30-03-2026 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, No.15334705K Hav NAGAPPA RAYAGONNAVAR, Residing at House No.210/A, Janata Plot, Vill:Ballur, Tq:Navalgund, PO:Jawoor, Dist: Dharwad, Karnataka-582208 that my father name & DOB is changed from ANAPPA, DOB:01-07-1959 to ANANDAPPA SIDDAPPA RAYAGONNAVAR, DOB:01-01-1962 and my mother name & DOB is changed from SAVAKKA, DOB:01-07-1964 to SAVAKKA ANANDAPPA RAYAGONNAVAR, DOB:08-09-1970 vide affidavit dt:30-03-2026 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. 637087 S, Rank: Ex. SERGEANT, Name:SRIGIRI BARA PRASAD AIYODORAI, S/o. SRIGIRI JANANANDA BHUSHANAM, residing at H.NO. 40-448-B-1A, GIPSON Colony, VILL:KURNOOL, PO: KURNOOL, TEH: KURNOOL, DIST: KURNOOL, STATE: A.P- 518001, That I have to Correction my name from SRIGIRI BARA PRASAD AIYODORAI, ( as per Service Record) to SRIGIRI VARA PRASAD AIYODORAI (New Name) due to wrongly mentioned in my PPO Copy and Service Records

**CHANGE OF NAME**
I, KOMMU YAMUNA Wife of NO 2621562P Rank SEP Name KOMMU RAMBABU, R/o at 290 Block, Asifnagar, Mehdipatnam, Hyderabad, TS. I have changed my Name from BHOGAPURAPU YAMUNA to KOMMU YAMUNA and as per Govt ID proofs for all future purposes. The same is declaration sworn before advocate notary by K Satyanarayana dated 25 Mar 2026.

**CHANGE OF DOB**
I, SAVITRI DEVI Mother of No. 15332208F Hav PRAVEEN KUMAR, Residing at Vill:Nagla Narayan, Post:Bihar, Taluk:Sadar, Dist: Farrukhabad, Uttar Pradesh-205302 have changed my Date of Birth from 01-07-1953 to 12-06-1955 vide affidavit dt:30-03-2026 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, JITENDRA SINGH PAL Father of No. 15332208F Hav PRAVEEN KUMAR, Residing at Vill:Nagla Narayan, Post:Bihar, Taluk:Sadar, Dist:Farrukhabad, Uttar Pradesh-205302 have changed my name and DOB from JS PAL, DOB:01-07-1948 to JITENDRA SINGH PAL, DOB:21-03-1946 vide affidavit dt:30-03-2026 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

# तेलंगाना विधानसभा ने किया अल्पकालिक कामगार कल्याण विधेयक पारित, यूनिक आईडी, कल्याण बोर्ड का प्रस्ताव



**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना में अल्पकालिक कामगारों के अधिकारों की रक्षा के मकसद से राज्य विधानसभा ने तेलंगाना प्लेटफॉर्म-आधारित गिग वर्कर्स पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा और कल्याण विधेयक, 2026 पारित कर दिया।

श्रम, रोजगार और खान मंत्री जी विवेक वेंकटस्वामी ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इस कानून का मकसद डिजिटल अर्थव्यवस्था में अल्पकालिक कामगारों को कानूनी मान्यता देना और उनके अधिकारों, गरिमा और आजीविका की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

यह विधेयक अनिवार्य करता है कि प्लेटफॉर्म कंपनियां नियमित रूप से कामगारों का विवरण जमा करें और हर तीन महीने में इलेक्ट्रॉनिक रिटर्न दाखिल करें। इसमें नियमों का पालन न करने पर कड़ी सजा का भी प्रावधान है, जिसमें पहली बार उल्लंघन करने पर 50,000 रुपये से लेकर बार-बार अपराध करने पर 1.5 लाख रुपये तक का जुर्माना शामिल है और इसके अलावा बकाया राशि का पांच गुना तक अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया जा सकता है। इस कानून का एक अहम प्रावधान अल्पकालिक कामगारों के लिए एक समर्पित कल्याण बोर्ड की स्थापना करना है। हर पंजीकृत कामगार को एक यूनिक पहचान संख्या (आईडी) जारी की जाएगी। प्लेटफॉर्म लेनदेन पर 1-2 प्रतिशत का शुल्क लगाकर एक कल्याण कोष भी बनाया जाएगा, जिसका उपयोग बीमा, पेंशन और मातृत्व सहायता जैसे लाभ प्रदान करने के लिए किया जाएगा। इस कोष का 5 प्रतिशत तक हिस्सा प्रशासनिक खर्चों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

मंत्री ने कहा, इस विधेयक के माध्यम से हम अल्पकालिक कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा और अधिकारों को सुनिश्चित कर रहे हैं, जो आधुनिक डिजिटल अर्थव्यवस्था का एक अभिन्न अंग हैं। इस कानून से तेलंगाना भर में लाखों डिलीवरी कर्मियों, कैब ड्राइवरों और अन्य प्लेटफॉर्म-आधारित कामगारों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

## तेलंगाना विधानसभा ने केंद्र से पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच शांति के लिए कदम उठाने का आग्रह किया



**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना विधानसभा ने सोमवार को एक प्रस्ताव पारित करके केंद्र सरकार से पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को रोकने और वैश्विक शांति की बहाली के लिए कदम उठाने का आग्रह किया।

यह प्रस्ताव उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने पेश किया, जिन्होंने ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते युद्ध और इसके दूरगामी वैश्विक परिणामों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने सदन में कहा कि यह संघर्ष कई रूप ले रहा है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर रहा है, विशेष रूप से कच्चे तेल के उत्पादन और परिवहन पर इसके प्रभाव के कारण। उन्होंने कहा कि आपूर्ति श्रृंखलाओं में रुकावटें, भारत सहित विभिन्न देशों में पहले से ही महसूस की जा रही हैं।श्री विक्रमार्क मल्लू ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका, इजराइल, ईरान और लेबनान से जुड़ी शत्रुता में लड़ाकू विमानों, बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन जैसे उन्नत हथियारों का इस्तेमाल देखा गया है, जिससे बड़े पैमाने पर तबाही हुई है।

रिपोर्टों के अनुसार लगभग 4,000 निर्दोष लोगों की जान चली गई है। इसके साथ ही भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उपमुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि हालांकि तत्काल मानवीय क्षति प्रभावित क्षेत्रों तक ही सीमित हो सकती है लेकिन इसका आर्थिक प्रभाव वैश्विक प्रकृति का है और एशियाई देशों को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।उन्होंने आगाह किया, अगर इस युद्ध को अभी नहीं रोका गया, तो दुनिया का भविष्य गंभीर खतरे में पड़ जाएगा। यह तीसरे विश्व युद्ध का रूप ले सकता है, जिससे मानवता के लिए एक गंभीर खतरा पैदा हो जाएगा।

## राज्यपाल ने मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग यूनिट को दिखाई हरी झंडी



**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने मेदक के लोगों से मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग सेवाओं का लाभ उठाने की अपील करते हुए इस बात पर जोर दिया कि कैंसर का जल्दी पता चलने से लोगों की जान बचाई जा सकती है।राज्यपाल ने लोक भवन में सोमवार को एक प्रारंभिक कैंसर स्क्रीनिंग मोबाइल गाड़ी को हरी झंडी दिखाई। इस गाड़ी का मकसद मेडक संसदीय क्षेत्र में सभी लोगों तक आसानी से जांच की सुविधा पहुंचाना है।

इस पहल को भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने अपने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) धन से आर्थिक मदद दी है।

यह मोबाइल यूनिट जिसमें आमतौर पर अस्पतालों में मिलने वाली कैंसर की जांच की आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं, इस तरह से बनाई गई है कि यह कैंसर का जल्दी पता लगाने वाली सेवाएं सीधे लोगों के दरवाजे तक पहुंचा सके।उल्लेखनीय है कि यह पहल मेडक के सांसद रघुनंदन राव के कहने पर शुरू की गई है। इस गाड़ी को उपलब्ध करवाने में श्री राव ने अहम भूमिका निभाई है।

राज्यपाल शुक्ला ने लोगों को संबोधित करते हुए कैंसर का जल्दी पता लगाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर कैंसर का समय पर पता चल जाए तो मरीजों के बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है।उन्होंने कहा, आमतौर पर अस्पतालों में मिलने वाली सुविधाएं अब इसी गाड़ी में उपलब्ध हैं। कैंसर का जल्दी पता चलने और समय पर इलाज होने से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने मेडक के लोगों से इस सेवा का लाभ उठाने की अपील की।

## सरपंच संघम के समर्थन में उतरे रामचंदर राव, पंचायत निधि तुरंत जारी करने की मांग



**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष एन. रामचंदर राव ने सोमवार को राज्य सरकार से ग्राम पंचायतों को लंबित निधि तुरंत जारी करने की मांग की और आरोप लगाया कि 15वें वित्त आयोग के तहत आवंटित राशि को दूसरे मद में भेजा जा रहा है।श्री रामचंदर राव ने नामपल्ली स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि तेलंगाना सरपंच संघम के सदस्यों ने उनसे मुलाकात कर अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार द्वारा गांवों के विकास के लिए जारी की गयी राशि वास्तविक लाभार्थियों तक नहीं पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के दौरान भी ऐसी ही स्थिति थी, जब पंचायतों के लिए आवंटित निधि को दूसरे मद में भेज दिया जाता था, जिससे सरपंच आर्थिक संकट में फंस गए थे।उन्होंने कहा, कई सरपंचों ने विकास कार्यों के लिए कर्ज लिया और बाद में कानूनी मामलों का सामना करना पड़ा। कुछ इतने परेशान हो गए कि उन्होंने आत्महत्या तक कर ली। वर्तमान कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए रामचंदर राव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सत्ता में आने के बाद सरपंचों को न्याय दिलाने और लंबित बकाया राशि का भुगतान करने का आश्वासन दिया था।

उन्होंने कहा, उस आश्वासन को दो वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक धनराशि जमीनी स्तर तक नहीं पहुंची है। उन्होंने आगे कहा कि गांवों की स्थिति और खराब हो गई है और पंचायतें सफाई कर्मचारियों जैसे बुनियादी स्टाफ को वेतन देने में भी असमर्थ हैं। उन्होंने कहा, छोटे विकास कार्यों के लिए भी कोई वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं है। श्री रामचंदर राव ने मांग की कि ग्राम पंचायतों के सभी लंबित बकाया तुरंत जारी किए जाएं और केंद्र की राशि को न रोका जाए और न ही अन्यत्र मोड़ा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि धनराशि सीधे ग्राम पंचायतों को उनके निर्धारित उद्देश्य के लिए हस्तांतरित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरपंच संघम के साथ मजबूती से खड़ी है और उनके अधिकारों के लिए चल रहे आंदोलन का समर्थन करती है।

## राज्यपाल से मिले बीआरएस के विधायक और एमएलसी

### तेलंगाना के मंत्री के खिलाफ अवैध खनन और भूमि हड़पने के मामले में जांच का आदेश देने की अपील की




**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों और एमएलसी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला से मुलाकात की और मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी से जुड़े कथित अवैध खनन और भूमि हड़पने के मामलों की जांच की मांग करते हुए एक औपचारिक शिकायत सौंपी।

प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन में राज्यपाल से लगभग एक घंटे तक मुलाकात की और मंत्री से जुड़े अवैध खनन कार्यों और अवैध भूमि अतिक्रमणों सहित बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए दस्तावेज प्रस्तुत किए। बीआरएस नेताओं ने मंत्री को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश की देखरेख में स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री से जुड़ी एक कंपनी ने नियमों का उल्लंघन करते हुए खनन गतिविधियां चलाईं, जिनमें जलाशय जलग्रहण क्षेत्र जैसे प्रतिबंधित क्षेत्र भी शामिल हैं। यह खनन गतिविधियां प्रदूषण संबंधी स्वीकृतियां, लाइसेंस और अन्य वैधानिक अनुमतियां प्राप्त किए बिना की गईं, जिसके कारण सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी आरोप लगाया कि जब यह मुद्दा विधानसभा में उठाया गया, तो सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार ने मामले को सुलझाने के बजाय बीआरएस विधायकों को निलंबित और निष्कासित कर दिया। सरकार ने संबंधित फर्म को नोटिस जारी करके अनियमितताओं को स्वीकार किया है।बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने आरोपों की विधायी समिति जांच या स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की। उन्होंने राज्य एजेंसियों पर अविश्वास व्यक्त किया और कहा कि मंत्री के पद पर बने रहने के दौरान निष्पक्ष जांच सुनिश्चित नहीं की जा सकती। उन्होंने राज्यपाल से हस्तक्षेप करने और उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश या केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से निष्पक्ष जांच का निर्देश देने का आग्रह किया।

## तेलंगाना के उत्तम चावल योजना को मुख्यमंत्री का पूर्ण समर्थन : मंत्री




**हैदराबाद, 30 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के नागरिक आपूर्ति मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार की प्रमुख उत्तम चावल योजना मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की दूरदृष्टि का प्रत्यक्ष परिणाम है और इस पहल का पूरा श्रेय मुख्यमंत्री को ही जाता है।विधानसभा परिसर में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत के दौरान मंत्री ने कहा कि सरकार गरीबों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए इस योजना पर सालाना 14,560 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। मंत्री ने कहा कि इस योजना से वर्तमान में राज्य की लगभग 86 प्रतिशत आबादी लाभान्वित हो रही है जिसमें लगभग 3.39 करोड़ लोगों को उत्तम गुणवत्ता वाला चावल मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार का लक्ष्य लोगों को उनकी पसंद के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है। व्यापक कल्याणकारी संरचना पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में शुरू की गई खाद्य सुरक्षा पहल तेलंगाना में प्रभावी ढंग से लागू की जा रही है।उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने अब तक किसानों के बैंक खातों में सीधे 40,000 करोड़ रुपये जमा किया है जबकि खरीदे गए अनाज का भुगतान 48 घंटों के अंदर किया जा रहा है जिससे किसानों को समय पर वित्तीय सहायता मिल रही है। श्री रेड्डी ने पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा कि राशन कार्ड बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के जारी किए जा रहे हैं और उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रत्येक पात्र आवेदक को राशन कार्ड उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा, सरकार हर जरूरतमंद परिवार तक पहुंचने एवं सम्मान के साथ खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।









स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.